वर्ल्ड ओबेसिटी फैडरेशन द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार मोटापा रीढ़ की हड्डियां और शरीर के अन्य जोड़ों की समस्याओं को बढ़ा देता है। मोटापे के कारण स्पाइन का एलाइनमेंट असंतुलित हो जाता है। इसलिए मोटापे पर नियंत्रण रखना आवश्यक है। इसके लिए अपने खान-पान और व्यायाम पर ध्यान दें।

स्पाइनल हेल्थ और व्यायाम

विभिन्न प्रकार के व्यायामों से स्पाइन में लचीलापन बना रहता और इनके समीप स्थित मांसपेशियां मजबूत रहती हैं। अपनी उम्र और शारीरिक क्षमता के अनुसार व्यायाम करें। इस क्रम में फिटनेस एक्सपर्ट से परामर्श लें। अपनी क्षमता के अनुसार नियमित रूप से टहलें, साइकिल चलाएं, स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज करें और तैराकी भी कर सकते हैं। योगासन भी रीढ़ की हड्डी को लचीला और सशक्त बनाने में मदद करते हैं, किंतु इनकी शुरुआत किसी योग विशेषज्ञ से परामर्श लेकर करना चाहिए।



डाइट भी है इंपॉर्टेंट

हरी पत्तेदार सब्जियों को अपने आहार में वरीयता दें। पत्तेदार सब्जियों में विटामिंस और मैग्नीशियम पर्याप्त मात्रा में पाए जाते हैं, जिनसे आपकी रीढ़ की हड्डी के समीप स्थित मांसपेशियां मजबूत होती हैं और रीढ़ की हड्डियां सशक्त बनी रहती हैं। जंक फूड्स और अत्यधिक चिकनाई युक्त खाद्य पदार्थ रीढ़ की सेहत के लिए नुकसानदेह हैं। इसके अलावा अपने खान-पान में दूध, दही, पनीर, बटर, छाछ आदि को शामिल करें। दूध और इससे निर्मित उत्पादों में कैल्शियम पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है, जो रीढ़ को मजबूत रखने में सहायक हैं। इसके अलावा खट्टे फल, बींस, नट्स और ड्राय फ्रूट्स का सेवन करें।

सही पोस्चर में सोएं

पेट के बल सोने से रीढ़ को वांछित विश्राम नहीं मिल पाता। पेट के बल सोना नींद लेने की खराब स्थिति है, जो आपकी रीढ़ की मांसपेशियों और वर्टेब्रा पर सबसे अधिक दबाव डालती है। ऐसा इसलिए क्योंकि यह स्थिति आपकी रीढ़ के प्राकृतिक वक्र को समतल कर देती है। यही नहीं, पेट के बल सोने से आपको गर्दन भी मोड़नी पड़ सकती है। नतीजतन गर्दन और कमर में दर्द हो सकता है। अगर आप पेट के बल या करवट के बल सोते रहने के आदी हैं, तो भी अपने सोने की शुरुआत पीठ के बल लेटकर ही करें।

बैठने का सही तरीका

देर तक बैठे रहने के कारण 'स्पाइनल एलाइनमेंट' बनाए रखने में दिक्कत होती है। इससे बचने के लिए कुछ बातों पर गौर करें।

- अगर आपकी डेस्क जॉब है तो थोड़ी देर के बाद उठकर आस-पास टहल लें।
- बैठने के दौरान पीठ को सहारा दीजिए और जरूरत पड़ने पर पीठ के पीछे गद्दी रखें।
- बहुत देर तक झुककर बैठने से बचें। *

प्रस्तुतिः विवेक शुक्ला



वर्कप्लेस पर रखें ध्यान

कर्मचारियों के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाए बिना उनकी कार्य क्षमता बढ़ाने को एर्गोनॉमिक्स कहा जाता है। ऑफिस में एर्गोनॉमिक्स का पालन करने से स्वस्थ रीढ़ से संबंधित उपायों को सुनिश्चित करने में काफी मदद मिलती है। जैसे-

- कंप्यूटर व लैपटॉप आदि गैजेट्स का संचालन ऐसी खास कुर्सियों पर बैठकर करना, जो आपकी रीढ़ को पर्याप्त सपोर्ट करती हों।
- कार्य के दौरान कुछ समय के लिए 'ब्रेक' लेने के लिए एक ऐसे कक्ष की व्यवस्था करना, जिसमें आप गर्दन और कमर से संबंधित स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज कर सकें।
- कंप्यूटर पर कार्य करने की ऐसी विधि अपनाना, जिससे रीढ़ की हड्डी पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

फिटनेस

अंजू जैन

एक्सरसाइज का नया ट्रेंड हायरॉक्स वर्कआउट



हायरॉक्स वर्कआउट, ग्लोबल फिटनेस का सबसे तेजी से उभरता हुआ खेल और एक्सरसाइज ट्रेंड है। यह एक ऐसा स्टैंडर्ड फॉर्मेट है, जो दौड़ने और फंक्शनल स्ट्रेंथ ट्रेनिंग को एक साथ परफॉर्म करने का मौका देता है।

क्या है हायरॉक्सः यह एक इनडोर फिटनेस रेस है। इसका एक निश्चित प्रारूप होता है। इस रेस में भाग लेने वाले एथलीट को कुल 8 किलोमीटर की दौड़ लगानी होती है और 8 अलग-अलग फंक्शनल वर्कआउट स्टेशनों को पूरा करना होता है। रेस की शुरुआत 1 किलोमीटर की दौड़ से होती है, जिसके तुरंत बाद पहला वर्कआउट स्टेशन आता है। इसके 8 चैलेंजिंग वर्कआउट स्टेशनों में पहला स्टेशन स्कीएर्ग है। इसमें स्कीइंग मशीन पर 1,000 मीटर की दूरी पूरी करनी होती है, जो ऊपरी शरीर और कोर को टार्गेट करती है। स्टेशन 2 स्लेड पुश है। इसमें एक भारी स्लेज को 50 मीटर तक पैर की ताकत से धकेलना होता है। स्टेशन 3 स्लेड पुल होता है। 50 मीटर तक भारी स्लेज को रस्सी के सहारे अपनी तरफ खींचना होता है। स्टेशन 4 बरपी ब्रॉड जंप्स होता है। इसमें बर्पी करने के बाद आगे की तरफ लंबी छलांग लगानी होती है, जिसे 80 मीटर तक पूरा करना होता है। स्टेशन 5 में रोइंग मशीन पर 1,000 मीटर की दूरी तय करनी होती है, जो पूरे शरीर का कार्डियो टेस्ट है। स्टेशन 6 फॉर्मर्स कैरी है। इसमें दोनों हाथों में भारी केटलबेल या डंबल उठाकर 200 मीटर तक चलना होता है। स्टेशन 7 सैंडबैग लॉन्जेज होता है। इसमें पीठ पर भारी सैंडबैग (रेत की बोरी) रखकर 100 मीटर तक लंज वॉक करनी होती है। स्टेशन 8 वॉल्स बॉल्स में एक भारी मेडिसिन बॉल को स्क्वैट करते हुए दीवार पर बने निश्चित निशान पर 100 बार फेंकना होता है।

बढ़ रही पॉपुलैरिटीः पश्चिमी देशों के साथ ही एशियाई बाजारों में भारत इस समय हायरॉक्स के लिए सबसे तेजी से बढ़ता हुआ केंद्र बनकर उभरा है। साल 2025-2026 के दौरान मुंबई और बेंगलुरु जैसे महानगरों में आयोजित इसके इवेंट्स में प्रतिभागियों की संख्या में 5 गुना से अधिक की वृद्धि देखी गई। इससे साबित होता है कि भारतीय फिटनेस संस्कृति में लोग अब केवल 'दिखने के लिए' बॉडी बिल्डिंग करने के बजाय, व्यावहारिक शारीरिक क्षमता को अपना नया स्टेटस सिंबल मान रहे हैं। *



हेल्थ सजेशन

शिखर चंद जैन

स्वस्थ रहने के आसान सूत्र

स्वस्थ जीवन के लिए अच्छा खान-पान, साफ-सफाई आदि तो जरूरी है ही, हमारे दैनिक जीवन में कुछ आदतों में सुधार और दिनचर्या में कुछ आदतों को शुमार करना भी जरूरी है। इनके बारे में यहां बता रहे हैं।



अगर आप अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में कुछ आदतों को शामिल कर लें तो इसका असर आपकी हेल्थ पर पड़ेगा।

नाक से सांस लेनाः कई लोगों को देखा जाता है कि वे अकसर मुंह से सांस लेते हैं या डीप ब्रीदिंग न करके उथली व छिछली ब्रीदिंग करते हैं। यह गलत है। सांस हमेशा नाक से लें और गहरी सांस लें। नाक के अंदर 'नाइट्रिक ऑक्साइड' गैस बनती है। जब हम नाक से सांस लेते हैं, तो यह गैस फेफड़ों में जाती है, जिससे रक्त वाहिकाएं चौड़ी हो जाती हैं और शरीर 18 प्रतिशत अधिक ऑक्सीजन सोख पाता है। जागते समय दिन भर और सोते समय भी सचेत रहें कि आपका मुंह बंद रहे। अगर सोते समय मुंह खुलता है, तो 'माउथ टेपिंग' (विशेष टेप) का उपयोग आजकल एक रिसर्च आधारित ट्रेंड है। दिन भर आप नाक से सांस ले रहे हैं या नहीं इसके लिए शुरू में ब्रीदिंग चेक करें। हर 1-2 घंटे में एक रिमाइंडर सेट करें (या फोन पर वॉलपेपर लगाएं) यह चेक करने के लिए कि आपका मुंह बंद है और आप नाक से गहरी सांस ले रहे हैं। अगर डेस्क जॉब है, तो हर बार पानी पीते समय 2 मिनट अपनी नाक से होने वाली सांस पर ध्यान दें। इस तरह धीरे-धीरे आपकी आदत ठीक हो जाएगी।





ग्राउंडिंग या अर्थिंगः विज्ञान कहता है कि पृथ्वी की सतह में 'मुक्त इलेक्ट्रॉन' का भंडार होता है। जब हमारी त्वचा सीधे मिट्टी या घास के संपर्क में आती है, तो ये इलेक्ट्रॉन शरीर में प्रवेश कर एंटी-ऑक्सीडेंट की तरह काम करते हैं। शोध बताते हैं कि यह शरीर की सूजन को कम करता है और नींद की गुणवत्ता सुधारता है। इसके लिए रोज सुबह 10-15 मिनट नंगे पैर घास, गीली मिट्टी या रेत पर चलें। कंक्रीट या टाइल्स पर यह काम नहीं करता। जमीन पर लेटना, नदी, तालाब, झील में पैर डाल कर बैठना भी फायदेमंद है। गठिया में इससे फायदा होता है।

सर्केडियन ईटिंगः हमारे शरीर के हर अंग की अपनी एक घड़ी होती है। पाचन तंत्र सूर्योदय के समय सबसे सक्रिय और सूर्यास्त के बाद धीमा हो जाता है। रात को देर से खाने से शरीर भोजन को पचाने में ऊर्जा लगाता है, जिससे 'सेलुलर रिपेयर' (कोशिकाओं की मरम्मत) का काम रुक जाता है। इसके लिए 'सनराइज टू सनसेट' नियम अपनाएं। कोशिश करें कि रात का आखिरी भोजन सूर्यास्त के 2-3 घंटे के भीतर या रात 8 बजे से पहले हो जाए। रात को सोने से कम से कम 2-3 घंटे पहले कुछ न खाएं। अगर भूख लगे, तो सिर्फ हर्बल टी या पानी लें। इससे सोते समय आपका शरीर 'पाचन' के बजाय 'रिपेयरिंग' (मरम्मत) पर ध्यान दे पाएगा।

योग निद्राः स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के शोध के अनुसार, योग निद्रा दिमाग को 'थीटा' और 'डेल्टा' ब्रेन वेव अवस्था में ले जाता है। यह गहरी नींद के बिना भी नर्वस सिस्टम को शांत करता है और मस्तिष्क की न्यूरोप्लास्टिसिटी को बढ़ाता है। इसके अभ्यास के लिए दिन में जब भी थकान महसूस हो, 15-20 मिनट के लिए लेट जाएं और किसी गाइडेड 'योग निद्रा' ऑडियो को सुनें। यह 2 घंटे की नींद जितनी ताजगी दे सकता है। दिनचर्या में जब सुस्ती महसूस हो, तो 20 मिनट आंखें बंद करके लेट जाएं। *

(डाइटिशियन पिंकी गोयल, लाइफ स्टाइल कोच हरिराम अग्रवाल से बातचीत पर आधारित)

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | जबलपुर, गुरुवार 15 अक्टूबर 2026

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय पैकाल देखो
TATA PLAY पैकाल ज. 1155 | airtel पैकाल ज. 366

पंचम : स्कंद माता



सिंहासनगता नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।
शुभदास्तु सदा देवी स्कन्दमाता यशस्विनी॥

टी20 रैंकिंग में शीर्ष 4 बल्लेबाजों में 3 भारतीय

नई दिल्ली। भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर आईसीसी की ताजा टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में तीन स्थान की छलांग लगाकर करियर के सर्वश्रेष्ठ चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टी20 मुकाबले में शतक लगाने का उन्हें फायदा मिला है। शीर्ष चार बल्लेबाजों में अब तीन भारतीय शामिल हैं। ईशान किशन पहले और अभिषेक शर्मा दूसरे स्थान पर हैं, जबकि पाकिस्तान के कप्तान फरहान तीसरे नंबर पर काबिज हैं। श्रीलंका के मेंडिस तीन स्थान ऊपर चढ़कर 23वें और वेस्टइंडीज के शेरफेन रदरफोर्ड 24वें स्थान पर पहुंच गए हैं।



इस हत्याकांड से मानवीय रिश्ते कांप उठे थे

मेरठ का नीला ड्रम हत्याकांड : पति को काटकर पत्नी मुस्कान व प्रेमी साहिल ने टुकड़ों में नीले ड्रम में भर दिया था

'नरपिशाचों' को फांसी

अभियोजन पक्ष ने वारदात की प्रकृति, शव को छिपाने के तरीके और अपराध की गंभीरता का हवाला देते हुए मृत्युदंड की मांग की थी

एजेंसी ▶▶ मेरठ

मेरठ के बहुचर्चित सौरभ राजपूत हत्याकांड यानी नीला ड्रम केस में अदालत ने दोनों दोषियों को मृत्युदंड की सजा सुनाई है। अदालत का फैसला सुनते ही मुस्कान रस्तोगी और साहिल शुक्ला फूट-फूटकर रो पड़े। जिला जज अरविंद कुमार मिश्रा की अदालत में बुधवार को सजा पर सुनवाई की। लंच से पहले भी जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए दोनों दोषियों से अदालत ने पूछा कि क्या वे सजा सुनाए जाने से पहले कुछ कहना चाहते हैं। दोनों ने जवाब दिया कि उन्हें कुछ नहीं कहना है। जेल अधीक्षक के अनुसार फैसले से पहले दोनों बेचैन नजर आ रहे थे। उन्होंने रात और सुबह के भोजन में भी कम खाना खाया था और ठीक से सो नहीं पा रहे थे। गौर हो कि मुस्कान ने अपने पति सौरभ राजपूत की हत्या में साहिल शुक्ला के साथ मिलकर भूमिका निभाई। हत्या के बाद शव के टुकड़े किए गए और उसे नीले ड्रम में छिपाने के लिए सीमेंट का इस्तेमाल किया गया।



सौरभ राजपूत, मृतक



फैसले से पहले दोनों ने रात और सुबह के भोजन में भी कम खाना खाया था और ठीक से सोए भी नहीं

साहिल और मुस्कान

कोर्ट रूम में दोनों रो पड़े

जज : मुस्कान तुम अपने पति की हत्या की दोषी साबित हो चुकी हो, अपने लिए क्या सजा चाहती हो?

मुस्कान : दोनों बेटियां बहुत छोटी हैं, उनका ख्याल रखा जाए और उसे कम से कम सजा दी जाए

जज : बताइए क्या सजा दें?

साहिल : साहब, कम से कम सजा दीजिए

देशभर में चर्चा में रहा नीला ड्रम केस

सौरभ राजपूत हत्याकांड शव को छिपाने के तरीके और पुलिस जांच में सामने आए घटनाक्रम के कारण देशभर में चर्चा में रहा। पुलिस ने गवाहों, इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड और फॉरेंसिक साक्ष्यों के आधार पर जांच पूरी की। अभियोजन पक्ष ने इन्हीं साक्ष्यों के आधार पर अदालत में पैरवी की।

कैब चालक, होटल और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य बने अहम कड़ी

मामले में कोई चश्मदीद गवाह नहीं होने के कारण पुलिस ने परिस्थितिजन्य, इलेक्ट्रॉनिक और फॉरेंसिक साक्ष्यों के आधार पर जांच आगे बढ़ाई। पुलिस ने उस कैब चालक से पूछताछ की, जिसमें मुस्कान और साहिल के वारदात के बाद घूमने जाने की जानकारी सामने आई थी। जिस होटल में दोनों के ठहरने की बात कही गई, वहां से भी संबंधित बयान और सीसीटीवी फुटेज जुटाए गए। इसके अलावा मोबाइल फोन की कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर), लोकेशन, होटल के रजिस्टर और फॉरेंसिक रिपोर्ट जैसे साक्ष्यों की कड़ियां जोड़ी गईं।

कब-क्या हुआ?

- **24 फरवरी 2025:** सौरभ राजपूत लंदन से नौकरी छोड़कर मेरठ स्थित अपने घर लौटा
- **3 मार्च 2025 :** पुलिस जांच के अनुसार, इसी अवधि में सौरभ की हत्या की गई
- **4 मार्च 2025 :** शव को नीले ड्रम में छिपाने और सीमेंट से ढकने से संबंधित घटनाक्रम सामने आया
- **18 मार्च 2025 :** सौरभ के भाई बबलू की शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की
- **19 मार्च 2025 :** घर से नीला ड्रम काटकर शव बरामद किए जाने की जानकारी सामने आई। दोनों आरोपियों को जेल भेजा गया
- **12 मई 2025 :** पुलिस ने अदालत में आरोप-पत्र दाखिल किया
- **30 सितंबर 2026:** जिला अदालत ने मुस्कान रस्तोगी और साहिल शुक्ला को दोषी करार दिया
- **14 अक्टूबर 2026:** अदालत ने दोनों दोषियों की सजा पर फैसला सुनाते हुए मृत्युदंड की सजा सुनाई

आदिवासी युवाओं पर अभद्र टिप्पणी मामले में मुख्यमंत्री ने लिया संज्ञान

जय जोहार बोलने पर गाली-गलौज करने वाले मिसरोद टीआई सस्पेंड



- मुख्यमंत्री के निर्देश पर कार्रवाई विभागीय जांच के आदेश
- सिंघार ने एफआईआर और जयस ने एट्रोसिटी एक्ट के तहत कार्रवाई की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मंगलवार को आदिवासी छात्रों के प्रदर्शन के दौरान 'जय जोहार' बोलने पर अभद्र टिप्पणी और गाली-गलौज के मामले में मिसरोद थाना प्रभारी रतन सिंह परिहार को बुधवार को निलंबित कर दिया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संज्ञान लेने के बाद पुलिस कमिश्नर ने यह कार्रवाई की। साथ ही मामले की विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार आदिवासी समाज के गौरव, स्वाभिमान और प्रगति के लिए प्रतिबद्ध है।

एट्रोसिटी एक्ट में कार्रवाई की मांग

जय आदिवासी युवा शक्ति (जयस) के राष्ट्रीय संरक्षक डॉ. हीरालाल अलावा ने कहा कि जय जोहार आदिवासी संस्कृति का प्रतीक है और इसका अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस मामले में शाम चार बजे भोपाल पुलिस कमिश्नर संजय कुमार को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

करीब 4 महीने बाद हुई नियुक्ति

उज्जैन के प्रो. बेदिया बीयू के नए कुलगुरु नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बुधवार को राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय का नया कुलगुरु, प्रोफेसर, व्यवसाय प्रबंध, पं. जवाहरलाल नेहरू व्यवसाय प्रबंध संस्थान, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन के प्रोफेसर दीन दयाल बेदिया को नियुक्त किया है। राज्यपाल पटेल ने प्रो. दीनदयाल बेदिया को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 4 वर्ष की कालावधि अथवा 70 वर्ष की आयु जो भी पूर्वत्तर हो, के लिए कुलगुरु नियुक्त किया है। ध्यान रहे कि प्रो. एसके जैन के बाद से बीयू में कुलगुरु की नियुक्ति के लिए शासन स्तर पर चयन प्रक्रिया शुरू की गई थी। चयन सूची पर अंतिम निर्णय के बाद बुधवार को राजभवन के द्वारा नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है।



■ प्रो. एसके जैन के बाद अब वे पूर्णकालिक कुलगुरु



चिंतन

दीपावली से पहले लोगों की झोली में आएगा धन

दीपावली से पहले केंद्र सरकार के फैसलों ने लाखों परिवारों की झोली में अतिरिक्त धन और राहत की उम्मीद जगाई है। रेलवे के 11.40 लाख कर्मचारियों को 78 दिन का बोनस, दिव्यांगों की पेंशन का दायरा बढ़ाने और सामाजिक सहायता योजनाओं को 5 साल तक जारी रखने की मंजूरी त्योहार की खुशियों को आर्थिक संबल देने वाली पहल है। बोनस से कर्मचारियों की जेब में पैसा आएगा, बाजार में मांग बढ़ेगी और जरूरतमंदों को पेंशन के सहारे का भरोसा मिलेगा। त्योहार के इस मौसम में इन फैसलों का संदेश साफ है। खुशियां तभी व्यापक होंगी, जब आर्थिक राहत का लाभ मेहनतकशों से लेकर समाज के कमजोर वर्गों तक पहुंचेगा। त्योहार से पहले मिलने वाला बोनस या आर्थिक सहायता केवल रकम नहीं, बल्कि परिवार की जरूरतों को पूरा करने और खुशियों को साझा करने का अवसर है। सरकार का रेलवे कर्मचारियों को बोनस देने का फैसला इसी लिहाज से महत्वपूर्ण है। करीब 2,009 करोड़ रुपये के कुल व्यय से जुड़ी इस मंजूरी के तहत पात्र कर्मचारियों को अधिकतम 17,951 रुपये तक बोनस मिल सकता है। यह राशि घर की जरूरतें पूरी करने, बच्चों के लिए सामान खरीदने और त्योहार की तैयारियों में काम आ सकती है। अतिरिक्त धन कर्मचारियों की क्रयशक्ति बढ़ाएगा तो इसका सकारात्मक असर बाजार पर भी पड़ेगा। त्योहारों में बढ़ी मांग छोटे दुकानदारों, कारोबारियों और स्थानीय उत्पादकों के लिए भी अवसर पैदा करती है। इस तरह कर्मचारियों की जेब में पहुंचने वाला पैसा अर्थव्यवस्था में आगे बढ़कर कई दूसरे वर्गों तक लाभ पहुंचाएगा। सरकार का दूसरा अहम फैसला दिव्यांगों की पेंशन से जुड़ा है। पेंशन के लिए बेंचमार्क दिव्यांगता की सीमा 80 प्रतिशत से घटाकर 40 प्रतिशत करने से पात्रता की शर्तें पूरी करने वाले अधिक लोग योजना के दायरे में आ सकेंगे। जन्म से पात्र दिव्यांगों को भी पेंशन का लाभ देने की व्यवस्था महत्वपूर्ण है। दिव्यांगता के साथ जीवन बिताने वाले लोगों और उनके परिवारों को रोजमर्रा की जरूरतों, उपचार तथा देखभाल के लिए अतिरिक्त संसाधनों की आवश्यकता होती है। ऐसे में नियमित सहायता उन्हें कुछ आर्थिक मजबूती दे सकती है। पात्रता का विस्तार स्वागत योग्य है, लेकिन सहायता राशि को महंगाई के अनुरूप बढ़ाना भी जरूरी है। वहीं, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम को वित्त वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक जारी रखने का निर्णय भी सामाजिक सुरक्षा की दृष्टि से अहम है। इस अवधि में 53,428 करोड़ रुपये खर्च करने की योजना है, जिससे करीब 3.20 करोड़ लोगों को लाभ मिलने की उम्मीद है। बुजुर्गों, विधवाओं और आर्थिक संकट से जूझ रहे परिवारों के लिए ऐसी योजनाएं कठिन समय में सहारा बनती हैं। परिवार के मुख्य कमाने वाले सदस्य की मृत्यु पर मिलने वाली सहायता संकटग्रस्त परिवार को संभलने का अवसर देती है। इससे पहले सरकार ने व्यापारियों को राहत देते हुए यूपीआई भुगतान पर प्रस्तावित 0.4 फीसदी मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) शुल्क को दिवाली तक टालने का फैसला किया था। कुल मिलाकर दीपावली से पहले लिए गए ये फैसले आर्थिक राहत और सामाजिक जिम्मेदारी के बीच संतुलन बनाने का अवसर देते हैं। बोनस से बाजार में रौनक बढ़ सकती है और पेंशन योजनाओं से कमजोर वर्गों को सहारा मिल सकता है। त्योहार की असली सार्थकता तभी है, जब समृद्धि की रोशनी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। सरकार की घोषणाएं इस दिशा में उम्मीद जगाती हैं; अब जरूरत है कि उनका लाभ समय पर और पूरी पारदर्शिता के साथ लोगों तक पहुंचे।



ज्ञानेश-विवाद

राजकुमार सिंह

ज्ञानेश-विवाद : सरकार की साख भी दांव पर

भारतीय चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर आज देश में ही सवाल और संदेह हैं। आयोग की कार्य प्रणाली पर बाहर से तो सवाल अरसे से उठ रहे हैं, लेकिन अंदर से उठे सवालों का भी जवाब न देकर वह खुद को कठघरे में खड़ा कर रहा है। चुनाव आयुक्तों से मुलाकात के लिए संसद से आयोग कार्यालय तक मार्च करने वाले विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के सैकड़ों सांसदों से मिलने से इनकार से शुरू तकरार अब दिल्ली–मुंबई समेत कई शहरों में सड़कों पर प्रदर्शन तक पहुंच गई है। उस दिन नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आठ घंटे तक आकाशवाणी भवन में धरने पर बैठे रहने, अगले दिन जंतर–मंतर पर धरने की कोशिश और 12 अक्टूबर को सर्वोच्च न्यायालय तक मार्च से भारतीय लोकतंत्र की सुखद तस्वीर नहीं उभरती।

विश्व भर में प्रतिष्ठा प्राप्त रहे भारतीय चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर आज देश में ही सवाल और संदेह हैं। आयोग की कार्य प्रणाली पर बाहर से तो सवाल अरसे से उठ रहे हैं, लेकिन अंदर से उठे सवालों का भी जवाब न देकर वह खुद को कठघरे में खड़ा कर रहा है। चुनाव आयुक्तों से मुलाकात के लिए संसद से आयोग कार्यालय तक मार्च करने वाले विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के सैकड़ों सांसदों से मिलने से इनकार से शुरू तकरार अब दिल्ली-मुंबई समेत कई शहरों में सड़कों पर प्रदर्शन तक पहुंच गई है। उस दिन नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आठ घंटे तक आकाशवाणी भवन में धरने पर बैठे रहने, अगले दिन जंतर-मंतर पर धरने की कोशिश और 12 अक्टूबर को सर्वोच्च न्यायालय तक मार्च से भारतीय लोकतंत्र की सुखद तस्वीर नहीं उभरती। दो को मुंबई और आठ को बेंगलुरू में प्रदर्शन के बाद 10 अक्टूबर को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के लिए दिल्ली आ रहे कॉकरोच जनता पार्टी के नेताओं अभिजीत दीपके, सौरव दास और आशुतोष रांका को फ्लाइट में घुसकर हिरासत में लेने, चर्चित यूट्यूबर ध्रुव राठी को गुरुग्राम स्थित फ्लैट से सुबह तड़के ही उठा लेने और पूर्व मुख्यमंत्रियों समेत अनेक सांसदों को हिरासत में लेने से भी संविधान सम्मत कानून के शासन की तस्वीर नहीं उभरती। मना करने के बावजूद नौ अक्टूबर रात नौ बजे से ही दर्जनों मेट्रो स्टेशन बंद कर दिल्ली आने वाली सैकड़ों ट्रेन रद्द करने पर तो सर्वोच्च अदालत ने अवमानना का नोटिस भी जारी किया, पर उसके बावजूद छावनी बनी दिल्ली में सुरक्षा बलों, खासकर पुलिस के रवैये में ज्यादा बदलाव दिखा नहीं। शांतिपूर्ण आंदोकारियों और अपना काम कर रहे पत्रकारों के साथ ही विरोध करने वाले वकीलों को भी हिरासत में ले लिया गया। मुख्य न्यायाधीश के निर्देश के बाद वकील तो तत्काल रिहा हो गये, लेकिन आंदोलनकारियों और पत्रकारों के लिए फोन कौन करेगा? संविधान तो सभी नागरिकों को समान अधिकार देता है! अब जंतर-मंतर के बजाय विरोध प्रदर्शन के लिए तीन नए स्थलों के नाम घोषित किए गए हैं। कानून व्यवस्था के नाम पर आंदोलनकारियों के साथ सरकार जैसा व्यवहार कर रही है, उससे आम नागरिकों की मुश्किलें भी बढ़ रही हैं, लेकिन संदेह और सवालों से घिरे मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार मौन हैं। मौन से सवालों का जवाब नहीं मिलता, पर संस्कृत में कहा गया है: मौनं स्वीकृति लक्षणम्। लगातार चुनावी हार से बेजार विपक्ष कथित 'वोट चोरी' के मुद्दे पर एकजुट है और आक्रामक भी। उधर ज्ञानेश कुमार के बचाव में, केंद्र में सरकार का नेतृत्व कर रही भाजपा बेहद आक्रामक है। इससे ज्ञानेश और भाजपा के संबंधों पर संदेह गहराता ही है, लेकिन उससे भी ज्यादा खतरनाक है विपक्षी और सीजेपी आंदोलनकारियों के जवाब में सत्ता- समर्थकों की हिंसक प्रतिक्रिया। सोशल मीडिया पर वीडियोज में उनके प्रति दिल्ली पुलिस की नरमी भी साफ नजर आती है। पेपर लीक मामले में जंतर-मंतर प्रदर्शन में भी कुछ लोग सादा कपड़ों में आंदोलनकारियों पर हमला करते नजर आये थे। आंदोलनकारियों की भीड़ में ऐसी घुसपैठ खतरनाक प्रयोग है, जिसके परिणाम देश-समाज के लिए घातक और दूरगामी होंगे। बेशक चुनाव आयोग संवैधानिक संस्था है, लेकिन संविधान से ऊपर तो नहीं। आयोग का



मुख्य दायित्व स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव करवाना है। इस प्रकिया में राजनीतिक दल महत्वपूर्ण भागीदार हैं। विपक्षी सांसदों से मिलने के लिए भी अगर चुनाव आयुक्तों के पास समय नहीं, तो उनकी नजर में आम मतदाता की हैसियत का अंदाजा ही लगाया जा सकता है, जिसे अकसर चुनावों के समय 'जनार्दन' कहा जाता है। संसदीय लोकतंत्र में संसद और सड़क, दोनों राजनीति की परंपरा है, पर वह सिर्फ टकराव तक सिमटती नजर आये तो जिम्मेदार संस्थाओं और लोगों को चेत जाना चाहिए। एक ओर संवैधानिक संस्थाओं पर अविश्वास बढ़ रहा है तो दूसरी ओर वे भी असल सवालों से मुंह चुराती दिख रही हैं। अपनी साख पर सवालों और गहराते संदेह से खुद चुनाव आयोग के चेहरे पर शिकन नजर नहीं आती। राजनीतिक दलों के एजेंडा पर तो राजनीति के अलावा कुछ और रहता ही नहीं। ऐसा नहीं कि मतदान केंद्रों पर कब्जे और मत पत्रों की लूट के लिए बदनाम रहे भारतीय लोकतंत्र में चुनाव आयोग पर अतीत में सवाल नहीं उठे, पर उसकी साख इतनी कभी नहीं गिरी। दशकों बाद चुनाव आयोग को बहुसदस्यीय इसीलिए बनाया गया था कि कोई चुनाव आयुक्त निरंकुश न हो जाये, लेकिन एक अंग्रेजी अखबार ने खुलासा किया कि तीन सदस्यीय चुनाव आयोग के दो सदस्यों सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने 10 महीने में 14 बार आयोग की कार्यप्रणाली और फैसलों पर सवाल उठाये। चार महीने से तो कोई बैठक ही नहीं हुई। इस खुलासे ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को कठघरे में खड़ा कर दिया है। तीन दिन बाद तीनों की संयुक्त बैठक की तस्वीर और विज्ञप्ति जारी कर दावा किया गया कि आयोग में सब कुछ 'सामान्य' है। आरोपों की गंभीरता का तकाजा था कि तीनों चुनाव आयुक्त संयुक्त प्रेस कान्फ्रेंस कर संदेह और सवालों का निराकरण करते, लेकिन हर बार की तरह सफाई सत्तारूढ़ दल भाजपा की ओर से आ रही है, जिससे परस्पर मिलीभगत के विपक्षी आरोपों को बल ही मिलता है। मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त अधिनियम, 2023 के जरिये नियुक्ति समिति में सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की जगह प्रधानमंत्री द्वारा नामित केबिनेट मंत्री को शामिल करने को चुनौती देने वाली याचिकाओं के अलावा दो चुनाव आयुक्तों की आपत्तियों संबंधी खुलासे के बाद अब चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली, खासकर मुख्य चुनाव आयुक्त की मनमानी का मुद्दा भी सर्वोच्च न्यायालय पहुंच गया है। अखबार के खुलासे के आधार मात्र पर सर्वोच्च न्यायालय ने मुख्य चुनाव आयुक्त के निलंबन या उनके द्वारा फैसले लेने पर रोक लगाने से परहेज किया, लेकिन कारण बताओ नोटिस जारी करने से साफ है कि आयोग की कार्यप्रणाली और फैसले न्यायिक समीक्षा से परे नहीं। एसआईआर में करोड़ों मतदाताओं के नाम काटे जाने के अलावा फॉर्म -6 भी आयोग की आलोचना का बड़ा कारण है।

आयोग और भाजपा नेता फॉर्म-6 में 'घोषणापत्र' जोड़ने को सर्वोच्च न्यायालय की मंजूरी का दावा करते रहे हैं, लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने फॉर्म -6 में किसी भी संशोधन को मंजूरी से 12 अक्टूबर को फिर इनकार किया। 12 अक्टूबर को राहुल गांधी समेत 11 विपक्षी नेताओं की याचिका भी सर्वोच्च न्यायालय पहुंच गयी, जिसने ज्ञानेश कुमार के विरुद्ध दायर सभी याचिकाओं को संयुक्त करते हुए 27 अक्टूबर को सुनवाई तय की है। बेशक कानूनी लड़ाई लंबी चल सकती है, पर विपक्ष और सीजेपी सरीखे गैर राजनीतिक संगठन सड़क की लड़ाई भी बंद करने वाले नहीं। आयोग की कार्यप्रणाली पर उठने वाले संदेह और सवालों की पुष्टि अगर हो गयी, तब सरकार की साख भी उसकी तपिश से नहीं बच पाएगी, जो विपक्ष का असली निशाना भी है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

ग्रामीण महिला दिवस

बलकार सिंह पूनियां



मिट्टी से मेडल तक और पंचायत से पोडियम तक

मिट्टी से मेडल तक और पंचायत से पोडियम तक की यह यात्रा केवल खेल की कहानी नहीं है। यह उस ग्रामीण भारत की कहानी है, जहां महिला अब केवल विकास की लाभार्थी नहीं, बल्कि विकास की निर्माता बन रही है। खेल का पदक उसकी चमकती उपलब्धि है; खेत, घर, बाजार और पंचायत में बढ़ती उसकी भागीदारी नए भारत की स्थायी शक्ति है। एशियाई खेल 2026 में भारतीय बेटियों की सफलता को केवल खेल उपलब्धियों के रूप में देखना इस बदलाव की व्यापकता को सीमित कर देना होगा। नागोया में भारतीय महिला खिलाड़ियों ने जिस आत्मविश्वास के साथ पदक जीते, वह उस बदलते भारत की तस्वीर है जहां गांव और छोटे कस्बों की बेटियां खेल के मैदान से लेकर पंचायत, खेत, उद्यम और डिजिटल अर्थव्यवस्था तक अपनी पहचान बना रही हैं। खेलों का पोडियम इस परिवर्तन का दिखाई देने वाला चेहरा है, जबकि ग्रामीण भारत में महिलाओं की बढ़ती आर्थिक और सामाजिक भागीदारी इसकी गहरी बुनियाद है।

एशियाई खेलों में भारत ने 21 स्वर्ण सहित कुल 85 पदक जीते। इनमें बड़ी संख्या बेटियों की थी। भारत के कुल 85 पदकों में 41 महिला खिलाड़ियों के खाते में आए। 21 स्वर्ण में से 11 महिलाओं ने जीते, जबकि तीन स्वर्ण मिश्रित स्पर्धाओं में आए। यह प्रदर्शन इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इनमें अनेक खिलाड़ी छोटे शहरों, कस्बों और ग्रामीण पृष्ठभूमि से आती हैं। हरियाणा के संगतपुरा की 26 वर्षीय नीरू ढांडा ने महिला ट्रैप स्पर्धा में भारत को इन खेलों का पहला व्यक्तिगत स्वर्ण दिलाया। अमरावती की 17 वर्षीय कुमकुम मोहोड़ ने दो स्वर्ण और एक रजत जीतकर महिला रिकर्व में दक्षिण कोरिया के दो दशक पुराने वर्चस्व को चुनौती दी। उनकी उपलब्धि केवल एक युवा खिलाड़ी की सफलता नहीं, बल्कि उस संभावना का प्रतीक है जो सही प्रशिक्षण और अवसर मिलने पर भारत की बेटियों में छिपी है। पृथिका प्रदीप ने दो स्वर्ण जीते और प्रणवी उर्स एशियाई खेलों में गोल्फ स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। प्राची चौधरी और विद्या रामराज ने 4x400 मीटर रिले में स्वर्ण जीता। ट्रक चालक की बेटी विद्या, जो कभी नंगे पांव दौड़कर अभ्यास करती थीं, ने पी.टी. उषा का 42 साल पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी तोड़ा। सीमा कुमारी ने 10,000 मीटर में 16 वर्ष का पदक-सूखा खत्म किया। संजू देवी की कबड्डी टीम और इशिका चौधरी तथा सविता पूनिया की हॉकी टीम ने स्वर्ण जीता। महिला हॉकी ने 44 साल का इंतजार खत्म किया, जबकि हरमनप्रीत कौर की टीम ने क्रिकेट का स्वर्ण वापस दिलाया। शेफाली वर्मा और रेणुका सिंह ठाकुर जैसी छोटे शहरों से निकली खिलाड़ियों ने भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन उपलब्धियों के पीछे केवल प्रतिभा नहीं, बल्कि संघर्ष भी है।

खेल व्यवस्था में मनोवैज्ञानिक परामर्श को नियमित प्रशिक्षण का हिस्सा बनाना इसी से जुड़ा महत्वपूर्ण सबक है। लेकिन इन खिलाड़ियों की कहानियां हमें गांव की उन हजारों बेटियों की ओर भी देखने को मजबूर करती हैं जिनमें प्रतिभा तो है, पर अवसर नहीं। शहरों में अकादमी, प्रशिक्षक, पोषण और प्रतियोगिताएं अपेक्षाकृत सुलभ हैं, जबकि ग्रामीण बेटी को कई किलोमीटर दूर जाकर अभ्यास करना पड़ सकता है। जिस परिवार के लिए धनुष, राइफल, अच्छे जूते या यात्रा का खर्च बड़ी चुनौती हो, वहां से किसी बेटी का अंतरराष्ट्रीय पोडियम तक पहुंचना असाधारण संकल्प का परिणाम है। यही प्रश्न खेल से आगे ग्रामीण महिला के जीवन में भी दिखाई देता है। खेत में काम करने वाली महिला, पशुपालन करने वाली महिला, स्वयं सहायता समूह चलाने वाली महिला, पंचायत प्रतिनिधि और छोटे व्यवसाय की संचालिका- इन सभी की उपलब्धियां अक्सर पदक तालिका में दर्ज नहीं होतीं। फिर भी ग्रामीण अर्थव्यवस्था और सामाजिक परिवर्तन में उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। कॉर्पोरेट जगत को महिला खेल, ग्रामीण उद्यम और महिला नेतृत्व में निवेश को सामाजिक दायित्व से आगे बढ़कर आर्थिक और सामाजिक निवेश के रूप में देखना होगा। मिट्टी से मेडल तक और पंचायत से नेतृत्व तक की यह यात्रा केवल महिलाओं की उपलब्धियों की कहानी नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत के बदलते चरित्र की कहानी है। जब गांव की महिला अपने श्रम का मूल्य, अपनी आय पर अधिकार, पंचायत में अपनी आवाज और अपनी बेटी के भविष्य पर निर्णय का अधिकार हासिल करती है, तभी महिला सशक्तीकरण वास्तविक अर्थ ग्रहण करता है। खेल का पदक इस परिवर्तन की चमक है, लेकिन खेत, घर, बाजार और पंचायत में बढ़ती महिला भागीदारी ही इसकी स्थायी शक्ति है। यही नए भारत की ग्रामीण नारी शक्ति है।

(लेखक सहायक प्रोफेसर ग्रामीण विकास विभाग हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

हमें वैराग्य लेकर भगवान को नहीं पाना



संकलित

दर्शन

परिवार में कोई बीमार हो तो दूसरे व्यक्ति के शरीर पर भी असर होता है। अगर बच्चों का विवाह नहीं हुआ है, अच्छा लड़का या लड़की नहीं मिली है, पढ़ाई ठीक से नहीं कर पाए हैं तो इन पर ध्यान दिया जाना जरूरी है। हमें वैराग लेकर भगवान को नहीं पाना है। बल्कि हम जहां हैं, वहां रहकर भगवान को ऊपर से नीचे उतारना है। भगवान उतरते हैं। दशरथ के घर उतरे हैं, वासुदेव की जेल में उतरे हैं। हम वैराग लेकर उन्हें ऊपर खोजने जाएं, यह भी एक गति है, लेकिन क्यों न हम एक एक पारिवारिक दायित्व पूरा करते-करते उन्हें नीचे बुला लें। हम नरसिंह नही है। हम मीरा और भर्तृहरि नहीं हैं। मनु और शतरूपा ने वैराग का पथ लिया तो भी परिवारिक दायित्व को पूरा किया। भजन का मतलब यह नहीं कि आप सबको नजरअंदाज करें, सबकी उपेक्षा करें। भजन में पारिवारिक स्वास्थ्य आवश्यक है। आत्मा की तंदुरुस्ती के विषय में मैं खुलासा कर दूं कि आत्मा बीमार नही है। मन बीमार हो सकता है, आत्मा कहां बीमार होती है। जैसे सूरज तंदुरुस्त है, लेकिन बादल से आवृत्त होने पर सूरज दिखना बंद हो जाता है। वैसे ही स्थिति हमारी आत्मा की है। जैन परंपरा कहती है कि आत्मा पर कई तरह के कशाय के बादल छा जाते हैं। इसी रूप में आत्मा अस्वस्थ नहीं हो सकती। आत्मा बूढ़ी नहीं हो सकती। शरीर जन्म लेता है, आत्मा जन्म नहीं लेती। ये तो सीधी-सी बात है।

कद्दू का तीर्थ स्नान



संकलित

प्रेरणा

एकबार तीर्थ यात्रा पे जाने वाले लोगो का संघ, संत तुकाराम जी के पास जाकर उनके साथ चलने की प्रार्थना की। तुकारामजी ने अपनी असमर्थता बताई। उन्होंने तीर्थयात्रियो को एक कड़वा कद्दू देते हुए कहा- मैं तो आप लोगो के साथ आ नहीं सकता लेकिन आप इस कद्दू को साथ ले जाईए और जहां-जहां भी स्नान करे, इसे भी पवित्र जल में स्नान करा लाये। लोगो ने उनके गूढार्थ पे गौर किये बिना ही वह कद्दू ले लिया और जहाँ-जहां गए, स्नान किया वहां-वहां स्नान करवाया। मंदिर में जाकर दर्शन किया तो उसे भी दर्शन करवाया। ऐसे यात्रा पूरी होते सब वापस आए और उन लोगो ने वह कद्दू संतजी को दिया। तुकारामजी ने सभी यात्रियों को प्रीतिभोज पर आमंत्रित किया। तीर्थयात्रियों को विविध पकवान परोसे गए। तीर्थ में घूमकर आये हुए कद्दूकी सब्जी विशेष रूपसे बनवायी गयी थी। सभी यात्रिओ ने खाना शुरू किया और सबने कहा कि यह सब्जी कड़वी है। तुकारामजी ने आश्चर्य बताते कहा कि यह तो उसी कद्दू से बनी है, जो तीर्थ स्नान कर आया है। बेशक यह तीर्थाटन के पूर्व कड़वा था, मगर तीर्थ दर्शन तथा स्नान के बाद भी इसी में कड़वाहट है! यह सुन सभी यात्रिओ को बोध हो गया कि, हमने तीर्थाटन किया है लेकिन अपने मन को एवं स्वभाव को सुधारा नहीं तो तीर्थयात्रा का अधिक मूल्य नहीं है। हम भी एक कड़वे कद्दू जैसे कड़वे रहकर वापस आए है।

अंतर्मन



आज की पाती

रामलीला देखें और रामजी के आदर्श अपनाएं

हमारा देश देवभूमि के नाम से भी जाना जाता है। यहां लगभग हर रोज किसी न किसी धर्म के धार्मिक कार्यक्रम होते रहते हैं और यह सब हमें मानवता और नैतिकता की राह पर चलने की शिक्षा देते हैं। हमारे देश में भगवान श्री राम जी की लीलाओं की झलक रामलीला में भी देखने को मिलती है। रामलीला दशहरे से पहले देश के लगभग सभी राज्यों में आयोजित होती हैं, खासतौर पर उत्तर भारत में। रामलीला में यह दिखाया जाता है कि किस तरह भगवान श्री राम ने अहंकारी रावण का अंत किया था। बुराई का अंत एक न एक दिन जरूर होता है। टीवी चैनलों की बाढ़ के बावजूद रामलीला के प्रति आकर्षण सचमुच बहुत अच्छी बात है। हमें रामलीला देखनी चाहिए तथा जीवन में भगवान राम जी के आदर्श अपनाने चाहिएं।

- रेणु अस्थाना, हिसार

ट्रेंड

भारत-कनाडा संबंध



कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद से मिलकर खुशी हुई। हमने व्यापार, टेक्नोलॉजी, सुरक्षा, ऊर्जा, शिक्षा और लोगों के बीच आपसी आदान-प्रदान के क्षेत्रों में भारत-कनाडा संबंधों को और मजबूत करने पर सार्थक चर्चा की।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

डेमोक्रेसी की आवाज़



वह दिन ज़रूर आएगा जब हमारी डेमोक्रेसी की आवाज़ दबाने वालों को सख्त इंसाफ़ का सामना करना पड़ेगा। मैं चाहता हूँ कि जिस भी स्टूडेंट या युवा ने पुलिस की बर्बरता या ग़ैर-क़ानूनी हिरासत का सामना किया है, वह उसका पूरा रिकॉर्ड-वीडियो या फोटो- ज़रूर रखे; ये बहुत ज़रूरी होंगे।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

सशक्तिकरण के प्रयास



मारी सरकार राज्य की आधी आबादी के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ महिलाओं के सम्मान, आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

- डॉ. मोहन यादव, सीएम, मध्यप्रदेश

लोकतांत्रिक अधिकार



हमने और हमसे पहले की कई पीढ़ियों ने अपने लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए मज़बूती से लड़ाई लड़ी है। हमें ऐसा करना जारी रखना होगा। मैं सीजेपी के आशुतोष और सौरव की गिरफ़्तारी की कड़ी निंदा करती हूं।

-ममता बनर्जी, पूर्व सीएम, प. बंगाल

करंट अफेयर

साइबर हमले से प्रभावित हुई यूरोप की सुपरमार्केट श्रृंखलाएं



साइबर हमलों के कारण यूरोप की कई सुपरमार्केट श्रृंखलाओं का कामकाज प्रभावित हुआ है जिससे फ्रांस में सैकड़ों दुकानों की प्रशीतन प्रणालियां बाधित हुई है जबकि एक बड़ी सुपरमार्केट कंपनी को यूरोप और अमेरिका के ग्राहकों के लिए संचालित अपनी वेबसाइटें बंद करनी पड़ीं। फ्रांस के वित्त मंत्री रोलैंड लेस्क्योर ने मंगलवार को संसद को बताया कि देश के करीब 10,000 सुपरमार्केट में से लगभग 700 इस हमले से प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि फ्रांस की खाद्य आपूर्ति पर कोई खतरा नहीं है, लेकिन स्वीकार किया कि यह हमला ' 'हमारी खाद्य सुरक्षा की बुनियाद पर चोट करता है।' उन्होंने कहा, 'यह घटना सभी के लिए एक चेतावनी है।' इस बीच, नीदरलैंड की प्रमुख सुपरमार्केट कंपनी 'अहोल्ड डेलहाइज' ने मंगलवार को कहा कि वह सुरक्षा संबंधी समस्या के कारण बंद की गई अपनी प्रणालियों को फिर से चालू करने में जुटी है। कंपनी ने कहा कि नीदरलैंड में 'अल्बर्ट हेजन', बेल्जियम में 'डेलहाइज' और अमेरिका में 'स्टॉप एंड शॉप', 'फूड लायन' तथा 'जायंट' नाम से संचालित उसके स्टोर खुले रहे। हालांकि, इन सभी ब्रांड की वेबसाइट मंगलवार को भी बंद रहीं। अहोल्ड डेलहाइज ने कहा कि उसके पास ग्राहकों या कर्मचारियों के आंकड़ों की चोरी होने का कोई साक्ष्य नहीं है।

ऑफ बीट

सांप के काटने का खतरा हमारी सोच से कहीं बड़ा



सांप के काटने पर हर बार शरीर में जहर नहीं पहुंचता। लेकिन जब सांप का जहर शरीर में प्रवेश कर जाता है, तो यह स्थिति 'सर्प विषाक्तता' कहलाती है। यह जानलेवा स्थिति हो सकती है। इसका सबसे अधिक असर उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में रहने वाले गरीब ग्रामीण समुदायों पर पड़ता है, जहां लोगों के लिए चिकित्सा सुविधाओं तक पहुंचना आसान नहीं है। सांप के काटने और उष्णकटिबंधीय बीमारियों के महामारी विज्ञान के क्षेत्र में दशकों का संयुक्त अनुभव रखने वाले शोधकर्ताओं के रूप में हमने महसूस किया कि 'सर्प विषाक्तता' से निपटने के प्रयासों में आंकड़े उपलब्ध न होना गंभीर संकट है। जिन आधे से अधिक देशों में विषैले सांप लोगों के लिए खतरा बने हुए हैं, वहां यह रिकॉर्ड ही नहीं रखा जाता कि कितने लोगों को सांप ने काटा या कितने लोग 'सर्प विषाक्तता' के शिकार हुए। सहारा के दक्षिण में स्थित अफ्रीकी देशों और दक्षिण एशिया के ग्रामीण इलाकों में सांप के काटने के कई पीड़ित ऐसे होते हैं, जिन्हें निकटतम स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचने में कई घंटे लग जाते हैं। उनके पास वहां तक पहुंचने के लिए परिवहन साधन नहीं होते या वे इलाज के लिए पारंपरिक चिकित्सकों के पास जाते हैं। नतीजतन, उनके मामलों का उल्लेख कभी भी राष्ट्रीय स्वास्थ्य आंकड़ों में नहीं मिल पाता।

हमारा पता

हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

जबलपुर

गुरुवार 15 अक्टूबर 2026

आश्विन मास शुक्ल पक्ष-5

वर्ष : 21, अंक : 163

पृष्ठ : 6+6+ 6=18 मूल्य : 3.00 *

मौसम

अधि. 29

न्यून. 20

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

आम आदमी पर दोहरी मार

खुदरा के बाद थोक महंगाई बढ़कर 11.39% पर पहुंची



नई दिल्ली। देश में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित महंगाई दर सितंबर में बढ़कर 11.39% हो गई, जबकि अगस्त में यह 9.92% थी। महंगाई का दबाव अब सिर्फ रसोई तक सीमित नहीं है। खाने-पीने की चीजों से लेकर ईंधन और कारखानों में बनने वाले सामान तक की बढ़ती कीमतों ने थोक महंगाई को और ऊपर पहुंचा दिया है। खाद्य पदार्थों की महंगाई दर अगस्त के 7.05% से बढ़कर सितंबर में 8.66% हो गई।

खबर संक्षेप

जंतर-मंतर को प्रदर्शन स्थल की सूची से हटाने याचिकाएं

नई दिल्ली। दिल्ली के जंतर-मंतर को प्रदर्शन स्थल की सूची से हटाने का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है।



दिल्ली पुलिस के फैसले के खिलाफ दो जनहित याचिकाएं दायर की गई हैं। याचिकाकर्ता वकील लक्ष्य सैनी और तुषार गुप्ता ने कहा कि जंतर-मंतर सरकार तक जनता की आवाज पहुंचाने का केंद्र रहा है। इन स्थलों को दूर करने से लोगों के लिए विरोध दर्ज कराना मुश्किल होगा।

दमोह जेल में कैदी से मारपीट और पैसे मांगने का आरोप

दमोह। जिला जेल में मंगलवार रात तबीयत बिगड़ने पर कैदी संजू यादव को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।



संजू ने जेल प्रहरियों पर मारपीट करने और 20 हजार मांगने का आरोप लगाया है। आरोप है कि पैसे नहीं होने की बात कहने पर उसका सीना दबाया गया, जिससे सांस लेने में परेशानी होने लगी। आरोपियों को सामने आने पर पहचान सकता है। संजू को सिरदर्द, सांस लेने में तकलीफ और अकड़न की शिकायत थी। इलाज के बाद उसे वार्ड में भर्ती किया गया है। उसकी हालत सामान्य है।

क्रिटिकल सेक्टरों में बाहरी निर्भरता खत्म करने के लिए भारत रणनीति तैयार कर रहा

» केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि ग्लोबल टेंशन का नहीं होगा कोई असर

कभी-कभी दोस्त भी दुश्मन बन जाते हैं भारत तैयार कर रहा 25 साल का प्लान

• सरकार उन अहम सेक्टरों की पहचान कर रही है, जहां दूसरे देशों पर निर्भरता देश की मैन्युफैक्चरिंग और अर्थव्यवस्था के लिए खतरा बन सकती है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दुनियाभर में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और कमजोर पड़ती सप्लाई चेन के बीच भारत ने खुद को सुरक्षित रखने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सरकार उन अहम सेक्टरों की पहचान कर रही है, जहां दूसरे देशों पर निर्भरता देश की मैन्युफैक्चरिंग और अर्थव्यवस्था के लिए खतरा बन सकती है। इसी के साथ केंद्र अगले 20 से 25 वर्षों के लिए एक ठोस टेक्नोलॉजी रोडमैप तैयार कर रहा है, ताकि किसी भी अंतरराष्ट्रीय संकट का असर भारत की तरक्की पर न पड़े।

वैष्णव ने नई दिल्ली में ब्लूमबर्ग न्यू इकोनॉमी फोरम में कहा कि दुनिया में शक्ति संतुलन तेजी से बदल रहा है और भारत पुरानी नीतियों के भरोसे नहीं बैठ सकता। उन्होंने कहा कि चीजें बदलती हैं, राजनीति बदलती है और जियोपॉलिटिक्स की बड़ी भूमिका होती है। इसलिए, हमें लगातार अपने नजरिए में बदलाव करते रहना होगा। उन्होंने आगे कहा कि कभी-कभी दोस्त भी दुश्मन बन जाते हैं, इसलिए उन कारणों की पहचान जरूरी है जो किसी और की नीतियों की वजह से उत्पादन और अर्थव्यवस्था को कमजोर कर सकते हैं। मंत्री के मुताबिक संवेदनशील क्षेत्रों में विदेशी सप्लाई पर निर्भर रहने से संकट के समय अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान हो सकता है।

भारत ने क्रिटिकल सेक्टरों की मैपिंग शुरू की



» भू-राजनीतिक उथल-पुथल से अर्थव्यवस्था को बचाने की तैयारी

» मंत्री के मुताबिक संवेदनशील क्षेत्रों में विदेशी सप्लाई पर निर्भर रहने से संकट के समय अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान हो सकता है

तीन टाइमलाइन पर काम

वैष्णव ने बताया कि भारत तीन समयसीमाओं पर काम कर रहा है: शॉर्ट-टर्म (3 से 5 साल), मीडियम-टर्म (5 से 15 साल) और लॉन्ग-टर्म (20 से 25 साल)। हर प्रोडक्ट या हर तकनीक खुद बनाने के बजाए रणनीतिक रूप से अहम क्षेत्रों में घरेलू क्षमता मजबूत करने पर फोकस है। उन्होंने कहा, टेक्नोलॉजी हमेशा एक ग्लोबल वैल्यू चेन होती है। हम इसका अहम हिस्सा बनना चाहते हैं और उन हिस्सों में वैल्यू जोड़ना चाहते हैं जहां हम सबसे अच्छा रोल निभा सकते हैं। मंत्री ने साफ किया कि इसका मतलब दुनिया से कट जाना नहीं है। भारत ग्लोबल टेक सप्लाई चेन का अभिन्न हिस्सा बना रहेगा, लेकिन साथ ही ट्रेड पॉलिसी, अंतरराष्ट्रीय साझेदारी या अहम तकनीक तक पहुंच में अचानक बदलाव के जोखिम को कम करना चाहता है।

असेंबलिंग से ईकोसिस्टम तक चेन

वैष्णव के अनुसार मैन्युफैक्चरिंग बढ़ाने के लिए सिर्फ तैयार प्रोडक्ट असेंबल करना काफी नहीं है। पूरी प्रोडक्शन चेन में क्षमता चाहिए, जिसमें मॉड्यूल, कंपोनेंट, रॉ मटीरियल और उन्हें बनाने वाले उपकरण शामिल हैं। सरकार सेमीकंडक्टर, रेलवे और डिफेंस जैसे सेक्टरों में यही तरीका अपना रही है। उन्होंने कहा, ईकोसिस्टम के बिना, मैन्युफैक्चरिंग की कोई भी कोशिश कभी सफल नहीं होगी। मोबाइल फोन उद्योग का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि तैयार डिवाइस की असेंबली से अब धीरे-धीरे कंपोनेंट और मॉड्यूल निर्माण की ओर बदलाव हो रहा है। सेमीकंडक्टर में चिप डिजाइन और मैन्युफैक्चरिंग के साथ मटीरियल, केमिकल, गैस और सबस्ट्रेट में भी क्षमता विकसित करनी होगी। यह लंबी अवधि का काम है, जिसके लिए लगातार निवेश और सहायक इंफ्रास्ट्रक्चर जरूरी है। अगर मुख्य कंपोनेंट, सामग्री या उपकरण के लिए विदेशी सप्लायर पर निर्भरता बनी रही, तो सिर्फ घरेलू असेंबली से जोखिम कम नहीं होगा।

रेलवे के 11.40 लाख कर्मचारियों को दिवाली बोनस

78 दिन के वेतन के बराबर मिलेगी राशि

कैबिनेट ने 2,009.61 करोड़ रुपए के बोनस को दी मंजूरी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने दिवाली से पहले रेलवे कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में रेलवे के गैर राजपत्रित कर्मचारियों के लिए 78 दिन के उत्पादकता आधारित बोनस (पीएलबी) को मंजूरी दी गई है। इससे देशभर के 11,40,770 कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। सरकार ने बोनस भुगतान के लिए 2,009.61 करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं। पात्र कर्मचारियों को अधिकतम 17,951 रुपए बोनस मिलेगा। बोनस का लाभ रेलवे के ग्रुप सी और अन्य गैर राजपत्रित कर्मचारियों को दिया जाएगा। इनमें ट्रैक मेंटेनर, लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर (गार्ड), स्टेशन मास्टर, सुपरवाइजर, तकनीशियन, तकनीशियन हेल्पर, पॉइंट्समैन और मंत्रालयिक कर्मचारी शामिल हैं। यह बोनस कर्मचारियों के योगदान और रेलवे के प्रदर्शन से जुड़ा है।

» प्रत्येक पात्र कर्मचारी को मिलेंगे अधिकतम 17,951 रुपए

7,000 रुपए की वेतन सीमा पर गणना

बोनस की गणना के लिए निर्धारित मासिक वेतन सीमा 7,000 रुपए है। इसी आधार पर 78 दिन के बोनस की अधिकतम राशि 17,951 रुपए तय होती है। हालांकि, कर्मचारी संगठनों का कहना है कि बोनस गणना की यह सीमा वर्ष 2014-15 से नहीं बदली है। इससे कर्मचारियों को मिलने वाली राशि में अपेक्षित बढ़ोतरी नहीं हो पा रही है।

रेलवे के प्रदर्शन के आधार पर बोनस

सरकार के अनुसार वित्त वर्ष 2025-26 में भारतीय रेलवे ने 1,670 मिलियन टन माल ढुलाई की और करीब 7.41 अरब यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया। उत्पादकता आधारित बोनस का उद्देश्य कर्मचारियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करना और रेलवे की परिचालन क्षमता में सुधार को बढ़ावा देना है।



खबर संक्षेप

तनिष्क का 'अध्यंतरा' कलेक्शन लांच

मुंबई। ज्वेलरी ब्रांड तनिष्क ने धनतेरस के अवसर पर अपना नया आभूषण कलेक्शन 'अध्यंतरा' लांच किया है। अभिनेत्री तृप्ति डिमरी इस कलेक्शन के खास कैम्पेन में नजर आ रही हैं। ब्रह्मांड की असीम सुंदरता और रहस्यमयी खगोलीय आकृतियों से प्रेरित यह कलेक्शन आधुनिक भारतीय महिलाओं के आत्मविश्वास, व्यक्तित्व और खूबसूरती को समर्पित है।'अध्यंतरा' कलेक्शन में सूरज, चांद और टूटते सितारों से प्रेरित डिजाइनों को भारतीय आभूषण कला की बारीक कारीगरी के साथ तैयार किया गया है।

मेन ऑफ प्लैटिनम का नया संग्रह पेश

इंदौर। प्लैटिनम गिल्ड इंटरनेशनल इंडिया ने पुरुषों के लिए अपने आभूषण ब्रांड 'मेन ऑफ प्लैटिनम' का नया संग्रह पेश किया है। इसमें चेन, पेंडेंट, कंगन और अंगूठियां शामिल हैं। इस संग्रह को पुरुषों की सफलता, आत्मविश्वास, दृढ़ संकल्प और व्यक्तिगत शैली को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। नए प्रचार अभियान में क्रिकेटर रोहित शर्मा और संगीतकार अनिरुद्ध रविचंदर ब्रांड का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। प्लैटिनम गिल्ड इंटरनेशनल की वैश्विक बाजार विकास प्रमुख और भारत व मध्य पूर्व की प्रबंध निदेशक वैशाली बनर्जी ने कहा कि आज पुरुष अलग-अलग अवसरों पर आभूषण पहनना पसंद कर रहे हैं।

रग्स की वार्षिक बिक्री में 60 फीसदी तक छूट

नई दिल्ली। जयपुर रग्स ने अपनी वार्षिक बिक्री 2026 की घोषणा की है। इस विशेष बिक्री में ग्राहकों को कालीनों पर 60 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। इस वर्ष कंपनी ने बिक्री को सामाजिक उद्देश्य से जोड़ते हुए ग्रामीण क्षेत्रों की उन छात्राओं के लिए साइकिल निधि में योगदान देने की पहल की है, जिन्हें स्कूल पहुंचने के लिए लंबी दूरी पैदल तय करनी पड़ती है।

एक ही दिन में 5300 से 6000 रुपए क्विंटल पहुंची मिठास की कीमत

बेअसर सरकारी कोटा, शक्कर के भाव में 800 रुपए की छलांग!

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

सरकारी कोटा जारी हुआ, लेकिन बाजार में राहत के बजाय महंगाई का तड़का लग गया। केंद्र सरकार ने शक्कर की बढ़ती कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए अक्टूबर के दूसरे पखवाड़े के लिए 14 लाख टन चीनी का कोटा जारी किया, लेकिन इसका असर बाजार में नजर नहीं आया। उलटे, कोटा जारी होने के दूसरे ही दिन बुधवार को राजधानी के थोक बाजार में शक्कर के भाव 800 रुपए प्रति क्विंटल तक उछल गए। हनुमानगंज और जुमेराती के थोक बाजारों में 5200 से 5300 रुपए क्विंटल बिकने वाली शक्कर सीधे 5900 से 6000 रुपए क्विंटल पर पहुंच गई।

कोटे की घोषणा के बाद भी दामों में उछाल ने सरकारी दावों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। बाजार में जिस कोटे से कीमतों को थामने की उम्मीद थी, उसी के जारी होने के बाद शक्कर के भाव में आई तेज तेजी ने व्यापारियों और खरीदारों को चौंका दिया। एक ही दिन में 800 रुपए क्विंटल की बढ़ोतरी ने बाजार में हलचल मचा दी है।

> राजधानी के थोक बाजार में शक्कर के भाव 800 रुपए प्रति क्विंटल तक उछल गए। हनुमानगंज और जुमेराती के थोक बाजारों में 5200 से 5300 रुपए क्विंटल बिकने वाली शक्कर सीधे 5900 से 6000 रुपए क्विंटल पर पहुंची

शक्कर बाजार में सटोरियों और स्टॉकिस्टों का प्रभाव बढ़ गया

भाव में आई तेज तेजी ने व्यापारियों और खरीदारों को चौंका दिया

घोषणा के बाद भी दामों में उछाल ने सरकारी दावों पर किए सवाल खड़े



स्थानीय शक्कर ब्रोकर रमाकांत तिवारी ने कीमतों में आए उछाल पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा कोटा जारी किए जाने के बाद भी शक्कर के दाम बढ़ना कई सवाल खड़े करता है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि बाजार की मौजूदा स्थिति देखकर ऐसा लगता है कि कोटा सरकार ने नहीं, बल्कि सटोरियों ने जारी किया हो। तिवारी के मुताबिक, आगामी त्योहारी सीजन को देखते हुए शक्कर बाजार में सटोरियों और स्टॉकिस्टों का प्रभाव बढ़ गया है। उनका आरोप है कि इन पर प्रभावी नियंत्रण नहीं होने से कीमतों में तेजी को बढ़ावा मिल रहा है। नतीजतन, सरकारी स्तर पर कोटा जारी करने की कवायद के बावजूद उपभोक्ताओं को राहत मिलने के बजाय महंगी शक्कर का सामना करना पड़ रहा है।

आम उपभोक्ता की जेब पर बढ़ेगा बोझ

त्योहारी सीजन में शक्कर की मांग बढ़ने की संभावना के बीच कीमतों में इस तेजी ने बाजार की चिंता बढ़ा दी है। थोक भाव में 800 रुपए प्रति क्विंटल की एकमुश्त बढ़ोतरी का असर आगे खुदरा बाजार पर भी पड़ सकता है। यदि यही रुख जारी रहा तो मिठाइयों और अन्य खाद्य पदार्थों की लागत बढ़ने के साथ आम उपभोक्ताओं की जेब पर भी अतिरिक्त बोझ पड़ सकता है। सबसे बड़ा सवाल यही है कि जब केंद्र सरकार ने बाजार में आपूर्ति बढ़ाने के लिए 14 लाख टन का कोटा जारी किया, तो कीमतों पर उसका असर क्यों नहीं दिखा? क्या बाजार में मांग-आपूर्ति का असंतुलन है या फिर सट्टेबाजी और स्टॉक जमा करने की प्रवृत्ति कीमतों को हवा दे रही है?

फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चेंबर्स के स्वर्ण जयंती वर्ष पर होगा आयोजन

दो दिवसीय 'विकसित भारत उद्योग एवं व्यापार सम्मेलन' 22 अक्टूबर से

देशभर के 60 से अधिक चेंबर्स और उद्योग संगठनों से संपर्क

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चेंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में दो दिवसीय 22 और 23 अक्टूबर को भोपाल में 'विकसित भारत उद्योग एवं व्यापार सम्मेलन-2026' का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन में देशभर के उद्योग एवं व्यापार जगत के प्रतिनिधि एक मंच पर जुटेंगे और औद्योगिक विकास, निवेश, व्यापार विस्तार तथा कारोबारी सुगमता से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श करेंगे। सम्मेलन में मध्यप्रदेश शासन की सहभागिता एवं सहयोग भी प्राप्त हो रहा है।

सम्मेलन का उद्घाटन सत्र 22 अक्टूबर को कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर, भोपाल में आयोजित होगा, जबकि 23 अक्टूबर को समापन सत्र होटल सायाजी, वन विहार रोड, भोपाल में होगा। आयोजन का उद्देश्य उद्योग एवं व्यापार जगत के बीच संवाद को मजबूत करना और मध्यप्रदेश में निवेश तथा औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए नए अवसर तलाशना है।

देशभर के उद्योग संगठनों का होगा समागम



हिमांशु खरे

यह सम्मेलन देश के विभिन्न राज्यों के चैंबर्स ऑफ कॉमर्स और उद्योग-व्यापार संगठनों के लिए साझा मंच बनेगा। आयोजकों के अनुसार, देशभर के 60 से अधिक प्रमुख चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एवं इंडस्ट्री एसोसिएशनों से संपर्क स्थापित किया गया है। इनमें से लगभग 40 संस्थाओं के प्रतिनिधियों की सहभागिता की पुष्टि प्राप्त हो चुकी है। मध्यप्रदेश के विभिन्न उद्योग संघों और जिला स्तरीय औद्योगिक संगठनों को भी सम्मेलन से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। सम्मेलन में रूस के स्मोलेंस्क, जर्मनी, यूनाइटेड किंगडम और दुबई सहित विभिन्न देशों के व्यापारिक एवं औद्योगिक प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है।

सम्मेलन में नीति निर्माण और एमएसएमई पर रहेगा फोकस

दो दिवसीय सम्मेलन में औद्योगिक नीति, व्यापार, निवेश, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम , विनिर्माण और अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर लगभग आठ महत्वपूर्ण सत्र प्रस्तावित हैं। इनमें नीति निर्माण, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और एमएसएमई के लिए निवेश अनुकूल वातावरण तैयार करने जैसे विषयों पर सार्थक चर्चा की जाएगी। सम्मेलन को व्यापक और प्रभावी बनाने के लिए मध्यप्रदेश शासन के विभिन्न विभागों के साथ समन्वय किया जा रहा है। इसका उद्देश्य उद्योगों की आवश्यकताओं, निवेशकों की अपेक्षाओं और कारोबारी चुनौतियों पर संवाद स्थापित कर विकास की संभावनाओं को आगे बढ़ाना है।

मध्यप्रदेश में निवेश और व्यापार को मिलेगा प्रोत्साहन

फेडरेशन के अध्यक्ष हिमांशु खरे ने उद्योग एवं व्यापार जगत के प्रतिनिधियों को सम्मेलन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। औद्योगिक क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जहां उद्योगपतियों, व्यापारिक संगठनों और नीति निर्धारकों के बीच विचारों का आदान-प्रदान होगा।

आगे लिखा 'स्कैन करो टैक्स भरो' तो पीछे दिखी 'टैक्स का तांडव' की थीम

'टैक्स का तांडव' गरबा पंडाल में अनूठी वेशभूषा से दिया टैक्स जागरुकता का संदेश

मनोरंजन के बीच कर व्यवस्था पर संदेश

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

नवरात्रि के गरबा उत्सव में इस बार भक्ति, उल्लास और पारंपरिक रंगों के बीच कर व्यवस्था पर जागरुकता का एक अनूठा संदेश भी देखने को मिला। आनंद सबधाणी अपनी विशेष वेशभूषा के जरिए लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गए। उनकी पोशाक ने रोजमर्रा की जिंदगी में आम आदमी द्वारा चुकाए जाने वाले विभिन्न करों और शुल्कों को रोचक अंदाज में प्रस्तुत कर लोगों का ध्यान आकर्षित किया। आनंद सबधाणी की वेशभूषा के सामने की ओर 'स्कैन करो टैक्स भरो' का संदेश लिखा था, जबकि पीछे की ओर 'टैक्स का तांडव' की थीम दिखाई दी।

इस पोशाक में जीएसटी, आयकर, सड़क कर, संपत्ति कर, जल कर, टोल टैक्स, पार्किंग शुल्क, स्टाम्प शुल्क, पंजीकरण शुल्क, सीमा शुल्क और बिजली शुल्क सहित कई तरह के करों एवं शुल्कों को दर्शाया गया। इसके माध्यम से उन्होंने यह बताने का प्रयास किया कि आम नागरिक का सामना जीवन के विभिन्न पड़ावों पर किस-किस तरह के करों और शुल्कों से होता है।



आनंद सबधाणी की पोशाक बनी आकर्षण का केंद्र

गरबा पंडाल में आनंद की अनोखी वेशभूषा लोगों के आकर्षण का केंद्र रही। उनकी पोशाक को देखने के लिए लोग उत्सुक नजर आए और कई लोगों ने उनके साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं। रंग-बिरंगे गरबा उत्सव के बीच करों की लंबी सूची और उस पर लिखे संदेश ने लोगों को रोजमर्रा के खर्चों तथा कर व्यवस्था के बारे में सोचने का अवसर दिया। आनंद सबधाणी का कहना है कि राष्ट्र की प्रगति और विकास के लिए करों का भुगतान आवश्यक है, लेकिन इसके साथ ही आम जनता को बेहतर सुविधाएं, मजबूत बुनियादी ढांचा और विकास का प्रत्यक्ष लाभ भी मिलना चाहिए। उनके अनुसार, कर जागरूकता केवल सरकारी कार्यालयों, सेमिनारों या औपचारिक कार्यक्रमों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसे जनसामान्य तक पहुंचाने के लिए लोकप्रिय सांस्कृतिक आयोजनों का भी सहारा लिया जाना चाहिए।

जनहित का मुद्दा अनोखे अंदाज में उठाया

आनंद ने गरबा जैसे लोकप्रिय उत्सव को कर जागरूकता का माध्यम बनाकर एक अलग पहल की। उनकी प्रस्तुति में जहां 'स्कैन करो टैक्स भरो' के जरिए कर भुगतान का संदेश दिया गया, वहीं 'टैक्स का तांडव' के माध्यम से आम आदमी की रोजमर्रा की जिंदगी में विभिन्न करों और शुल्कों की मौजूदगी को रेखांकित किया गया।मनोरंजन, रचनात्मकता और सामाजिक संदेश के इस मेल ने गरबा उत्सव में एक अलग रंग भर दिया। आनंद सबधाणी की यह पहल बताती है कि जनहित से जुड़े मुद्दों को रोचक और सहज अंदाज में प्रस्तुत कर लोगों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सकता है।

बैंक का शुद्ध लाभ 8.40 फीसदी बढ़कर 5,175 करोड़ रुपए हुआ



नई दिल्ली। बैंक ने 30 सितंबर 2026 को समाप्त तिमाही में कारोबार वृद्धि, लाभप्रदता और परिसंपत्ति गुणवत्ता के मोर्चे पर बेहतर प्रदर्शन किया। सितंबर 2025 की तुलना में बैंक का शुद्ध लाभ 8.40 फीसदी बढ़कर 5,175 करोड़ रुपए रहा। वहीं, वैश्विक कारोबार 15.88 फीसदी की वृद्धि के साथ 30,72,365 करोड़ पहुंच गया। केनरा बैंक के एमडी और सीईओ ब्रजेश कुमार सिंह ने बताया कि वैश्विक जमा में 13.13 फीसदी और वैश्विक अग्रिम में 19.46 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। बैंक का वैश्विक जमा बढ़कर 16,97,305 करोड़ हो गया, जबकि वैश्विक सकल अग्रिम 13,75,060 करोड़ रहा। घरेलू जमा 10.97 फीसदी बढ़कर 15,47,979 करोड़ और घरेलू सकल अग्रिम 16.95 फीसदी बढ़कर 12,64,753 करोड़ रुपए पहुंच गया। खुदरा ऋण कारोबार में भी मजबूत वृद्धि दर्ज की गई। आरएएम क्रेडिट 21.03 फीसदी बढ़कर 8,12,310 करोड़ रहा। खुदरा ऋण पोर्टफोलियो में 31.61 फीसदी की वृद्धि के साथ यह 3,30,587 करोड़ पहुंच गया। आवास ऋण में 17.35 फीसदी और वाहन ऋण में 25.50 फीसदी की वृद्धि हुई। बैंक का परिचालन लाभ 1.98 फीसदी बढ़कर 8,758 करोड़ रहा, जबकि प्रति शेयर आय 5 फीसदी बढ़कर 22.06 हो गई। बैंक की परिसंपत्ति गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हुआ।

राशिफल

मेष — किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। सन्तान के स्वास्थ्य में सुधार होगा। मानसिक शान्ति रहेगी। शिक्षा में व्यवधान आ सकते हैं।

वृष — अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी महिला से धन की प्राप्ति हो सकती है। मन में नकारात्मक विचारों का प्रभाव हो सकता है।

मिथुन — चिकित्सीय खर्च और भवन के मरम्मत पर खर्च बढ़ सकते हैं। वाणी में कठोरता रहेगी। वाणी का प्रभाव भी बढ़ेगा। समाज में मान-सम्मान मिलेगा।

कर्क — मन में निराशा एवं असन्तोष रहेगा। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

सिंह — न परेशान रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव बढ़ सकता है। आत्मविश्वास रहेगा। भवन सुख में वृद्धि हो सकती है। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते

कन्या — शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। आत्मविश्वास बढ़ेगा। मन में शान्ति का प्रभाव रहेगा। धैर्यशीलता में कमी रहेगी।

तुला — बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। आय के स्रोत भी विकसित होंगे। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। भवन सुख में वृद्धि हो सकती है।

वृश्चिक — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। कारोबार की स्थिति मजबूत होगी।

धनु — वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता रहेगी। नौकरी में बदलाव की स्थिति बन रही है। भाई-बहनों का सानिध्य एवं सहयोग मिलेगा।

मकर — शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कारोबार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। किसी मित्र के सहयोग से किसी सम्पत्ति में निवेश कर सकते हैं।

कुंभ — नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा। क पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। क्रोध एवं आवेश की अधिकता रहेगी।

मीन — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार रहेंगे। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे।



एम्पीयर ने जबलपुर में खोला नया एक्सपीरियंस सेंटर

जबलपुर। इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन निर्माता एम्पीयर ने मनमोहन नगर में नए एक्सपीरियंस सेंटर 'मां ऑटो जबलपुर **EV**' का शुभारंभ किया। इसके माध्यम से ग्राहकों को एक ही छत के नीचे इलेक्ट्रिक स्कूटर की बिक्री, उत्पादों की जानकारी और सर्विस सुविधाएं मिलेंगी। नए सेंटर में एम्पीयर नेक्सस **EX+**, मैग्नस **GMax**, मैग्नस **Neo** और **Reo Vyb** सहित कंपनी के विभिन्न इलेक्ट्रिक स्कूटर उपलब्ध होंगे। कंपनी के अनुसार, नेक्सस **EX+** में 5 किलोवॉट की मोटर दी गई है, जबकि नेक्सस **EX+** और मैग्नस **GMax** के चुनिंदा वैरिएंट में इंटेलिपैक तकनीक के साथ 30 से अधिक स्मार्ट फीचर्स मिलते हैं।

नीलाम की संक्षिप्त सूचना

छत्तीसगढ़ शासन वनविभाग कवर्धा वनमंडल , कवर्धा (छत्तीसगढ़)

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कवर्धा वनमंडल कवर्धा के अंतर्गत अ. डिपो लालपुर खैरबना (कवर्धा) एवं काष्ठागार चिल्फी में एकत्रित ईमारती काष्ठ एवं विभिन्न अस्थाई जलाऊ डिपो में एकत्रित जलाऊ चट्ठों तथा औद्योगिक बांस का ई-ऑक्शन द्वारा नीचे दर्शित तिथि एवं समय में नीलाम किया जावेगा । इच्छुक क्रेता नीलाम में भाग ले सकते है । नीलाम की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है ।

नीलाम दिनांक - 22/10/2026 समय - 09:00 बजे प्रातः से

नीलाम दिनांक - 22/10/2026 समय - 02:00 बजे दोपहर से

वनोपज की अनुमानित मात्रा निम्नानुसार है:-

डिपो का नाम – अ.डिपो लालपुर खैरबना (कवर्धा)

प्रजाति	नया काष्ठ			अनबिके काष्ठ			योग		
	घ.मी.	बल्ली	डेंगरी	घ.मी.	बल्ली	डेंगरी	घ.मी.	बल्ली	डेंगरी
सागौन	22.332	-	-	314.072	1071	1279	336.404	1071	1279
साल	-	-	-	46.360	-	-	46.360	-	-
साजा	-	-	-	3.553	-	-	3.553	-	-
धावड़ा	-	-	-	1.363	-	-	1.363	-	-
हल्दु	-	-	-	3.605	-	-	3.605	-	-
घाठा	-	-	-	0.801	-	-	0.801	-	-
अन्य	-	-	-	13.833	-	-	13.833	-	-
:–	22.332	-	-	383.587	1071	1279	405.919	1071	1279

डिपो का नाम – चिल्फी

प्रजाति	नया काष्ठ			अनबिके काष्ठ			योग		
	घ.मी.	बल्ली	डेंगरी	घ.मी.	बल्ली	डेंगरी	घ.मी.	बल्ली	डेंगरी
साल	198.983	-	94	637.612	-	-	836.595	-	94
बीजा	-	-	-	5.137	-	-	5.137	-	-
साजा	-	-	-	12.235	-	-	12.235	-	-
ह.मु.	-	-	-	1.309	-	-	1.309	-	-
धावड़ा	-	-	-	0.934	-	-	0.934	-	-
कसही	-	-	-	6.197	-	-	6.197	-	-
अन्य	-	-	-	1.206	-	-	1.206	-	-
योग :–	198.983	-	94	664.630	-	-	863.613	-	94

टीप :- (1) क्रेताओ को ई-आक्शन के पूर्व MSTC E-Auction portal में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है ।(अ) अ. डिपो लालपुर खैरबना में मिश्रित प्रजाति के 42 चट्ठा, अ.ज. डिपो बोड़ला में साल प्रजाति के 23 चट्ठा, सलिहा प्रजाति के 08 चट्ठा, अ.ज. डिपो बानो में सागौन प्रजाति के 10 चट्ठा मिश्रित प्रजाति के 27, सलिहा प्रजाति के 153 चट्ठा, अ. डिपो रामपुर में साल प्रजाति के 737, मिश्रित प्रजाति के 129 कुल 1129 जलाऊ चट्ठा ।(ब) अ. डिपो लालपुर खैरबना में एकत्रित औद्योगिक बांस 153.083 विकय इकाई (2) क्रेताओ को ई-आक्शन के पूर्व कय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई. एम. डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है ।(3) लाट की थप्पीसूची एवं फोटो MSTC E-Auction portal में अपने आई.डी. से लॉगइन करके देख सकते है ।(4) ई-आक्शन में लॉट कय करने हेतु प्रथम केता को 40 सेकंड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं को क्रय करने पर 30 सेकंड का समय प्राप्त होगा ।(5) प्रत्येक लॉट 30 सेकंड की अवधि के लिए बोली लगाने के लिए लाइव रहेगा। यदि अंतिम 20 सेकंड में कोई बोली प्राप्त नही होती है तो लॉट बंद कर दिया जायेगा ।

G-262703952/2

वन मंडलाधिकारी कवर्धा वनमंडल , कवर्धा

शब्द पहेली - 6378



बाएँसेदाए+
1. मन मोहने वाला-5
5. प्रस्थान करना,रवानगी-5
9. राशिचक्र की दसवीं राशि-3
10. तेल में पकाना-3
11. प्रेम,प्यार-2
13. थोड़ा,जरा-2
14. मैं का बहुवचन-2
15. उम्मीद करना-5
18. धन,संपदा-2
19. पक्षियों की चहचहाट-4
20. अभिप्राय-4
21. सद्,अच्छा-2
22. दम,ताकत-2
23. प्रकाशवान-4
26. ठसाठस-4
29. माईल,दूरी नामपे की इकाई-2
30. क्रोधित होना-2,3
33. विदेशी शराब-2
34. झुका हुआ-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. आखेट मंच-3
38. खुजली-3
41. मनमोहकता-5
42. नाटक लिखने वाला-5

ऊपर से नीचे
1. आकर्षक.चिताकर्षक-5
2. वैक्स,मधुज-2
3. अधिकार-2
4. फिल्म 'मदर इंडिया' की नायिका-4
5. जागरण-4
6. दीवार (अंग्रेजी-2)
7. मां के पिता-2
8. असफल-5
12. गर्भ,कोख-3
13. करामात-3
15. खातिरदारी -5
16. उद्देश्य-2
17. नामकरण-2,3
23. भूस्वामी-2,3
24. सही का विलोम-3
25. मृत्यु-2
27. इमामदस्ता-3
28. कांतिमान, चमकीला-5
31. उदारता,बड़प्पन-4
32. मालगोदाम-4
36. रत्न,नग-2
37. टी,चहा-2
39. याचिका,वाद (अंग्रजी-2)
40. वहम,संदेह-2

शब्द पहेली -6377 का हल

का	ज		आ	ग		सा	थ		सु	रा
ल		ता	ना		आ	स		ख	ब	र
	ली	ला		सा	या		क	ल	ह	
म	न		रा	त		र	म	ल		बि
ली		फि	जा		अ	ग	ला		सा	दा
	शू	र		की	च	ड़		ता	र	
कु	ल		अ	म	ल		ख	त		मी
ली		ग	ल	त		प	ता		जा	न
	दो	ज	ख		क	ल		ता	ल	
धा	य	ल		दा	म		ड	म		मो
त	म		प	ग		कृ	ष्ण		क	र

सूडोकु नवताल - 6388

मध्यम

9		2		4	1	7		
1						6		
5	7	3	2				4	
				9	4	8		
4		7				9		6
		5	8	3				
	3				6	5	9	1
		6						7
		9	1	8		2		4

MANGAL SEMACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6387 का हल

5	4	9	1	8	3	2	6	7
1	2	6	4	9	7	3	5	8
3	8	7	5	2	6	1	4	9
8	7	1	3	4	2	6	9	5
9	5	3	6	1	8	7	2	4
2	6	4	7	5	9	8	1	3
4	3	5	2	7	1	9	8	6
6	9	2	8	3	4	5	7	1
7	1	8	9	6	5	4	3	2

क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे सबसे युवा खिलाड़ी बने जोडर



एजेंसी ▶▶| शंघाई

राफेल जोडर ने शानदार जुझारूपन दिखाते हुए लगातार तीसरे मैच में एक सेट गंवाने के बाद वापसी की और शंघाई मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

20 वर्षीय जोडर ने नीदरलैंड्स के बोटिक वैन डी जैंडशल्प को 2 घंटे 30 मिनट तक चले मुकाबले में 6-7(4), 6-4, 6-2 से हराया। पहला सेट हारने के बाद उन्होंने शानदार वापसी की और अगले दो सेट जीतकर मैच अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ जोडर शंघाई मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं।

शंघाई मास्टर्स के इतिहास में सबसे युवा क्वार्टर फाइनलिस्ट जैकब मेन्सिक हैं, जो 19 साल की उम्र में शंघाई मास्टर्स 2024 में अपने पहले एटीपी मास्टर्स 1000 क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे।

मैं सही चीजें कर रहा था : जोडर

जोडर ने कहा, मुझे लगता है कि मैं सही चीजें कर रहा था, लेकिन उन्होंने टाई-ब्रेक में अहम प्वाइंट मुझसे बेहतर खेले। इसी कारण उन्होंने पहला सेट जीता। मुझे सिर्फ दो ब्रेक प्वाइंट मिले थे। दूसरे सेट में मैंने ब्रेक के साथ शुरुआत की, जिससे मुझे सेट में आगे बढ़ने और बेहतर स्थिति में आने में मदद मिली। आज का मैच जैसा रहा, उससे मैं बहुत खुश हूं।

जोडर ने बनाया मैच पर नियंत्रण

वैन डी जैंडशल्प ने मैच की शानदार शुरुआत की और पहले सेट में मिले दोनों ब्रेक प्वाइंट बचाए। इसके बाद उन्होंने टाई-ब्रेक में बेहतरीन खेल दिखाते हुए शुरुआती बढ़त हासिल कर ली। हालांकि, राफेल जोडर ने हार नहीं मानी और दूसरे सेट से अपनी लय पकड़नी शुरू की। धीरे-धीरे उन्होंने मैच पर नियंत्रण बना लिया और शानदार वापसी करते हुए क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। यह उनका शंघाई में पहला टूर्नामेंट था। इस जीत के साथ एटीपी फाइनल्स के लिए क्वालिफाई करने की उनकी उम्मीदें भी मजबूत हो गई हैं। 20 वर्षीय जोडर एटीपी टूर पर अपना पहला पूरा सीजन खेल रहे हैं और इस साल उनका जीत-हार का रिकॉर्ड 41-16 हो गया है। वह फिलहाल 'एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन' में 11वें स्थान पर हैं और 10वें स्थान पर मौजूद नोवाक जोकोविच से केवल 131 अंक पीछे हैं।

वुहान ओपनः स्वियातेक की सीजन की 40वीं जीत, सेरेना को पीछे छोड़ा

स्वियातेक ने मैग्डेलेना को 1 घंटे 43 मिनट में दी मात



एजेंसी ▶▶| वुहान

वुहान ओपन में पोलैंड की इगा स्वियातेक ने बुधवार को हमवतन मैग्डेलेना फ्रेच को मात देकर इस सीजन की अपनी 40वीं जीत दर्ज की, जबकि एलिना स्वितोलिना ने ल्यूडमिला सैमसोनोवा के खिलाफ जीत दर्ज करते हुए तीसरे दौर में जगह बनाई।

इस जीत के साथ दोनों खिलाड़ी सीजन के आखिर में होने वाले डब्ल्यूटीए फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने की दौड़ में बनी हुई हैं। सातवीं वरीयता प्राप्त स्वियातेक ने मैग्डेलेना फ्रेच को 1 घंटे 43 मिनट तक चले मुकाबले में 6-2, 6-1 से मात देकर डब्ल्यूटीए 1000 इवेंट्स में अपने करियर की 149वीं जीत दर्ज की। इसी के साथ स्वियातेक ने सेरेना विलियम्स की 148 जीत के आंकड़े को पीछे छोड़ दिया। वह इस लिस्ट में सातवें पायदान पर पहुंच गई हैं।

पोलैंड की स्वियातेकने अब लगातार पांच सीजन में कम से कम 40 जीत दर्ज की हैं, हालांकि उन्होंने माना कि 2026 में लगातार अच्छा प्रदर्शन बनाए रखना काफी चुनौतीपूर्ण रहा है।

मैंने कम गलतियां कीं : स्वियातेक

स्वियातेक ने कहा, मैं सेंटर कोर्ट पर पहला मैच खेलकर खुश हूं, क्योंकि मुझे पहले वहां खेलने का मौका नहीं मिला था। मैच की शुरुआत में मुकाबला एक-एक प्वाइंट का था, लेकिन बाद में मुझे खुशी हुई कि मैंने कम गलतियां कीं और मैच के आखिर तक अपने मौकों का सही इस्तेमाल किया। निश्चित रूप से यह स्कोर से कहीं ज्यादा मुश्किल मैच था।



रणजी ट्रॉफी : पोरेल-घरामी के शतक, बंगाल ने दिल्ली को 9 विकेट से हराया

दिल्ली पर बंगाल भारी, शमी ने झटके 5 विकेट

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

बंगाल ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी में अपने अभियान का आगाज जीत के साथ करते हुए दिल्ली को चौथे और आखिरी दिन 9 विकेट से हरा दिया। अपने कल के स्कोर 3 विकेट पर 101 रन से आगे खेलते हुए दिल्ली की टीम 106.2 ओवर में 277 रन पर आउट हो गई। मैच में बंगाल की जीत के हीरो रहे शतकवीर अभिषेक पोरेल और सुदीप कुमार घरामी। वहीं दिग्गज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने पहली पारी में 4 विकेट सहित पूरे मैच में 5 विकेट झटके।

कप्तान आयुष बडोनी ने 134 गेंद में 85 रन बनाए, जिसमें 10 चौके शामिल थे। विकेटकीपर बल्लेबाज अनुज रावत ने 76 गेंद में 39 रन का योगदान दिया। दिल्ली के 240 रन के जवाब में बंगाल ने पहली पारी में 429 रन बनाए थे और उसे 89 रन का लक्ष्य हासिल करने के लिए 15.3 ओवर की ही जरूरत पड़ी।



गुजरात ने ओडिशा को दी करारी शिकस्त

वहीं एक अन्य मैच में बाएं हाथ के स्पिनर सिद्धार्थ देसाई की शानदार गेंदबाजी के दम पर गुजरात ने ओडिशा को 10 विकेट से करारी शिकस्त देकर बोनस अंक सहित 7 अंक हासिल किए। ओडिशा ने 4 विकेट पर 119 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई लेकिन उसकी पूरी टीम 161 रन पर आउट हो गई। गुजरात को इस तरह से 47 रन का लक्ष्य मिला, जिसे उसने 9.3 ओवर में बिना किसी नुकसान के हासिल कर लिया। इससे पहले देसाई ने 36 रन देकर 5 विकेट लिए और ओडिशा को सस्ते में समेटने में अहम भूमिका निभाई। ओडिशा की तरफ से संदीप पटनायक ने 65 और निनाद राठवा ने 53 रन बनाए। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्जन नागवासवाला ने भी गुजरात की जीत में योगदान दिया। उन्होंने मैच में 6 विकेट लिए, जिसमें दूसरी पारी में लिए गए 33 रन देकर तीन विकेट भी शामिल हैं।

विदर्भ बनाम पुडुचेरी

रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए के मैच में विदर्भ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पुडुचेरी को 160 रनों से हराया। पहली पारी में विदर्भ ने 428 रन बनाए, जिसके जवाब में पुडुचेरी की पूरी टीम 313 रन बनाकर ऑलआउट हुई। विदर्भ ने अपनी दूसरी पारी 3 विकेट खोकर 175 रन बनाने के बाद घोषित की, जिसके जवाब में पुडुचेरी की पूरी टीम 130 रन बनाकर सिमट गई।

मिजोरम बनाम मणिपुर

प्लेट ग्रुप में खेले गए मुकाबले में मणिपुर ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए मिजोरम को 3 विकेट से हराया। मिजोरम ने पहली पारी में 183 रन बनाए, जिसके जवाब में मणिपुर ने 251 रन बनाए। दूसरी पारी में मिजोरम की पूरी टीम 295 रन बनाकर सिमटी। हालांकि, मणिपुर ने 7 विकेट खोकर 228 रनों के लक्ष्य को हासिल कर लिया।

हिमाचल प्रदेश बनाम हरियाणा

ग्रुप डी में हरियाणा ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए हिमाचल प्रदेश को 7 विकेट से हराया। हिमाचल प्रदेश ने पहली पारी में 9 विकेट खोकर 253 रन बनाए। इसके जवाब में हरियाणा ने 296 रन बनाते हुए मामूली बढ़त हासिल की। दूसरी पारी में हिमाचल प्रदेश की पूरी टीम 113 रन ही बना सकी और हरियाणा ने आसानी से 3 विकेट खोकर 74 रन बनाकर जीत दर्ज की।

खबर संक्षेप



केविन विकहम खेलेंगे बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट

सेंट जोन्स। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज 23 वर्षीय केविन विकहम को बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए पहली बार वेस्टइंडीज की टीम में शामिल किया गया है। वेस्टइंडीज ने इस दौरे के लिए 15 सदस्यीय टीम का चयन किया है। यह उसका आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के 2025-2027 चक्र का अंतिम दौरा है। पहला टेस्ट में 28 अक्टूबर से मीरपुर और दूसरा टेस्ट मैच पांच नवंबर से सिलहट में खेला जाएगा। वेस्टइंडीज ने सीमित ओवरों की टीम के कप्तान शाई होप को तीनों प्रारुपों में लगातार खेलने के बाद आराम दिया है। वेस्टइंडीज की टीम 18 अक्टूबर को बांग्लादेश पहुंचेगी और 22 से 24 अक्टूबर तक ढाका में तीन दिवसीय अभ्यास मैच खेलेगी।

बीएफआई महासचिव प्रमोद कुमार निलंबित

नई दिल्ली। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के अध्यक्ष अजय सिंह ने कथित वित्तीय अनियमितताओं, जांच में सहयोग नहीं करने और अपने अधिकारों का दुरुपयोग करने के आरोप में



महासचिव प्रमोद कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। अजय सिंह ने निलंबन आदेश में कुमार के खिलाफ कई आरोपों का हवाला दिया, जिनमें जरूरी मंजूरी के बिना प्रसारण व्यवस्था के लिए आदेश जारी करना भी शामिल है। कुमार पर राष्ट्रीय चैंपियनशिप रद्द होने की जांच में सहयोग न करने और अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए अनधिकृत बैठक बुलाने का प्रयास करने का भी आरोप लगाया गया है।

आईसीसी रैंकिंग : अय्यर ने मारी लंबी छलांग ईशान और अभिषेक में नंबर वन की जंग

एजेंसी ▶▶| दुबई

कप्तान श्रेयस अय्यर वेस्टइंडीज के खिलाफ 5 मैच की मौजूदा श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन की बदौलत आईसीसी की बल्लेबाजों की नवीनतम टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में 3 स्थान के फायदे से करियर के सर्वश्रेष्ठ चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं।

अय्यर ने लखनऊ में श्रृंखला के पहले मैच में अपना पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ा।टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष 10 में 4 भारतीय शामिल हैं। ईशान किशन 904 अंक के साथ शीर्ष पर हैं। उन्होंने साथी भारतीय बल्लेबाज अभिषेक शर्मा पर 13 अंक की बढ़त बना रखी है। पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान करियर के सर्वश्रेष्ठ 883 अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

सैमसन को रैंकिंग में फायदा

श्रीलंका के खिलाफ शानदार प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान के कप्तान फरहान ने करियर के सर्वश्रेष्ठ रेटिंग अंक हासिल किए। श्रीलंका के कुसल मेंडिस (तीन स्थान के फायदे से 23वें स्थान पर), वेस्टइंडीज के शेरफेन रदरफोर्ड (13 स्थान के फायदे से संयुक्त 24वें) और भारत के संजू सैमसन (चार स्थान के फायदे से संयुक्त 27वें) को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है।





टेस्ट ऑलराउंडरों में शीर्ष पर जडेजा

भारत के अनुभवी खिलाड़ी रविंद्र जडेजा टेस्ट ऑलराउंडरों की रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी मजबूत स्थिति बनाए हुए हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन के बाद दक्षिण अफ्रीका के वियान मुल्डर एक स्थान ऊपर चढ़कर चौथे और साइमन हार्मर पांच पायदान की छलांग लगाकर संयुक्त रूप से 23वें स्थान पर हैं। डरबन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की बड़ी जीत के बाद आईसीसी की नवीनतम टेस्ट खिलाड़ी रैंकिंग में उसके कई खिलाड़ियों को फायदा हुआ है। ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैच की श्रृंखला के पहले मुकाबले में किंग्समीड में दक्षिण अफ्रीका को 214 रन से हराया।

गांगुली-रहाणे ने पिच पर जमाया रंग, प्रिंस विलियम के साथ खेला क्रिकेट



लंदन। पूर्व कप्तान सौरव गांगुली और अजिंक्य रहाणे ने प्रिंस विलियम के साथ एक दोस्ताना टेनिस बॉल क्रिकेट मैच में भाग लिया। इस मैच का आयोजन ब्रिटिश राजघराने की पर्यावरण पहल, अर्थशॉट पुरस्कार समारोह के प्रचार के लिए किया गया था। यह पुरस्कार समारोह अगले महीने मुंबई में होगा। 38 वर्षीय रहाणे और गांगुली के अलावा इस मैच में वेस्टइंडीज के पूर्व दिग्गज ब्रायन लारा तथा इंग्लैंड के जो रूट और हैरी ब्रूक ने भी भाग लिया। इन सभी ने प्रिंस विलियम के निमंत्रण पर बकिंघम पैलेस के बाहर द मॉल में मैच खेला। रहाणे ने कहा, 'क्रिकेट खेलने के कारण मैंने दुनिया भर के कई स्थानों का दौरा किया है, लेकिन बकिंघम पैलेस की पृष्ठभूमि में लंदन के द मॉल में टेनिस बॉल क्रिकेट खेलना एक ऐसा अनुभव है, जो मुझे लंबे समय तक याद रहेगा।' उन्होंने कहा, 'प्रिंस विलियम के साथ समय बिताना तथा खेल जगत के अपने दोस्तों और दिग्गजों दादा (गांगुली), ब्रायन लारा, रूट, हैरी ब्रूक और इस मैच को यादगार बनाने वाले सभी लोगों से मिलना मेरे लिए सौभाग्य की बात थी।

आज एशियाई खेलों के विजेताओं से मिलेंगे पीएम

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हाल में संपन्न हुए आइची-नागोया एशियाई खेलों में हिस्सा लेने वाले भारतीय दल के खिलाड़ियों से गुरुवार को मुलाकात करेंगे। कार्यक्रम शाम करीब साढ़े 4 बजे मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में होगा। इस मौके पर प्रधानमंत्री सभा को भी संबोधित करेंगे। भारत ने इन खेलों में 21 स्वर्ण, 27 रजत और 37 कांस्य सहित कुल 85 पदक जीतकर चौथा स्थान हासिल किया। भारत लगातार दूसरी बार शीर्ष पांच में जगह बनाने में सफल रहा। कार्यक्रम में भारतीय दल के खिलाड़ी, उनके कोच और सहयोगी स्टाफ, भारतीय ओलंपिक संघ के अधिकारी, राष्ट्रीय खेल महासंघों के प्रतिनिधि के अलावा युवा मामले और खेल मंत्रालय के अधिकारी शामिल होंगे। भारत ने आइची-नागोया खेलों में 501 खिलाड़ियों का दल भेजा था, जिनमें से 310 खिलाड़ी पहली बार एशियाड में हिस्सा ले रहे थे।

महिला वनडे सीरीज

ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को हराया, सीरीज की क्लीन स्वीप



एजेंसी ▶▶| ब्रिस्बेन

ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए बांग्लादेश को तीसरे और आखिरी वनडे मुकाबले में 8 विकेट से हराया। इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलियाई टीम ने तीन मैचों की वनडे सीरीज को 3-0 से अपने नाम किया। तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में बांग्लादेश से मिले 173 रनों के लक्ष्य को ऑस्ट्रेलिया ने आसानी से 22.4 ओवर में 2 विकेट खोकर हासिल कर लिया। हालांकि, लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। जॉर्जिया वोल सिर्फ 11 रन बनाकर आउट हुईं। इसके बाद बेथ मूनी 14 गेंदों में 21 रन बनाकर पवेलियन लौटीं। हालांकि, इसके बाद एलिसा पेरी और एनाबेल सदरलैंड ने मोर्चा संभाला और टीम को बिना कोई और झटका लगे सफलतापूर्वक लक्ष्य तक पहुंचाया। पेरी ने 64 गेंदों का सामना करते हुए 65 रनों की नाबाद पारी खेली। अपनी इस पारी के दौरान उन्होंने 8 चौके लगाए। सदरलैंड ने महज 52 गेंदों का सामना करते हुए 12 चौकों की मदद से 74 रन बनाए और टीम को जीत दिलाकर लौटीं।

बांग्लादेश की बल्लेबाजों ने टेके घुटने

इससे पहले, बांग्लादेश की बल्लेबाजों ने ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों के आगे आसानी से घुटने टेक दिए और पूरी टीम 49.5 ओवर में 172 रन बनाकर ऑलआउट हुई। टीम की ओर से शोर्ना अख्तर ने सर्वाधिक 54 रन बनाए, जबकि शर्मिन अख्तर ने 93 गेंदों में 50 रनों की अहम पारी खेली। हालांकि, इन दोनों बल्लेबाजों को छोड़कर टीम की अन्य बैटर्स बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकीं। टीम की सात बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा तक नहीं छू सकीं।

चैंपियंस लीगः बायर्न म्यूनिख को वाइकिंग एफके ने ड्रा पर रोका

बायर्न म्यूनिख के खिलाफ ऐतिहासिक उलटफेर

एजेंसी ▶▶| इस्तांबुल

बार्सिलोना ने चैंपियंस लीग में अपने अभियान की शानदार शुरुआत को जारी रखते हुए यूरोप के सबसे खतरनाक मैदानों में से एक आरएएमएस पार्क में गैलाटसराय को 4-1 से हरा दिया। वहीं बायर्न म्यूनिख को नॉर्वे में वाइकिंग एफके ने 3-3 से ड्रॉ पर रोककर बड़ा उलटफेर किया।

इस्तांबुल में खेले गए मैच में मेजबान गैलाटसराय ने तेज शुरुआत की। अलेक्सई बत्राकोव के डिफ्लेक्टेड शॉट से गैलाटसराय ने बढ़त ले ली और पहले हाफ में बार्सा दबाव में दिखा। लेकिन हाफटाइम से ठीक पहले जोआओ कैंसेलो ने सूझबूझ भरी फिनिश से स्कोर 1-1 कर दिया। दूसरे हाफ में बार्सिलोना पूरी तरह बदल गया।



कोच हांसी फ्लिक की टीम ने इंटरवल के बाद सिर्फ तीन मिनट में दो गोल दागकर मैच अपने काबू में कर लिया। पहले लैमिन यामल ने शानदार खेल दिखाते हुए फर्मिन लोपेज के लिए सटीक पास दिया, जिस पर लोपेज ने हेडर से गोल किया। इसके तुरंत बाद यामल ने ही एंथनी गॉर्डन को गोल के लिए असिस्ट किया।

बायर्न म्यूनिख को करना पड़ा संघर्ष

दूसरी तरफ नॉर्वे में बायर्न म्यूनिख को वाइकिंग एफके के खिलाफ संघर्ष करना पड़ा। घरेलू टीम वाइकिंग ने पहले हाफ में ही 2-0 की बढ़त ले ली। जियानी स्टेंसनेस ने दूसरे मिनट में कॉर्नर पर हेडर से गोल किया और पीटर क्रिस्टियनसेन ने काउंटर-अटैक पर दूसरा गोल दागा। दूसरे हाफ में हैरी केन ने बायर्न की वापसी कराई। केन ने पहले पेनल्टी पर गोल किया और फिर हेडर से स्कोर 2-2 कर दिया। केन ने इसी के साथ चैंपियंस लीग में लगातार नौ मैचों में गोल करने का रिकॉर्ड बना लिया। इसके बाद लुइस डियाज ने शानदार मूव को अंजाम देते हुए बायर्न को 3-2 से आगे कर दिया।

केन-बेतवा लिंक परियोजना से लाखों पेड़ों की कटाई और केन घड़ियाल अभयारण्य पर असर का मुद्दा

पन्ना टाइगर रिजर्व मामले में केंद्र और राज्य को जवाब के लिए दो सप्ताह की मोहलत



जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट ने केन-बेतवा लिंक परियोजना के पर्यावरणीय और सामाजिक प्रभावों से जुड़े मामले में केंद्र और राज्य सरकार को जवाब प्रस्तुत करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया है। चीफ जस्टिस अल्पेश यशवंत कोगजे व जस्टिस विशाल जैन की डिवीजन बेंच ने सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार से सेंट्रल एम्पावर्ड कमेटी (सीईसी) की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के संदर्भ में यह मोहलत प्रदान की। जबलपुर निवासी अधिवक्ता अरिहंत तिवारी की ओर से दायर जनहित याचिका में आरोप लगाया गया है कि परियोजना के कारण पन्ना टाइगर रिजर्व के वन क्षेत्र, बाघों सहित अन्य वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास और उनके विचरण गलियारों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। याचिका में केन घड़ियाल अभयारण्य पर संभावित असर का मुद्दा उठाते हुए स्वतंत्र और वैज्ञानिक आकलन की आवश्यकता बताई गई है। याचिका में वर्ष 2017 की पर्यावरण प्रभाव आकलन रिपोर्ट की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए गए हैं। साथ ही, रिपोर्ट में कथित तथ्यात्मक त्रुटियों और स्वतंत्र जल वैज्ञानिक अध्ययन की जरूरत का उल्लेख किया गया है। याचिकाकर्ता ने वन कटाई से बुंदेलखंड के पर्यावरण और स्थानीय जलवायु पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों की ओर भी कोर्ट का ध्यान आकर्षित किया है।

याचिका में छतरपुर जिले में परियोजना का विरोध कर रहे आदिवासियों और किसानों के आंदोलनों के दौरान प्रदर्शनकारियों पर प्रशासनिक दबाव डालने के आरोप भी लगाए गए हैं। इसमें राशन-पानी की आपूर्ति और ग्रामीणों की आवाजाही प्रभावित किए जाने संबंधी दावे किए गए हैं।

जबलपुर में शासकीय योजना के नाम पर 7.70 लाख की धोखाधड़ी का आरोप, कोर्ट ने मांगा जांच प्रतिवेदन

जबलपुर। शासकीय योजना के तहत तिलहरी क्षेत्र में प्लॉट दिलाने का झांसा देकर करीब 7 लाख 70 हजार रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में न्यायालय में परिवाद पेश किया गया है। परिवाद पर सुनवाई करते हुए प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट शुभांगी पालो दत्त की अदालत ने थाना प्रभारी गोरखपुर से 26 नवंबर तक जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के आदेश दिए हैं।

परिवादी कार्तिकेय यादव एवं सत्यदेव यादव की ओर से परिवादीगण की ओर से अधिवक्ता विवेक तिवारी ने कोर्ट को बताया कि मोहम्मद इस्लाम उर्फ अर्जुन शर्मा ने अपनी पहचान छिपाई। नगर निगम से संबंधित कर्मचारी होने का विश्वास दिलाया और शासकीय योजना के तहत प्लॉट दिलाने के नाम पर कई लोगों से रकम प्राप्त की। आरोप है कि राशि लेने के बावजूद न तो प्लॉट दिए गए और न ही रकम वापस की गई।परिवाद में भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) एवं 319 के तहत कार्रवाई की मांग की गई है।

सड़क हादसे में घायल अज्ञात व्यक्ति की मौत

जबलपुर। तिलवारा थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर सड़क हादसे में घायल एक अज्ञात व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। पुलिस के अनुसार, 13 अक्टूबर की रात करीब 8:30 बजे जंक्शन ढाबा के सामने नेशनल हाईवे पर हादसे की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचे एनएचएआई की 1033 एंबुलेंस के कर्मचारी कृष्णगोपाल झारिया ने करीब 55 वर्षीय एक अज्ञात व्यक्ति को घायल अवस्था में सड़क पर पड़ा देखा। उसे एंबुलेंस से मेडिकल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

गिरवी रखे सोने की सस्ती नीलामी का झांसा देकर 30.95 लाख की धोखाधड़ी

जबलपुर। लार्डगंज थाना क्षेत्र में फेडरल बैंक फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के माध्यम से गिरवी रखे सोने को कम कीमत पर नीलामी में दिलाने का लालच देकर 30 लाख 95 हजार रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। हाउसिंग कॉलोनी, स्टेशन रोड कांचघर निवासी 35 वर्षीय सुनील गुप्ता रेलवे में ठेकेदारी करते हैं। उन्होंने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 25 सितंबर को श्याम गुप्ता और निखिल विश्वकर्मा उन्हें तथा उनके दोस्त आदित्य देशमुख को लेबर चौक, यादव कॉलोनी स्थित फेडरल बैंक फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड ले गए। वहां मैनेजर सुरेंद्र सिंह पटेल और कैशियर दिव्या चौरसिया सहित अन्य लोगों ने हितग्राहियों द्वारा गिरवी रखे सोने को नीलामी में कम कीमत पर दिलाने का लालच दिया। शिकायत के अनुसार, सुनील गुप्ता से ऑनलाइन 10 लाख 40 हजार रुपये और नकद 12 लाख 5 हजार रुपये, कुल 22 लाख 45 हजार रुपये लिए गए। वहीं उनके दोस्त आदित्य देशमुख से भी 8 लाख 50 हजार रुपये लिए गए। रकम वापस मांगने पर रुपये नहीं लौटाए गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर सुरेंद्र सिंह पटेल, दिव्या चौरसिया, श्याम गुप्ता और निखिल विश्वकर्मा के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4) और 3(5) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

निर्माणाधीन मकान की छत से गिरकर मजदूर की मौत

जबलपुर। खमरिया थाना पुलिस को 13 अक्टूबर को विक्टोरिया अस्पताल से सूचना मिली कि इंद्रा पड़वार, बरेला निवासी 38 वर्षीय ओमकार मरावी की निर्माणाधीन मकान की छत से गिरने के कारण आई चोटों से मौत हो गई। परिजनों के अनुसार, उन्हें दोपहर करीब 3 बजे अस्पताल लाया गया था, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।





हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेद्वी RNI No.: MPHIN/2008/24240

टूटे बर्तन बदलने के बहाने घर पहुंची थीं आरोपी महिलाएं

लालच देकर 80 हजार रूपए के आभूषण लेकर महिलाएं फरार



जबलपुर। शहर के रांझी थाना क्षेत्र में धोखाधड़ी का एक मामला सामने आया है, जहां दो अज्ञात महिलाएं जेवरों की फोटो खींचने और बदले में 50 हजार रुपये देने का लालच देकर एक महिला और उसकी भांजी के करीब 80 हजार रुपये कीमत के सोने-चांदी के आभूषण लेकर फरार हो गईं। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

पुलिस के अनुसार, 13 अक्टूबर 2026 को 33 वर्षीय अंजना लोधी, निवासी बड़े कुआं के पास, रिछाई, रांझी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़िता पापड़ बनाने का काम करती है। उसने बताया कि 10 अक्टूबर को दोपहर करीब 12 बजे 30 से 35 वर्ष की एक महिला अपनी साथी महिला और बच्चे के साथ उसके घर पहुंची थी। महिला ने घर के टूटे बर्तन मांगे और कहा कि वे पुराने बर्तनों को नया बनाकर देती हैं। इस पर अंजना ने अपने घर के टूटे बर्तन उसे दे दिए।

इसके बाद 13 अक्टूबर को दोपहर करीब 12 बजे वही महिला दोबारा उसके घर आई और नए बर्तन देने के साथ एक कंपनी में जेवरों की फोटो खींचने तथा पैसे देने का आकर्षक ऑफर होने की बात कही। महिला ने बताया कि यह ऑफर शाम 4 बजे तक है और इसमें जेवर वापस मिलने के साथ 50 हजार रुपये भी दिए जाएंगे। उसने अंजना से अपने पास रखे सोने-चांदी के आभूषण देने को कहा और किसी को भी इस बारे में नहीं बताने की हिदायत दी।

महिला की बातों में आकर अंजना ने अपने सोने के एक जोड़ी टॉप्स और एक मंगलसूत्र उसे दे दिया। वहीं, उसकी भांजी पूर्णिमा पटेल ने भी सोने की एक लौंग, चांदी की दो अंगूठियां, एक चांदी की चेन और हाथ का लॉकेट दे दिया। आरोपी महिला ने सभी आभूषण लेकर शाम 4 बजे तक पैसे सहित वापस लौटाने का भरोसा दिलाया। इसके बाद वह अपनी साथी महिला और बच्चे के साथ ऑटो में बैठकर वहां से चली गई।

शाम तक इंतजार करती रही पीड़िता, नहीं लौटी महिला

पीड़िता के अनुसार, शाम 4 बजे तक महिला के वापस नहीं आने पर उसने करीब 5:30 बजे तक इंतजार किया। इसके बाद भांजी पूर्णिमा से पूछताछ की तो पता चला कि महिला उसके पास भी नहीं पहुंची थी। अंजना ने अपने पति सोनू लोधी को घटना की जानकारी दी। इसके बाद मोहल्ले और आसपास आरोपी महिलाओं की तलाश की गई, लेकिन उनका कोई पता नहीं चला। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि दोनों अज्ञात महिलाओं ने 50 हजार रुपये और जेवर वापस मिलने का लालच देकर उसके तथा उसकी भांजी के करीब 80 हजार रुपये कीमत के सोने-चांदी के आभूषण धोखे से ले लिए हैं। पुलिस ने रिपोर्ट पर धारा 318(4) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है। फरार आरोपी महिलाओं की तलाश की जा रही है।

हाई कोर्ट एडवोकेट्स बार चुनाव

आज मतदान, 505 अधिवक्ता चुनेंगे नई कार्यकारिणी



अध्यक्ष पद पर शशांक शेखर और विजय पांडे के बीच मुकाबला

जबलपुर। हाईकोर्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी के गठन के लिए 15 अक्टूबर को मतदान होगा। चुनाव में 505 अधिवक्ता अपने मताधिकार का प्रयोग कर पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव करेंगे। अध्यक्ष पद पर वरिष्ठ अधिवक्ता शशांक शेखर और अधिवक्ता विजय पांडे के बीच मुकाबला है। चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं में सरगर्मी तेज है।

मुख्य चुनाव अधिकारी राकेश पांडे के अनुसार, अध्यक्ष पद के लिए दो, उपाध्यक्ष पद के लिए तीन और सचिव पद के लिए तीन प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है। उपाध्यक्ष पद पर नवीन दुबे, विक्रम सिंह और मोहन सोंसरकर, जबकि सचिव पद पर राजमणि मिश्रा, विकल्प सोनी और सौरभ सुंदर चुनाव मैदान में हैं।

सह-सचिव पद के लिए रनवीर सिंह और अनुज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पद के लिए भास्कर पांडे, दिवेश जैन और राजस पोहनकर ने नामांकन दाखिल किया है। पुस्तकालय सचिव पद के लिए अलका सिंह और गुलाबकली पटेल ने उम्मीदवारी पेश की है।

वहीं, कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए माधवी चतुर्वेदी, आशीष मिश्रा, रुचिका गोहिल, सिद्धार्थ श्रीवास्तव, गोपेश तिवारी और सना खान मैदान में हैं। चुनाव के लिए कुल 21 नामांकन दाखिल किए गए थे। सहायक चुनाव अधिकारी रियाज मोहम्मद और राजेंद्र जायसवाल ने बताया कि मतदान में 505 अधिवक्ता हिस्सा लेंगे। मतदान के बाद चुनाव परिणामों को लेकर अधिवक्ताओं की निगाहें टिकी रहेंगी।



केसरवानी गरबा महोत्सव में गरबा की धूम

जबलपुर। नगर केसरवानी वैश्य सभा के सानिध्य में नगर केसरवानी वैश्य महिला सभा एवं तरुण सभा द्वारा शताब्दीपुरम स्थित केसरवानी महाविद्यालय में केसरवानी गरबा महोत्सव 2026 का भव्य आयोजन किया गया। मां भगवती की आराधना और भारतीय संस्कृति को समर्पित महोत्सव में समाजजनों एवं मातृशक्ति ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, श्रीमती माला राकेश सिंह, भाजपा महानगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, विधायक अभिलाष पांडे, जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन, वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. एम.पी. गुप्ता, महाकौशल चैंबर्स ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष रवि गुप्ता, नईदुनिया संपादक उज्ज्वल शुक्ला, यशभारत संचालक आशीष शुक्ला एवं युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष योगेंद्र सिंह ठाकुर सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

समारोह में जेडीए उपाध्यक्ष प्रशांत केशरवानी एवं भाजपा महानगर मंत्री सुधांशु गुप्ता को समाज गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। आयोजन में संरक्षक वीरेंद्र केशरवानी, गोरे केशरवानी, सभा अध्यक्ष विनय केसरवानी, ट्रस्टी विनोद केशरवानी, नीलू केशरवानी, गौरव केशरवानी, गोपाल गुप्ता केसरवानी, शरद केशरी, गौरव केशरवानी लमती, राजकुमार केसरवानी, महामंत्री मनीष केशरी, महेश केशरवानी (पगड़ी हाउस), कोषाध्यक्ष यत्नेश केसरवानी सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। महिला सभा की वरिष्ठ उपाध्यक्ष अर्चना केसरवानी, महामंत्री मंजू केसरवानी, कोषाध्यक्ष अंकिता केसरवानी, राजू भतीजे, महेश केशरवानी पगड़ी एवं पिंकू गोरखपुर सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे। आयोजकों ने सभी अतिथियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

सागरदीप को टर्मिनेशन का नोटिस जारी, 1 लाख का लगाया अर्थ दंड भी

पीपीपी मोड के शौचालयों की अव्यवस्था देख भड़के महापौर



जबलपुर। संस्कारधानी में इन दिनों शारदीय नवरात्र और विजय दशहरे का पावन पर्व अत्यंत उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। ऐतिहासिक चल समारोह और मां दुर्गा के दर्शन के लिए दूर-दराज से हजारों की संख्या में श्रद्धालु शहर पहुंच रहे हैं। बाहरी जिलों और अन्य स्थानों से आने वाले इन श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसकी चिंता करते हुए महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने आज नगर निगम अधिकारियों के साथ शहर के प्रमुख सार्वजनिक प्रसाधन केंद्रों का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान दशहरा मार्ग के सभी प्रसाधन केंद्रों का महापौर ने क्रमशः शास्त्री ब्रिज, नागरथ चैक, सिविक सेंटर और ज्योति टॉकीज जैसे प्रमुख और व्यस्त क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान नगर निगम द्वारा संचालित टायलेट तो बेहतर और साफ-सुथरी स्थिति में पाए गए, लेकिन पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मोड पर संचालित सभी शौचालय बंद के साथ कब्जे मिले। इन परिसरों में न केवल गंदगी का अंबार मिला, बल्कि वहां लोगों के रहने की बात भी सामने आई। इसको लेकर महापौर जमकर भड़क उठे। इस गंभीर लापरवाही पर महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने गहरी अप्रसन्नता और नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित विभाग के प्रमुख को कड़ी हिदायत देते हुए संबंधित सभी एजेंसियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही, अगले 24 घंटे के भीतर सभी बंद शौचालयों को व्यवस्थित रूप से दुरुस्त कर आम जनता और श्रद्धालुओं के लिए पूरी तरह चालू करने के आदेश दिए। प्राप्त जानकारी के अनुसार निगम प्रशासन द्वारा पीपीपी मोड के शौचालयों की अव्यवस्था पर सागरदीप को टर्मिनेशन का नोटिस जारी किया गया तथा 1 लाख रूपये का अर्थ दंड भी लगाया। सुलभ इंटरनेशनल पर भी 25 हजार रुपए का जुर्माना लगाया। इसके साथ-साथ होर्डिंग शाखा प्रभारी सहित सी.एस.आई. और एस.आई. को नोटिस जारी किये गए। सुपरवाइजर का 1 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये गए एवं सी.एस.आई. और एस.आई. समस्त सार्वजनिक और सामुदायिक शौचालयों की जॉच कर 2 दिन में रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

निरीक्षण के दौरान उनके साथ अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान, उपायुक्त संभव अयाची, कार्यपालन यंत्री एवं होर्डिंग शाखा प्रभारी शैलेन्द्र कौरव, प्रभारी सुनील दुबे स्वास्थ्य अधिकारी अभिनव मिश्रा, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अनिल बारी, आनंद राव समेत अन्य निगम अधिकारी भी मौजूद रहे। महापौर ने स्पष्ट शब्दों में अधिकारियों को निर्देश दिए कि पर्व के इन विशेष दिनों में हमारे देवतुल्य नागरिकों और बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को मूलभूत सुविधाओं के अभाव में किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। महापौर की इस सक्रियता और सकारात्मक पहल से यह सुनिश्चित हो रहा है कि संस्कारधानी आने वाले हर श्रद्धालु का पर्व सुखद और सुगम बने।

अंतस के भक्तिमय गरबा महोत्सव में रंगारंग प्रस्तुतियों ने मोहा मन



जबलपुर। अंतस साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था द्वारा श्री दत्त मंदिर परिसर सभागार में भक्तिमय गरबा महोत्सव आयोजित किया गया। शुभारंभ मां दुर्गा के पूजन एवं आरती से हुआ। सामूहिक गरबा, डांडिया, तलवार डांस, छतरी डांस और बॉलीवुड प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। संस्थापक डॉ. अनिल कुमार कोरी एवं निर्देशिका विनीता पैगवार 'विधि' ने कहा कि ऐसे आयोजन सांस्कृतिक परंपराओं और सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं। संचालन अमित परनामी तथा नृत्य निर्देशन अदिति कुमार ने किया। निर्णायक दिव्या चौबे, निहारिका कुरवाने, रश्मि पाठक एवं अभिलाषा पांडे रहीं। आयोजन में राजेश पाठक प्रवीण, सरोज संतोषी, संदीप बनौधा, राजेश तिवारी सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। समापन पर प्रतिभागियों को पुरस्कार दिए गए। डॉ. कोरी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

धूमधाम से मनाया 71वां धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस



जबलपुर। ऑल इंडिया समता सैनिक दल पंजीकृत इकाई जबलपुर के तत्वावधान में 14 अक्टूबर को डॉ. आंबेडकर चौक, हाईकोर्ट में 71वां धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस एवं सम्राट अशोक धम्म विजय दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में डॉ. बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर सामूहिक माल्यार्पण एवं बुद्ध वंदना की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिन्दुसार कापसे ने की तथा संयोजक अशोक रामटेके सहित उपासक-उपासिकाओं ने बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर टी.डी. हुमने, ओ.पी. चाटे, दयानंद हराले, दिलीप सहारे एवं जे.ए. रामटेके द्वारा लिखित पुस्तक 'बाबा साहब डॉ. आंबेडकर की धम्म क्रांति (सामाजिक मुक्ति से बुद्ध धम्म तक)' का विमोचन किया गया। बिन्दुसार कापसे ने कहा कि 14 अक्टूबर 1956 को नागपुर में डॉ. आंबेडकर ने पूज्य भिक्षु चंद्रमणि जी से बौद्ध धम्म की दीक्षा ग्रहण की थी। यह दिन सामाजिक मुक्ति और धम्म परिवर्तन के इतिहास में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। कार्यक्रम में बुद्ध वंदना के साथ खीर एवं फल का प्रसाद वितरित किया गया।

हुक्म चंद नारद का जीवन परिचय पत्रकारिता पाठ्यक्रम में शामिल

जबलपुर। भारत की श्रमजीवी पत्रकारिता के जनक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय हुक्म चंद नारद का विस्तृत जीवन परिचय देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर के बीएमसीजे प्रथम सेमेस्टर के 'हिस्ट्री ऑफ प्रेस' अध्याय में शामिल किया गया है। उनके साथ राहुल बारपुते, प्रभाष जोशी, माणिक चंद बाजपेयी, अटल बिहारी वाजपेयी और माखनलाल चतुर्वेदी जैसी विभूतियों का भी उल्लेख किया गया है। यह जानकारी विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार अध्ययनशाला की विभागाध्यक्ष डॉ. सोनाली नरगुंदे के माध्यम से डॉ. संदीप नारद ने दी। उल्लेखनीय है कि स्वर्गीय हुक्म चंद नारद की 125वीं जन्म जयंती वर्ष 2027 में मनाई जाएगी। पत्रकारिता पाठ्यक्रम में उनका जीवन परिचय शामिल होना उनके योगदान और विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।



4 दिन बाद नहर में मिला 10 वर्षीय आशीष का शव

जबलपुर। खमरिया थाना क्षेत्र की उमरिया नहर में 11 अक्टूबर को डूबे 10 वर्षीय आशीष ठाकुर का शव बुधवार सुबह पनागर क्षेत्र के ग्राम खरोद के पास नहर के स्टॉप डैम में मिला। बालक की तलाश में जुटी पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने शव को बाहर निकलवाया। पंचनामा कार्रवाई के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया। पनागर थाना प्रभारी विपिन सिंह के अनुसार, डायल 112 से सूचना मिली थी कि तिल्लनी खरोद गांव के पास बड़ी नहर में एक अज्ञात व्यक्ति का शव दिखाई दे रहा है। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के दौरान मृतक की पहचान आशीष ठाकुर, पिता किशोर ठाकुर, के रूप में हुई।

आदिवासी युवक-युवतियों से कथित अभद्रता पर कार्रवाई की मांग



जबलपुर। भोपाल में आदिवासी युवक-युवतियों के साथ कथित अभद्रता के मामले में आदिवासी कांग्रेस जबलपुर ग्रामीण एवं अन्य पदाधिकारियों ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर संबंधित पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। आरोप है कि 'जय सेवा, जय जोहार' बोलने पर युवक-युवतियों के साथ अभद्र व्यवहार किया गया। ज्ञापन में मामले की निष्पक्ष जांच, आरोप प्रमाणित होने पर एससी-एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम सहित अन्य लागू कानूनी प्रावधानों के तहत कार्रवाई, घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज की जांच तथा जांच के दौरान नियमानुसार विभागीय कार्रवाई की मांग की गई है। साथ ही आदिवासी समाज के पारंपरिक अभिवादन के सम्मान को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश जारी करने की अपील की गई है। इस अवसर पर आदिवासी कांग्रेस ग्रामीण जिला अध्यक्ष नीलेश बरकड़े, शहर जिला अध्यक्ष धीरेंद्र संजू ठाकुर, महिला आदिवासी कांग्रेस ग्रामीण जिला अध्यक्ष ऊमा उईके, शहर अध्यक्ष अंजना इनवाते, सिद्धार्थ सिंह परस्ते, जिला पंचायत सदस्य राम कुमार सोयम, नितिन मरकाम, सोकाश मरावी, देवीप्रसाद गौडाने, सौलंकी श्याम सौर, अशोक यादव, योगेश कोल, इमेश कोल, राजू खतेल, अमरचंद बावरिया, जय रौतिया, विनोद शोटिया, अतुल किरखकर्मा एवं अनिल पस्ते सहित अन्य पदाधिकारियों ने कार्रवाई की मांग का समर्थन किया।

क्रेडिट स्कोर जानने के नाम पर 90 हजार रुपये की ऑनलाइन ठगी

जबलपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र में साइबर ठगी का मामला सामने आया है। उपरैनगंज, दीक्षितपुरा निवासी 32 वर्षीय आशीष विश्वकर्मा बैग बनाने और बेचने का काम करता है। आशीष के मुताबिक, 28 सितंबर की शाम उसके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने क्रेडिट स्कोर जानने के लिए नंबर-1 दबाने को कहा। उसके ऐसा करते ही मोबाइल बंद हो गया। मोबाइल चालू करने के बाद अपडेट होने लगा और इसी दौरान उसके पंजाब नेशनल बैंक खाते से गूगल पे व फोन पे के माध्यम से पांच बार में अलग-अलग खातों में कुल 90 हजार रुपये ट्रांसफर हो गए। शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अंतरराष्ट्रीय ग्रामीण महिला दिवस पर आज होगा 'नारी नेतृत्व-सशक्त पंचायत' कॉन्क्लेव

जिले की 379 महिला पंचायत प्रतिनिधियां होंगी शामिल, पंचायत नेतृत्व और पेयजल प्रबंधन पर होगी चर्चा

जबलपुर। अंतरराष्ट्रीय ग्रामीण महिला दिवस के अवसर पर जिला पंचायत जबलपुर द्वारा 15 अक्टूबर को 'नारी नेतृत्व-सशक्त पंचायत' थीम पर ग्रामीण पंचायती राज महिला नेतृत्व कॉन्क्लेव का आयोजन होटल रॉयल ऑर्बिट में सुबह 11 बजे से किया जाएगा। जिला पंचायत सीईओ अभिषेक गेहलोत के अनुसार, कॉन्क्लेव में जिले की 379 निर्वाचित महिला पंचायत प्रतिनिधियां शामिल होंगी। इनमें जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशा मुकेश गोटिया, जिला पंचायत की 8 सदस्य, 5 जनपद पंचायत अध्यक्ष, 2 जनपद उपाध्यक्ष, 81 जनपद सदस्य और 282 ग्राम पंचायतों की सरपंच शामिल हैं। कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उईके, पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्रीमती राधा सिंह तथा राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा वाल्मिक विशिष्ट अतिथि रहेंगी। कॉन्क्लेव में पंचायती राज में महिला नेतृत्व, पंचायतों के स्वयं के आय स्रोत, कर संग्रहण और ग्रामीण पेयजल प्रबंधन पर तकनीकी सत्र आयोजित होंगे। महिला जनप्रतिनिधियां अपने अनुभव भी साझा करेंगी। कार्यक्रम का उद्देश्य पंचायत व्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने तथा उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए प्रेरित करना है।

गोविंदगंज रामलीला में सीता हरण का भावपूर्ण मंचन, राम-सीता के विरह ने दर्शकों को किया भावुक

'साधु होना कठिन, साधु बनना सरल', रावण के व्यंग्य ने चौंकाया

जबलपुर। गोविंदगंज रामलीला में सीता हरण प्रसंग का प्रभावशाली मंचन किया गया। रावण द्वारा साधु वेश धारण कर माता सीता का हरण करने के दृश्य ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। वहीं, रावण के इस व्यंग्य कि संसार में साधु होना कठिन है, लेकिन साधु बनना सरल, ने दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर दिया।लीला के दौरान रावण मारीच से कहता है कि साधु का वेश धारण करना तो कुछ क्षणों का काम है, लेकिन वास्तव में साधु बनने में जन्म-जन्मांतर लग जाते हैं। रावण के इस कटाक्ष का मर्म समझकर दर्शक चकित रह गए। इसके बाद मारीच मायामृग बना और श्रीराम को कुटिया से दूर ले गया। इसी अवसर का लाभ उठाकर रावण साधु के वेश में पहुंचा और माता सीता का हरण कर लिया। रावण ने अपने संवादों में लंकापति होने का अहंकार जताते हुए माता सीता को लंका ले जाने की घोषणा की। सीता हरण के दृश्य, माता सीता के विलाप और उनके वियोग में



श्रीराम के व्याकुल होकर खोजने निकलने के प्रसंग ने दर्शकों को भावुक कर दिया।

रामलीला देखने उमड़ी अपार भीड़

गोविंदगंज रामलीला समिति के अध्यक्ष अनिल तिवारी ने बताया कि भगवान श्रीराम की मानव लीला देखने के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। देर रात तक दर्शक मंच के दोनों ओर बैठकर लीला का आनंद लेते हैं। सीता हरण प्रसंग में कलाकारों के अभिनय और प्रभावशाली संवादों पर दर्शकों ने खूब सराहना की।

मंचन में श्रीराम की भूमिका ओम दुबे, रावण की पवन पांडे, सुतीक्षण की शंकर शर्मा, लक्ष्मण की मानस पांडे, सीता की शिवा तिवारी, मारीच की राजकुमार गुप्ता तथा खर-दूषण की भूमिका दीपक नामदेव ने निभाई। वहीं, सुंदरी शूर्पणखा के रूप में दीपक पांडे और भयंकर शूर्पणखा के रूप में आकाश पाठक ने अपने अभिनय से खूब तालियां बटोरीं।

आज होगा राम-हनुमान मिलन

अध्यक्ष अनिल तिवारी ने बताया कि आगामी लीला में रामभक्त हनुमान का मंच पर आगमन होगा। राम-सुग्रीव मैत्री के प्रसंग के माध्यम से हनुमानजी और भगवान श्रीराम के पवित्र मिलन का मंचन किया जाएगा। इस प्रसंग का श्रद्धालुओं को पूरे वर्ष इंतजार रहता है। इसके साथ ही शबरी मिलन, नवधा भक्ति और नारद ज्ञान सूत्र की लीलाएं भी प्रस्तुत की जाएंगी।

सिटी बंगाली क्लब में 101वें दुर्गा पूजा शरदोत्सव का आज शुभारंभ

अल्पना थीम पर सजेगा पंडाल, कोलकाता के कलाकारों ने तैयार की प्रतिमा

जबलपुर। सिद्धि बाला बोस लाइब्रेरी एसोसिएशन सिटी बंगाली क्लब द्वारा 101वें दुर्गा पूजा शरदोत्सव का शुभारंभ गुरुवार, 15 अक्टूबर को पंचमी के दिन शाम 7 बजे होगा। इस अवसर पर पूजा पंडाल श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोल दिया जाएगा।

इस वर्ष पंडाल की सजावट बंगाल की पारंपरिक अल्पना कला की थीम पर की जा रही है। पंडाल और मां दुर्गा की प्रतिमा कोलकाता के कलाकारों द्वारा तैयार की गई है। उत्सव में पारंपरिक ढाक की गूंज के लिए कोलकाता से विशेष ढाकी दल भी आमंत्रित किया गया है। आयोजन के दौरान प्रतिदिन मां दुर्गा की पूजा-अर्चना, संध्या आरती और भोग वितरण होगा।



साथ ही कोलकाता से आए कलाकार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे तथा विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। क्लब का उद्देश्य बंगाली संस्कृति, कला, संगीत और परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाना तथा सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देना है। क्लब प्रबंधन ने शहरवासियों से शरदोत्सव में शामिल होकर मां दुर्गा का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

मझौली में नवरात्रि की धूम, विष्णु वाराह मंदिर में उमड़े श्रद्धालु

मझौली। नगर में शारदीय नवरात्रि पर्व हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया जा रहा है। प्रसिद्ध विष्णु वाराह मंदिर में सुबह से शाम तक श्रद्धालुओं की भीड़ दर्शन के लिए पहुंच रही है। नगर के विभिन्न मोहल्लों में आकर्षक पंडालों में माता रानी की प्रतिमाएं विराजमान की गई हैं। सुबह-शाम की आरती में बड़ी संख्या में भक्त शामिल हो रहे हैं। नवरात्रि के अवसर पर घरों, मोहल्लों और देवालयों में जवारे-कलश स्थापित कर श्रद्धालु नौ दिनों तक विधि-विधान से माता की आराधना कर रहे हैं। माता के जयकारों से नगर का वातावरण भक्तिमय बना हुआ है।मान्यता के अनुसार, नवमी के दिन सोमवार शाम को जवारे-कलशों का विसर्जन नगर के दुर्गा घाट तालाब में किया जाएगा। इसे लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं।



देर रात तक खुला रहता है बरेला उप तहसील कार्यालय, कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

बरेला। नगर स्थित उपतहसील कार्यालय की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठ रहे हैं। शासन के निर्धारित समय सुबह 10 से शाम 6 बजे तक कार्यालय संचालन के प्रावधान के बावजूद कार्यालय समय पर नहीं खुलने और देर रात तक खुले रहने की शिकायतें सामने आ रही हैं। स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि देर शाम कार्यालय में तहसीलदार और रीडर की अनुपस्थिति के बावजूद कुछ कर्मचारी, कंप्यूटर ऑपरेटर एवं अन्य लोग मौजूद रहते हैं। ऐसे में अधिकारियों की गैरमौजूदगी में देर रात तक कार्यालय खुले रहने का कारण चर्चा का विषय बना हुआ है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरविंद तिवारी ने आरोप लगाया कि कार्यालय में आम लोगों को काम के लिए बार-बार चक्कर लगाने पड़ते हैं, जबकि कथित तौर पर



दलालों के माध्यम से काम आसानी से हो जाते हैं। उन्होंने संबंधित उच्चाधिकारियों से उपतहसील कार्यालय का औचक निरीक्षण कराने और कार्यप्रणाली की जांच की मांग की है। इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है।



छात्राओं को दिया आर्टिफिशियल ज्वेलरी मेकिंग का प्रशिक्षण

जबलपुर। शासकीय कन्या महाविद्यालय रांझी में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत एक दिवसीय आर्टिफिशियल ज्वेलरी मेकिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें श्रीमती शुभ्रा ने छात्राओं को आभूषण बनाने का प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वीना श्रीवास्तव ने की, जबकि संचालन प्रभारी डॉ. माधुरी सिंह ने किया। प्रशिक्षण में छात्राओं को ज्वेलरी डिजाइनिंग की मूलभूत जानकारी, आधुनिक ट्रेंड, मार्केटिंग तथा आर्टिफिशियल ज्वेलरी निर्माण की तकनीक से अवगत कराया गया। साथ ही स्वरोजगार एवं रोजगार के अवसरों की जानकारी देकर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. बिंदु शर्मा, श्रीमती रेनूबाला घई, श्रीमती कविता धुर्वे, श्रीमती स्वीटी यादव, दीपेन्द्र झारिया, डॉ. दीपेन्द्र यादव, डॉ. नीलमा रॉय, डॉ. अंकिता पांडे, डॉ. सपना श्रीवास्तव एवं कु. पूजा सेन की उपस्थिति रही।



ट्रैफिक व्यवस्था सुधरेगी, डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन होगा शत-प्रतिशत

जबलपुर। शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने और स्वच्छता को मजबूत बनाने के लिए निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने ट्रैफिक मैनेजमेंट प्रभावी बनाने, प्रत्येक वार्ड में शत-प्रतिशत डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण तथा गार्बेज ट्रांसफर स्टेशनों पर कचरे का वैज्ञानिक और समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा। निगमायुक्त ने आउटडोर मीडिया पॉलिसी का शत-प्रतिशत पालन कराने और नियमों का उल्लंघन करने वाली एजेंसियों तथा अवैध होर्डिंग लगाने वालों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई के निर्देश भी दिए। उन्होंने शहर की सुंदरता बनाए रखने और सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने पर विशेष जोर दिया। बैठक में अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान, व्ही.एन. बाजपेयी, उपायुक्त संभव अयाची, कार्यपालन यंत्री जी.एस. मरावी, नवीन लोनारे, शैलेन्द्र कौरव, जागेन्द्र सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

भेड़ाघाट में अवैध रेत खनन से संगमरमर की प्राकृतिक सुंदरता पर खतरा

भेड़ाघाट। विश्वविख्यात पर्यटन स्थल भेड़ाघाट की संगमरमर वादियों में सरस्वती घाट पर कथित अवैध रेत खनन का मामला सामने आया है। स्थानीय नागरिकों के अनुसार, रेत निकालकर बोरियों में भरी जा रही है और बेची जा रही है। इससे क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता और पर्यावरण को नुकसान पहुंचने की आशंका है। आरोप है कि रेत निकालने के लिए नमामि देवी नर्मदे मार्ग तक की खुदाई की जा रही है। नागरिकों का कहना है कि रेत चोरी को लेकर मामला दर्ज होने के बावजूद अवैध गतिविधियों पर प्रभावी रोक नहीं लग पा रही है। उन्होंने खनिज विभाग और पुलिस प्रशासन से मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। भेड़ाघाट की प्राकृतिक धरोहर को सुरक्षित रखने के लिए नागरिकों ने अवैध खनन पर तत्काल रोक लगाने और सरस्वती घाट सहित संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी बढ़ाने की अपील की है। अब देखना होगा कि संबंधित विभाग इस मामले में क्या कदम उठाते हैं।

गोटेगांव से मैहर पैदल जा रहे भक्तों का किया स्वागत

सिहोरा। शारदेय नवरात्र के चलते जहां भक्तगण नौ दिनों तक मातारानी की प्रतिमा की स्थापना कर उपासना कर रहे हैं तो वहीं दुसरी ओर सैकडो.भक्त दूर शहरों गांवों से पैदल चलकर शारदा देवी के दरबार में मैहर पहुंचकर दर्शन कर रहे हैं । ऐसे ही एक सैकड़ा से अधिक भक्तों की टोली गोटेगांव से मैहर के लिए पैदल निकली है। टोली के सिहोरा बस स्टेंड पहुंचने पर धर्मेन्द्र टी स्टॉल द्वारा सुबह स्टाल लगाकर स्वागत करने के साथ चाय का वितरण किया गया। ऐसे ही और भी भक्त हैं जो पैदल चलकर दर्शन करने जाने वालों को कुछ न कुछ



वितरण कर पुण्य लाभ कमा रहे है। इस अवसर पर रमेश तिवारी, के जी पाठक, चेतराम विश्वकर्मा, धर्मेंद्र बर्मन, रवि बर्मन, महेंद्र पटेल, आशीष नेमा, राकेश शर्मा, अनिल पटेल, दशरथ पटेल, अमित नेमा, मनीष सहित अनेक भक्त गण उपस्थित थे।

दुर्गा समितियों में हनुमान चालीसा आज

नगर में स्थापित करीब आधा सैकड़ा से अधिक दुर्गा उत्सव समितियों में सभी सनातनियों द्वारा आज गुरुवार को रात्रि 8 बजे एक स्वर,एक समय,एक दिन में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया जायेगा।

श्रीराम के वनवास जाते ही आंखों से बहे आंसू

बरेला। स्थानीय रामलीला मैदान में आयोजित की जा रही भव्य रामलीला में कैकई-मंथरा संवाद, दशरथ प्रतिज्ञा और राम वनवास जैसे अत्यंत मार्मिक प्रसंगों का सजीव मंचन किया गया। श्रीराम के वन गमन का दृश्य देखकर पंडाल में मौजूद हजारों श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं और पूरा माहौल भावुकता से भर गया।लीला की शुरुआत में दिखाया गया कि राजा दशरथ प्रभु श्रीराम के राज्याभिषेक की तैयारी कर रहे हैं, जिससे



पूरी अयोध्या में उत्सव का माहौल है। इसी बीच दासी मंथरा रानी कैकई के कान भरती है और उन्हें श्रीराम के खिलाफ भड़का देती है। कैकई-मंथरा संवाद के इस दृश्य को कलाकारों ने दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया।

शासकीय यशोदा बाई में विज्ञान मेले का आयोजन

सिहोरा। शासकीय यशोदा बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खितौला बाजार में विज्ञान मेले का आयोजन प्राचार्य जे एल खांडे की अध्यक्षता में किया गया विज्ञान मेले में कक्षा नवमी से बारहवीं तक की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्राओं ने अपनी वैज्ञानिक सोच और नवाचार को प्रदर्शित करते हुए विभिन्न उपयोगी विज्ञान मॉडल एवं आकर्षक पोस्टर तैयार किए। प्रदर्शनी के दौरान छात्राओं ने अपने-अपने मॉडलों की कार्यप्रणाली और उनके व्यावहारिक उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन शिक्षिका दीप्ति सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में किया गया। प्रदर्शनी में प्रस्तुत



मॉडलों और पोस्टरों के निष्पक्ष मूल्यांकन के लिए निर्णायक मंडल गठित किया गया था। जिसमें शिक्षक एहसान उल इस्लाम,अक्षय चौदहा,रागनी चौरसिया,ज्योति गुप्ता शामिल रहीं। निर्णायक मंडल ने प्रत्येक मॉडल का बारीकी से अवलोकन करने के बाद अपना अंतिम निर्णय प्राचार्य को सौंपा।इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ प्रदर्शनी का अवलोकन किया और प्रतिभागी छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

चमत्कार दुर्गा उत्सव समिति पंचवटी की विशेष

भेड़ाघाट में 208 देवी प्रतिमाएं बनीं आकर्षण का केंद्र

भेड़ाघाट। शारदीय नवरात्र के पावन पर्व पर नगर में जगह-जगह दुर्गा पंडाल सजाए गए हैं। इसी क्रम में चमत्कार दुर्गा उत्सव समिति पंचवटी द्वारा 208 देवी प्रतिमाओं का भव्य दरबार सजाया गया है, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यहां भक्त एक साथ 208 देवी प्रतिमाओं के दर्शन कर रहे हैं। समिति अध्यक्ष जुगल तिवारी ने बताया कि श्रद्धालुओं को विभिन्न देवी शक्तिपीठों के दर्शन एक ही स्थान पर कराने के उद्देश्य से पहले 21, फिर 51 और 108 प्रतिमाएं स्थापित की गई थीं। इस वर्ष इनकी संख्या बढ़ाकर 208 की गई है। वहीं, भेड़ाघाट चौराहे पर भूतों के कंकाल



पर आधारित नाट्य प्रदर्शन भी बच्चों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। नवरात्र के दौरान नगर में भक्तिमय माहौल है और दुर्गा पंडालों में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है।

केंट विधानसभा में एक करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन

जबलपुर। केंट विधानसभा क्षेत्र में करीब एक करोड़ रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' एवं विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने किया। इन कार्यों से क्षेत्र में पार्क, सड़क, फुटपाथ, पेवर ब्लॉक, नाली निर्माण और स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को बेहतर बनाया जाएगा। महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' ने बताया कि विकास कार्यों का उद्देश्य नागरिकों को बेहतर



बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना है। विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने कहा कि महापौर के नेतृत्व में शहरभर में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। उन्होंने क्षेत्र को मिली इस सौगात के लिए नगर निगम की सराहना की। कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य एवं लोक निर्माण विभाग प्रभारी विवेक राम सोनकर, पार्षद श्रीमती रजनी सुरेंद्र साहू, आशीष राव, रजनीश सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

27% ओबीसी आरक्षण को लेकर पिछड़ा वर्ग का सम्मेलन कल

जबलपुर। ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण, जातिगत जनगणना, SIR के विरोध तथा EVM के स्थान पर बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग को लेकर शुक्रवार, 16 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे अग्रवाल बारात घर, बलदेव बाग में पिछड़ा वर्ग सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में पूर्व मंत्री राजमणि पटेल मुख्य अतिथि तथा मध्य प्रदेश युवक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष यश लखन घनघोरिया और दिनेश यादव विशिष्ट अतिथि होंगे।मध्य प्रदेश पिछड़ा वर्ग संगठन के जिला अध्यक्ष एवं आयोजक नेकराम पटेल, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष (ओबीसी विभाग) टीकाराम कोष्टा और रवि पटेल ने बताया कि सम्मेलन में आरक्षण, सामाजिक न्याय एवं लोकतांत्रिक अधिकारों पर चर्चा होगी। एससी, एसटी, ईडब्ल्यूएस एवं अल्पसंख्यक वर्गों के सामाजिक संगठनों और प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। रूपेंद्र पटेल, संजय यादव, राजेश पटेल, चतुर सिंह लोधी, अलीम मंसूरी, शिव नामदेव, सम्मित सैनी, विक्रम सिंह लोधी, अभय प्रताप सिंह, विवेक पटेल, जगदीश सैनी, हरिशंकर विश्वकर्मा, बलराम सिंह लोधी, बिहारी सिंह लोधी एवं रामरतन यादव ने सामाजिक कार्यकर्ताओं और प्रबुद्ध नागरिकों से सम्मेलन में शामिल होने की अपील की है।

निधन

श्रीमती किरण अग्रवाल- कोतवाली थाने के पीछे निवासी श्री घनश्याम दास अग्रवाल की धर्मपत्नी श्रीमती किरण अग्रवाल (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती लक्ष्मी बाई रैकवार- हनुमानताल खेरमाई वार्ड निवासी श्री सुंदर लाल रैकवार की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी बाई रैकवार (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री पूनाराम द्विवेदी- रामनगर रामपुर निवासी श्री पूनाराम द्विवेदी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती नीलम बजाज- कृपाल चौक गुप्तेश्वर निवासी श्री नरेंद्र बजाज की धर्मपत्नी श्रीमती नीलम बजाज (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्री अभिषेक कश्यप- सिविल लाइन सार्इ मंदिर के पास निवासी श्री राम कुमार कश्यप के पुत्र श्री अभिषेक कश्यप (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री राहुल कुशवाहा- काछी मोहल्ला नगर निगम कार्यालय के पास निवासी श्री रामकृपाल कुशवाहा के पुत्र श्री राहुल कुशवाहा (33) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

सुश्री गीता दुबे- कमला नेहरू नगर निवासी श्री राम लाल दुबे की पुत्री सुश्री गीता दुबे (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री सरमन लाल बर्मन- पीएचई कॉलोनी ललपुर रोड निवासी श्री सरमन लाल बर्मन (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।



इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश बढ़ाने के लिए सीएम ने की नई पहल, इंदौर में होगी अर्बन कॉन्क्लेव-2026

28 अक्टूबर को ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में होगा भव्य आयोजन

शहरी जरूरतों पर विशेषज्ञों-निवेशकों-स्टार्टअप्स के साथ होगा विचार-विमर्श

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश में शहरी विकास को नई दिशा देने और इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश बढ़ाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव नई पहल करने जा रहे हैं। उनके नेतृत्व में 28 अक्टूबर को इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में अर्बन कॉन्क्लेव-2026 का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में शहरी विकास के नए मॉडल, निवेश की संभावनाओं, डिजिटल गवर्नेंस, पर्यावरण संरक्षण और भविष्य की शहरी जरूरतों पर विशेषज्ञों, निवेशकों, स्टार्टअप्स और संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों के साथ व्यापक विचार-विमर्श होगा। कॉन्क्लेव के दौरान सीएम डॉ. यादव निवेशकों से वन-टू-वन चर्चा भी करेंगे। इसमें नगरीय क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं, प्रस्तावित परियोजनाओं और उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर संवाद होगा।



परियोजनाओं का होगा शुभारंभ

इसके अलावा वे परियोजनाओं का शुभारंभ करने के साथ-साथ नगरीय विकास से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं का भूमि पूजन और लोकार्पण भी करेंगे। इस दौरान कई जन-प्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी और एक्सपर्ट भी मौजूद रहेंगे। अर्बन कॉन्क्लेव-2026 का उद्देश्य प्रदेश में निवेश, नवाचार, आधुनिक तकनीक और स्टार्टअप इकोसिस्टम को प्रोत्साहित करना है। इसमें निवेशकों, स्टार्टअप्स और युवाओं को सहभागिता के लिए आमंत्रित किया गया है।

टियर-2 शहरों के विकास पर होगा सत्र

कॉन्क्लेव में टियर-2 शहरों के सुनियोजित विकास पर विशेष सत्र आयोजित होगा। इसमें उनके घनत्व, परिवहन आधारित विकास, ट्रांसफरेबल डेवलपमेंट राइट्स (टीडीआर), आवासीय पुनर्विकास, मास्टर प्लान, विकास गलियारों, रेरा स्वीकृतियों, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और फ्लोर एरिया रेशियो (एफएआर) जैसे विषयों पर चर्चा होगी। इसका उद्देश्य शहरों के विस्तार के साथ भूमि का बेहतर उपयोग, आवासीय सुविधाओं में सुधार और परिवहन व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाना है।

लालच देकर ले गए थे तमिलनाडु, कराया जबरन काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

छत्तीसगढ़ के बालोद जिले से मानव तस्करी और मजदूरों को बंधक बनाकर जबरन काम कराने का गंभीर मामला सामने आया है।



आरोप है कि नौकरी दिलाने का झांसा देकर दो मजदूरों को नागपुर की ज ग ह तमिलनाडु ले जाया गया, जहां उनसे जबरन काम कराया जा रहा है। परिजनों का कहना है कि मजदूरों को छुड़ाने के नाम पर उनसे ऑनलाइन 16 हजार रुपये भी ले लिए गए, लेकिन इसके बावजूद दोनों को रिहा नहीं किया गया। परेशान परिजनों ने कलेक्टर, एसपी और पुलिस से शिकायत कर मजदूरों की सुरक्षित वापसी की गुहार लगाई है। जानकारी के अनुसार, बालोद थाना क्षेत्र के ग्राम करहीभदर निवासी संपत चतुर्वेदी और राकेश खत्री को गुरुर क्षेत्र के ग्राम नंगझर निवासी चंद्रेश ठाकुर ने नागपुर की एक बिस्किट फैक्ट्री में अच्छी तनख्वाह पर नौकरी दिलाने का भरोसा दिया था।

इसी आश्वासन पर दोनों मजदूर 28 सितंबर को घर से निकले, लेकिन परिजनों के मुताबिक उन्हें नागपुर के बजाय तमिलनाडु ले जाया गया। परिजनों ने आरोप लगाया है कि तमिलनाडु पहुंचने के बाद दोनों मजदूरों को बंधक बनाकर उनसे बोरवेल और मवेशी चराने का काम कराया जा रहा है। मजदूरों को छोड़ने के नाम पर उनसे जुड़े लोगों ने कथित तौर पर 16 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करवाए। इसके बावजूद दोनों की रिहाई नहीं हुई।

छग के मजदूरों को नौकरी का झांसा देकर बंधक बनाए जाने का गंभीर मामला उजागर



कलेक्टर और एसपी सहित अन्य अधिकारियों से की शिकायत

मजदूरों की सुरक्षित वापसी के लिए संपत की पत्नी कौशल्या और राकेश की पत्नी पद्मा बाई ने कलेक्ट्रेट, एसपी कार्यालय और कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई है। परिजनों ने प्रशासन से मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर दोनों मजदूरों को सुरक्षित वापस लाने की मांग की है। बालोद के एएसपी चंद्रकांत गवर्ना के अनुसार, परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच और कार्रवाई शुरू कर दी है। अब पुलिस की जांच में यह स्पष्ट होगा कि मजदूरों को तमिलनाडु ले जाने और कथित तौर पर बंधक बनाकर काम कराने के मामले में किन लोगों की भूमिका है। दो मजदूरों की सुरक्षित वापसी को लेकर परिजनों ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई की उम्मीद की है।

डॉ. भदौरिया को मिली भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ में प्रदेश कार्यालय मंत्री की जवाबदारी

भोपाल। युवा चिकित्सक और सक्रिय संगठनकर्ता डॉ. हरेन्द्र सिंह भदौरिया को भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ, मप्र का प्रदेश कार्यालय मंत्री नियुक्त किया है। यह नियुक्ति



प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. विशाल सिंह बघेल द्वारा की गई है। डॉ. भदौरिया की नियुक्ति को उनके समर्पण, कार्यकुशलता और संगठनात्मक क्षमता पर शीर्ष नेतृत्व के विश्वास के रूप में देखा जा रहा है। चंबल अंचल से लेकर प्रदेश स्तर तक अपनी पहचान बनाने वाले डॉ. भदौरिया ने आयुर्वेद चिकित्सकों, चिकित्सा विद्यार्थियों एवं युवा कार्यकर्ताओं को संगठन से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डॉ. हरेन्द्र सिंह भदौरिया ने कहा, "संगठन ने मुझ पर जो विश्वास व्यक्त किया है, उसे मैं पूर्ण सेवा भाव के साथ निभाऊंगा। केंद्र और राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में स्वास्थ्य जागरूकता अभियान, निःशुल्क चिकित्सा शिविर एवं जनसेवा से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से चिकित्सा सेवा को संगठन की सेवा भावना से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

मतदाता सूची में छूटे एवं प्रथम बार युवा पात्रों के नाम जोड़ने के लिए अभियान जारी

फॉर्म-6 जमा करने के बाद अलग से घोषणा-पत्र की आवश्यकता नहीं

भाजपा-कांग्रेस सहित अन्य प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने लिया बैठक में हिस्सा, पेश किए सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

फोटो निर्वाचक नामावली में छूटे हुए पात्र मतदाताओं के नाम शामिल करने एवं मतदाता सूची को अद्यतन करने के संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों आम आदमी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, इन्डियन नेशनल कांग्रेस, कम्युनिष्ट पार्टी आफ इण्डिया एवं बहुजन समाज पार्टी के प्रतिनिधि शामिल हुए।

प्रदेश के सभी जिलों में मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से छूटे हुए नागरिकों एवं प्रथम बार, युवा पात्र मतदाताओं के नाम निर्वाचक नामावली में शामिल करने के लिए निरन्तर अद्यतन प्रक्रिया के तहत विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है।



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में बैठक का आयोजन।

अलग से डिक्लेरेशन फॉर्म पेश करने की आवश्यकता नहीं

बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झा ने बताया कि प्रथम बार पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने का कार्य अभियान चलाकर किया जा है। पात्र नागरिक निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार फॉर्म-6 भरकर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के साथ आवश्यक जानकारी एवं दस्तावेज निर्धारित नियमों के अनुसार उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। यह भी स्पष्ट किया गया कि फॉर्म-6 जमा करने के बाद अलग से घोषणा-पत्र (डिक्लेरेशन फॉर्म) प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है।

प्रत्येक जिले में चलाया जा रहा विशेष अभियान

बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झा ने बताया कि नए एवं पंजीकरण से छूटे पात्र मतदाताओं की सुविधा के लिए प्रत्येक जिले में विशेष अभियान आयोजित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य पात्र नागरिकों को पंजीयन प्रक्रिया की जानकारी देकर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए आवेदन प्राप्त करना तथा आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराने में सहायता प्रदान करना है। इसके लिए तहसील स्तर पर एसडीएम, तहसीलदार एवं जिला स्तर पर संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारी के माध्यम से आवश्यक सहयोग दिया जा रहा है।

प्रदेश कांग्रेस ने आयोग के सामने रखे मतदाताओं की समस्याओं को लेकर सुझाव, आपत्तियां

केंद्रीय निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय, भोपाल में मतदाता सूची से संबंधित विषयों पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश कांग्रेस की ओर से जेपी धनोपिया, प्रभारी चुनाव आयोग कार्य, एवं ललित सेन, प्रभारी मतदाता सूची के नेतृत्व में मतदाता सूची के पुनरीक्षण एवं विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया में सामने आ रही विसंगतियों और मतदाताओं की समस्याओं को लेकर महत्वपूर्ण आपत्तियां एवं सुझाव प्रस्तुत किए गए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची लोकतंत्र की बुनियाद है। इसकी प्रक्रिया में पारदर्शिता, निष्पक्षता और पात्र मतदाताओं के मताधिकार की सुरक्षा सुनिश्चित करना निर्वाचन आयोग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया को सरल बनाने के नाम पर यदि पात्र मतदाताओं के नाम छूट रहे हैं, तो यह गंभीर चिंता का विषय है।

भारत की अर्थव्यवस्था वर्ष 2026 और 2027 में 7 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की विकास यात्रा वैश्विक स्तर पर मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के नवीनतम वर्ल्ड इकनामिक आउटलुक ग्रोथ प्रोजेक्शन्स के अनुसार, भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वर्ष 2026 और 2027 में 7.0 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है। यह हमारी सशक्त अर्थव्यवस्था और क्षमता का प्रमाण है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में भारतीय अर्थव्यवस्था की ओर से अर्जित अर्थव्यवस्था की मजबूती, संवर्धित क्षमताओं और विस्तारित होती संभावनाओं को दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में प्राप्त यह उपलब्धि हर्ष और गर्व का विषय है।

> प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में यह उपलब्धि हर्ष और गर्व का विषय, मजबूत अर्थव्यवस्था को दर्शाते हैं अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के आंकड़े

इसके साथ ही यह उपलब्धि प्रधानमंत्री मोदी के सक्षम नेतृत्व का भी प्रमाण है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में आर्थिक सुधारों, बुनियादी ढांचे के विकास और निवेश को बढ़ावा देने से विकास के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य की दिशा में भारत निरंतर प्रयत्नशील और गतिशील है।

केंद्रीय कृषि मंत्री तत्काल कराएं राष्ट्रीय स्तर पर समीक्षा

खराब बीजों से फसल बर्बाद होने पर किसानों को मुआवजा दे सरकारः जीतू पटवारी

> दोषी बीज निर्माता कंपनियों पर सख्त कार्रवाई की मांग

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखकर देश में अमानक बीजों की बढ़ती समस्या, किसानों को हो रहे आर्थिक नुकसान और बीज गुणवत्ता पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने मांग की है कि खराब बीजों के कारण फसल बर्बाद होने पर किसानों को उचित मुआवजा दिलाने के लिए प्रभावी कानूनी व्यवस्था बनाई जाए तथा दोषी बीज निर्माता कंपनियों और विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित हो। किसान पहले ही महंगे खाद, कीटनाशक, बढ़ती कृषि लागत और फसलों के उचित दाम नहीं मिलने से परेशान है। ऐसे में यदि किसान बाजार से बीज खरीदता है और वही बीज गुणवत्तापूर्ण नहीं निकलता, तो उसकी पूरी मेहनत, निवेश और आजीविका दांव पर लग जाती है। चिंताजनक यह है कि बीजों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए व्यवस्था मौजूद होने के बावजूद अमानक बीजों के मामले लगातार सामने आ रहे हैं।

केंद्रीय कृषि मंत्री से आग्रह किया कि इस गंभीर विषय पर तत्काल राष्ट्रीय स्तर पर समीक्षा कराई जाए, किसानों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए स्पष्ट कानूनी प्रावधान सुनिश्चित किए जाएं और दोषियों के विरुद्ध की गई कार्रवाई को सार्वजनिक किया जाए।

दोषियों पर कार्रवाई की बजाय महिलाओं का अपमान अक्षम्य

आदिवासी महिलाओं के चरित्र और रंग-रूप पर तंज कसना उनकी गरिमा पर चोटः अजय

> मुख्यमंत्री से दोषी पुलिस अधीक्षक को निलंबित कर सख्त कार्रवाई की मांग

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने कहा है कि उमरिया पुलिस अधीक्षक के समक्ष अपनी सुरक्षा और न्याय की मांग करने आई आदिवासी महिलाओं के चरित्र और रंग-रूप पर तंज कसना न सिर्फ महिलाओं की गरिमा पर चोट है, बल्कि पूरे प्रदेश को शर्मसार करने वाली घटना है। महिलाओं को ढाढस बंधाने और दोषियों पर कार्रवाई करने के बजाय पुलिस अधीक्षक द्वारा उनका अपमान करना बेहद शर्मनाक और अक्षम्य है।उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से दोषी पुलिस अधीक्षक को तत्काल निलंबित कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। अजय सिंह ने आरोप लगाया कि प्रदेश में आदिवासियों और महिलाओं के खिलाफ अपराधों का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है।

छत्तीसगढ़ के कुछ स्थानों में हल्की बारिश की उम्मीद

आज से बदल सकता है मौसम का मिजाज तेज हवाएं चलने, बादल गरजने के संकेत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छग में मौसम का मिजाज बदलने वाला है। 15 अक्टूबर से मौसम का मिजाज बदल सकता है। बादल गरजने के साथ ही तेज हवाओं के चलने और बिजली गर्जना के संकेत हैं। वहीं कुछ स्थानों पर हल्की मध्यम बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक मंगलवार को प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर मौसम शुष्क रहा।

रायपुर में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 33.2 डिग्री सेल्सियस और सबसे कम न्यूनतम तापमान 18.6 डिग्री सेल्सियस अंबिकापुर में दर्ज किया गये। वहीं प्रदेश में बारिश के प्रमुख आंकड़े जीरो रहे। प्रदेश में आज एक-दो स्थानों पर बहुत हल्की से हल्की वर्षा होने की संभावना है। कुछ जगहों पर बादल मेघ गर्जन के साथ बिजली गिरने की संभावना है।



गर्मी और उमस से मिल सकती है राहत

बुधवार को मौसम साफ रहने की संभावना है। आकाश मुख्यतः साफ रहने की संभावना है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 35 डिग्री सेल्सियस और 23 डिग्री सेल्सियस के करीब रहने के आसार हैं। पिछले 24 घंटों में प्रदेश में मौसम मुख्यतः शुष्क रहा और एक-दो स्थानों में बहुत हल्की बारिश हुई। 15 अक्टूबर से मौसम में होने वाले बदलाव से रायपुरवासियों को गर्मी से राहत मिल सकती है।

40-50 किमी की रफ्तार से चल सकती हैं हवाएं

मौसम विभाग ने आज यानी बुधवार को प्रदेश में एक-दो स्थानों पर बहुत हल्की से हल्की वर्षा होने की संभावना जताई है। वहीं कुछ जगहों पर बादल गरजने-चमकने के साथ बिजली गिरने और 40 से 50 किमी की रफ्तार से तेज हवाएं चलने के आसार हैं। दो दिन बाद इसी तरह की गतिविधियां जारी रह सकती हैं।

मौसमी प्रणालियां सक्रिय

इस समय ऊपरी वायुमंडल में सक्रिय मौसमी प्रणालियों का प्रभाव देखा जा रहा है। समुद्र तल से 5.8 से 7.6 किलोमीटर की ऊंचाई पर 22 डिग्री उत्तरी अक्षांश के उत्तर में लगभग 82 डिग्री पूर्वी देशांतर के आसपास पश्चिमी हवाओं में द्रोणिका बनी हुई है। वहीं 4.5 किलोमीटर की ऊंचाई पर पूर्वी उत्तर प्रदेश और आसपास के क्षेत्रों में ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण एक्टिव है।

मुख्य सचिव ने वीसी से ली बैठक,

पंद्रह दिन में तैयार होगी शत्रु संपत्तियों की लिस्ट, बाजार रेट का होगा मूल्यांकन



सीएस वर्णवाल को बैठक में जानकारी देते कलेक्टर मिश्रा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

खानूगांव की रियाज मंजिल को कब्जे में लेने की कार्रवाई के दौरान भोपाल में शत्रु संपत्तियों की जब्ती को लेकर कार्रवाई तेज कर दी गई है, हालांकि भोपाल की शत्रु संपत्तियों की फाइनल लिस्ट बनकर अब तक तैयार नहीं की गई है।

मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल ने मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंस से शत्रु संपत्तियों वाले जिलों के कलेक्टर्स से बातचीत की। मुख्य सचिव ने 31 अक्टूबर तक प्रॉपर्टी की फाइनल लिस्ट और उनके बाजार रेट का मूल्यांकन करने की हिदायत कलेक्टर प्रियंक मिश्रा को दी है। सीएस ने भोपाल के साथ बैतूल, डिंडोरी, जबलपुर, कटनी, मंडला, रतलाम, सतना, सीहोर और सिवनी जिले से भी शत्रु संपत्तियों का रिकॉर्ड तलब किया है। सीएस ने कहा कि शत्रु संपत्तियों को चिन्हित करने के बाद उस प्रॉपर्टी पर काबिज लोगों की जानकारी भी पेश की जाए। प्रॉपर्टी की वर्तमान स्थित और उसकी बाजार कीमत भी आंकी जाए, जिससे प्रॉपर्टी की सही स्थिति सामने आएगी।

शत्रु संपत्तियों की होगी नीलामी

सीएस वर्णवाल ने कहा कि अगली बैठक में रिकार्ड की समीक्षा कर नीलामी की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। ऐसे में इन प्रॉपर्टी की कलेक्टर गाइडलाइन से भी वैल्यू निकाली जाएगी। हालांकि भोपाल में रियाज मंजिल को शत्रु संपत्ति घोषित किया गया है। जिसका सर्टिफिकेट भी सामने आया है। इधर यहां पर काबिज लोगों ने जबलपुर हाईकोर्ट से स्टे ले लिया है। प्रॉपर्टी के मालिकाना हक को लेकर बैरागढ़ एसडीएम रवीश श्रीवास्तव के कोर्ट में सुनवाई भी चल रही है। बैठक में शत्रु संपत्तियों के डिजिटलीकरण, ई-मैपिंग और रिमोट सेंसिंग से संबंधित जानकारी तैयार करने के निर्देश दिए गए। जमीन पर अतिक्रमण की स्थिति, विवाद और नीलामी की संभावनाओं का विवरण जुटाया जाएगा।

पांच लाख से अधिक की ठगी को अंजाम देकर हुए रफूचक्कर

साइबर ठगों ने च्वॉइस सेंटर संचालकों को कमीशन का झांसा देकर खातों में उड़ाए लाखों

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले में साइबर ठगों ने च्वाइस सेंटर संचालकों को कमीशन का झांसा देकर उनके खातों में पांच लाख रुपये से



अधिक की ठगी की राशि जमा करवा ली और नकद रकम लेकर फरार हो गए। इस फर्जीवाड़े का खुलासा होने के बाद बैंक प्रबंधन ने पीड़ित संचालकों के बैंक खाते फ्रीज कर दिए हैं।

परेशान संचालकों की शिकायत पर पुलिस के रेंज साइबर थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। हिर्री थाना क्षेत्र के ग्राम खरकेना निवासी देवेंद्र रजक बिल्हा मोड़ के समीप लक्ष्मी च्वाइस सेंटर का संचालन करते हैं। बीते 5 अक्तूबर को नीले रंग की एक्टिवा पर सवार एक अज्ञात युवक उनके केंद्र पर पहुंचा। युवक ने संचालक देवेंद्र से कहा कि वह उनके बैंक खाते में ऑनलाइन माध्यम से पैसे मंगवाएगा और इसके एवज में नकद राशि प्राप्त करेगा। उसने इस लेनदेन के बदले में संचालक को आकर्षक कमीशन देने का प्रलोभन भी दिया। संचालक के राजी होने पर युवक ने अपने मोबाइल फोन से दुकान का क्यूआर कोड स्कैन किया।

कई च्वॉइस सेंटर संचालकों से भी की वारदात

पुलिस जांच में यह बात सामने आई है कि आरोपी ने सिर्फ देवेंद्र को ही नहीं, बल्कि क्षेत्र के कई अन्य च्वाइस सेंटर संचालकों को भी इसी तरह निशाना बनाया। आरोपी ने हिर्री से राकेश कौशिक, जरौंधा से राकेश साहू, उस्लापुर से छत्रपाल गेन्ड्रे, परसदा से दीपक वस्त्रकार, जरेली से राहुल साहू, रतनपुर से आकाश पालीवाल और कोटा निवासी भूपेंद्र सिंह के बैंक खातों में भी क्यूआर कोड स्कैन करवाकर ठगी की राशि ट्रांसफर कराई। रकम जमा कराने के उपरांत उसने सभी संचालकों से नकद रुपये ले लिए।

संदिग्ध रकम आने के कारण खाता किया फ्रीज

क्यूआर कोड भेजे जाने के कुछ ही देर पश्चात संचालक के बैंक खाते में 16 हजार रुपये जमा हो गए। संचालक देवेंद्र ने अपने नियमानुसार 150 रुपये सर्विस चार्ज के रूप में काट लिए और शेष नकद रकम उस युवक को सौंप दी। अगले दिन जब संचालक भारतीय स्टेट बैंक की चकरभाठा शाखा पहुंचे, तो उन्हें जानकारी मिली कि संदिग्ध रकम खाते में आने के कारण उनके बैंक खाते को फ्रीज कर दिया गया है। जब उन्होंने मामले की पड़ताल की, तो पता चला कि वह साइबर ठगी का शिकार बन चुके हैं।

साइबर पुलिस कर रही मामले की जांच

पीड़ितों की शिकायतों के आधार पर साइबर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी नीले रंग की एक्टिवा से पहुंचे युवक और उसके साथियों का सुराग लगाने में जुटे हैं। पुलिस की साइबर सेल की टीम बैंक खातों के विवरण और आसपास के सुरागों के आधार पर ठगों की तलाश कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

छत्तीसगढ़ के कुछ स्थानों में हल्की बारिश की उम्मीद

दो मोटर साइकिलों में जबरदस्त भिड़ंत, एक युवक की दर्दनाक मौत, जबकि दो अन्य घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कबीरधाम

छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले के पंडरिया थाना क्षेत्र में रहमान कांपा के पास मंगलवार की देर शाम को दो मोटरसाइकिलों के बीच टक्कर हो गई। हादसे में हरियाणा निवासी 45 वर्षीय गुरुदेव सिंह की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना मिलने पर पंडरिया पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने गुरुदेव सिंह को मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, दुर्घटना पंडरिया थाना क्षेत्र के रहमान कांपा के पास हुई। दोनों मोटरसाइकिलों की टक्कर के बाद दुर्घटना की सूचना पुलिस को मिली। सूचना मिलते ही पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की।

पुलिस कर रही जांच

पहली बाइक पर गुरुदेव सिंह, निवासी ग्राम सिबन, सवार थे। हादसे में उनकी मौत हो गई। इसी बाइक पर सवार अरसिद खान जिला कैथल, हरियाणा घायल हो गए। वहीं, दूसरी बाइक पर सुनील कुमार कोसरिया जिला कबीरधाम, छत्तीसगढ़ सवार थे। वे भी दुर्घटना में घायल हुए हैं। दुर्घटना के बाद पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया।

विश्व बैंक की बैंकॉक में आयोजित शरदकालीन बैठक में जॉर्जीवा ने कहा

अमेरिका, अन्य समृद्ध देश बढ़ते कर्ज पर काबू पाने के लिए कदम उठाएं: आईएमएफ

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की प्रबंध निदेशक क्रिस्टलिना जॉर्जीवा ने बुधवार को अमेरिका और अन्य समृद्ध देशों से बढ़ते वैश्विक कर्ज पर काबू पाने के लिए तत्काल कदम उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इसका सबसे अधिक बोझ कम आय वाले देशों पर पड़ रहा है और वैश्विक वित्तीय प्रणाली पर दबाव बढ़ रहा है।

एजेंसी ▶▶| बैंकॉक

बढ़ते वैश्विक कर्ज पर काबू पाने तत्काल कदम उठाने का आह्वान

सबसे अधिक बोझ कम आय वाले देशों पर पड़ रहा

कई देशों में राजकोषीय जोखिम बढ़ रहे पर कोई उपाय नहीं किए जा रहे

जॉर्जीवा ने कहा कि अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट और अन्य अमेरिकी नेता संघीय बजट घाटे तथा राष्ट्रीय कर्ज के बहुत अधिक बढ़ जाने की बात स्वीकार करते हैं। हालांकि, 40,000 अरब डॉलर से अधिक के अमेरिकी राष्ट्रीय कर्ज पर केवल आर्थिक वृद्धि के जरिये काबू पाना पर्याप्त नहीं होगा।

घाटे को कम करने अन्य कदम उठाने होंगे

जॉर्जीवा ने आईएमएफ और विश्व बैंक की बैंकॉक में आयोजित शरदकालीन बैठक में कहा, ''आर्थिक वृद्धि से मदद तो मिलती है, लेकिन जरूरी वित्तीय समायोजन इतनी तेजी से नहीं हो सकते। कोई जादू नहीं है... बजट घाटे और कर्ज को कम करने के लिए अन्य कदम उठाने होंगे।''

विकासशील देश तीन गुना अधिक ब्याज चुका रहे

सहायता में कमी से पैदा हुए वित्तीय अंतर की भरपाई कुछ देश नहीं कर पा रहे हैं। इससे उन्हें कमजोर वर्गों की मदद करने और कर्ज चुकाने के बीच कठिन विकल्प चुनने पड़ रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) के प्रशासक और बेल्जियम के पूर्व प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर डी क्रू ने कहा कि विकासशील देश विकसित देशों की तुलना में औसतन तीन गुना अधिक ब्याज चुका रहे हैं।



ब्याज भुगतान ऊंचे स्तर पर पहुंच गया

जॉर्जीवा ने कहा कि बड़ी विकसित अर्थव्यवस्थाओं में राजकोषीय अनुशासन की कमी का असर दूसरे देशों पर भी पड़ता है। सबसे गरीब देशों में राजस्व की तुलना में ब्याज भुगतान ऐतिहासिक रूप से ऊंचे स्तर पर पहुंच गया है।

कई देशों के राजकोषीय जोखिम बढ़ रहे

जॉर्जीवा और अन्य विशेषज्ञ जिस प्रक्रिया को 'राजकोषीय समेकन' कहते हैं, उसके जरिये कर्ज पर काबू पाने की कोशिशों को कोविड-19 महामारी के दौरान और उसके बाद सरकारों के भारी खर्च से झटका लगा है। आईएमएफ के राजकोषीय मामलों के विभाग के निदेशक रोड्रिगो वाल्देस ने कहा कि कई देशों में राजकोषीय जोखिम बढ़ रहे हैं, लेकिन उनसे निपटने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।

अगले दशक में 40 करोड़ नए रोजगार ही पैदा होंगे

अगले करीब एक दशक में 1.2 अरब से अधिक युवा वैश्विक कार्यबल में शामिल होंगे, जबकि इस दौरान शुद्ध रूप से केवल 40 करोड़ नए रोजगार ही पैदा होने का अनुमान है। यूएनडीपी ने इस सप्ताह 'जॉब्स फॉर प्रॉस्पेरिटी' पहल की घोषणा की। इसके तहत सरकारों, विश्व बैंक जैसे विकास बैंकों और निजी कंपनियों के साथ मिलकर पर्यटन, स्वास्थ्य सेवा और खाद्य प्रसंस्करण जैसे रोजगार सृजन वाले क्षेत्रों में निवेश को प्रोत्साहित किया जाएगा।

सरकारों के कुल खर्च का 10% कर्ज चुकाने में जा रहा

जॉर्जीवा ने कहा कि सरकारों के कुल खर्च का औसतन करीब 10 प्रतिशत कर्ज चुकाने में जा रहा है। ईंधन एवं उर्वरक की ऊंची कीमतों, अल नीनो के प्रभाव तथा महंगे कर्ज ने कम आय वाले देशों के लिए आर्थिक सुधार की गुंजाइश कम कर दी है। इसके साथ, रोजगार सृजन भी बड़ी चुनौती है। कृत्रिम मेधा (एआई) के बढ़ते इस्तेमाल से कई पारंपरिक रोजगार खत्म होने का खतरा है।

विदेशी मुद्रा बाजार में स्थिरता के लिए उठाए गए कदम : आरबीआई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा है कि पेट्रोलियम विपणन कंपनियों के लिए विशेष डॉलर सुविधा शुरू करने जैसे हाल के कदमों का उद्देश्य विदेशी मुद्रा बाजार में व्यवस्थित कारोबार सुनिश्चित करना और अनुचित सट्टेबाजी पर अंकुश लगाना है। मल्होत्रा ने कहा कि केंद्रीय बैंक रुपये के लिए किसी विशेष विनिमय दर या दायरे को लक्ष्य नहीं बनाता है। उसका ध्यान रुपये में व्यवस्थित उतार-चढ़ाव सुनिश्चित करने और अत्यधिक सट्टेबाजी को रोकने पर है। पिछले सप्ताह आरबीआई ने विदेशी मुद्रा डेरिवेटिव कारोबार के नियम सख्त किए थे। इसके तहत निरस्त विदेशी मुद्रा डेरिवेटिव सौदों को दोबारा बुक करने पर रोक लगाई गई और बैंकों को डॉलर की खरीद पर 20 प्रतिशत आरक्षित राशि रखने को कहा गया। कच्चे तेल के आयात पर बड़ी रकम खर्च करने वाली तीन सरकारी पेट्रोलियम विपणन कंपनियों के लिए विशेष डॉलर सुविधा मौजूदा बाजार स्थितियों के आकलन के आधार पर शुरू की गई है। मल्होत्रा ने कहा, ''विदेशी मुद्रा बाजार का मुख्य उद्देश्य वास्तविक जरूरतों को पूरा करना और विनिमय दर के जोखिम से बचाव करना है।

पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर
सामग्री प्रबंधन विभाग
(ई-निविदा सूचना संख्या वरि. भंडार आपूर्ति हेतु वरि. मंडल सा. प्रबंधक/ई.पी.एस./56/2026)
वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, ई-खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदाएं आमंत्रित करते है। इसमें हस्तलिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए https://ireps.gov.in" पर 'ई' निविदा की जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

Sr.No	Tender No.	Short Description	Tendered Qty.	Opening Date
1.	94265638A	Supply, Installation, Commissioning & Testing of 500 KVA 3PH, 415V, Liquid Cooled DG Set with AMF panel	01 Nos.	05.11.2026

(हस्ता.)
वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, पमरे/जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

सूचना
कैपियट नोटिस अंतर्गत धारा 148-ए व व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908
कैविएट / संभावित उत्तरवादी:- 1. मध्यप्रदेश शासन द्वारा खनिज साधन विभाग मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल, म.प्र. 2 संचालक, भौमिकी तथा खनिकर्म, भोपाल, म.प्र. 3. कलेक्टर (खनि शाखा) जिला सतना, जबलपुर, कटनी, बालाघाट, रीवा, बैतूल, मैहर, एवं झाबुआ।
संभावित याचिकाकर्ता:- संभावित समस्त बोलीदार, आम जनता, व्यापारिक संस्थान
उपरोक्त कैविएटकर्ता सूचित करता है कि मध्यप्रदेश शासन, खनिज साधन विभाग द्वारा खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 10 (बी), धारा 10 ए (2) (डी) एवं धारा 11 के तहत लाइम स्टोन, मैगनीज, आयरन ओर, लेटराइट बेसमेटल, बॉक्साइट एवं एलुमिनस लेटराइट खनिज की नीलामी हेतु साथ ही खनिज (नीलाम) नियम 2015 के प्रावधान अनुसार माईनिंग लीज तथा कंपोजिट लाईसेंस प्रदान करने के प्रायोजन के लिए निविदा आमंत्रित की गई है। इस नीलामी के प्रायोजन के विरूद्ध कोई भी व्यक्ति / बोलीकर्ता व्यापारिक संस्थान, राज्य शासन / संचालक द्वारा जारी विज्ञप्ति क्रमांक 1/1204623/2026 F. NO. MIN / 4 / 0301/2026-GEO- DGM दिनांक 30.07.2026 के विरुद्ध माननीय उच्च न्यायालय में यदि याचिका दायर करता है, तो याचिका की प्रति मय दस्तावेज सहित महाधिवक्ता कार्यालय उच्च न्यायालय परिसर जबलपुर, इंदौर, ग्वालियर (मध्यप्रदेश) के साथ खनिज साधन विभाग मंत्रालय भोपाल एवं संचालनालय भौमिकी तथा खनिकर्म खनिज भवन भोपाल को अग्रिम रूप से प्रदान करें, ताकि माननीय न्यायालय में कैविएटकर्ता का भी पक्ष रखा जा सकें।
स्थान भोपाल
दिनांक
G-20018/26 कार्यालय प्रमुख

थोक महंगाई, कच्चे तेल के दाम बढ़ने से शेयर बाजार गिरा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

थोक महंगाई दर में वृद्धि और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के बीच बुधवार को घरेलू शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। पिछले कारोबारी सत्र में उछाल के बाद निवेशकों की मुनाफावसूली से बाजार पर दबाव रहा।

- सेंसेक्स 252 और निफ्टी 99 अंक फिसला
- कच्चा तेल बढ़कर 106.1 डॉलर प्रति बैरल हो गया

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 251.89 अंक गिरकर 72,781.89 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 73,195.26 अंक के उच्च स्तर तक गया। निफ्टी भी 99.25 अंक टूटकर 22,622.70 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में से बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, इटर्नल, आईसीआईसीआई बैंक और इंटरग्लोब एविएशन (इंडिगो) में सबसे ज्यादा गिरावट रही। दूसरी तरफ, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एनटीपीसी और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में तेजी रही।



आईडीबीआई बैंक के शेयर में नौ प्रतिशत की तेजी

आईडीबीआई बैंक के शेयर में बुधवार को करीब नौ प्रतिशत की तेजी आई। इससे कंपनी के बाजार पूंजीकरण में 8,086 करोड़ रुपये से अधिक का इजाफा हुआ। इस दौरान घरेलू शेयर बाजार में कुल मिलाकर गिरावट का रुख रहा। बीएसई पर आईडीबीआई बैंक का शेयर 9.07 प्रतिशत उछलकर 90.44 रुपये पर रहा। कारोबार के दौरान यह 12.90 प्रतिशत चढ़कर 93.62 रुपये तक पहुंच गया था। एनएसई पर बैंक का शेयर 8.98 प्रतिशत की बढ़त के साथ 90.39 रुपये पर बंद हुआ।

आईडीबीआई के कर्मचारियों को चिंतित होने की जरूरत नहीं

नई दिल्ली। निवेश और लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव अरुणीश चावला ने बुधवार को कहा कि आईडीबीआई बैंक में रणनीतिक पुनर्गठन को लेकर कर्मचारियों को चिंतित होने की जरूरत नहीं है और उनके हितों का पूरा ध्यान रखा गया है। चावला ने कहा कि प्रबंधन के हस्तांतरण को लेकर सभी संबंधित पक्षों के साथ चर्चा की गई है।कनाडा की फेयरफैक्स फाइनेंशियल होल्डिंग्स लि. की अनुषंगी मेसर्स 10955230 कनाडा इंक 52,878.08 करोड़ रुपये में बेचने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। दीपम सचिव ने आईडीबीआई बैंक के रणनीतिक पुनर्गठन के बारे में जानकारी देते हुए कर्मचारियों से जुड़े एक सवाल के जवाब में कहा, ''आईडीबीआई बैंक में रणनीतिक पुनर्गठन को लेकर कर्मचारियों के लिए चिंतित होने की जरूरत नहीं है।

चीन के साथ फिर से पटरी पर लौटेंगे रिश्ते : गोयल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि भारत, चीन के साथ अपने संबंधों को फिर से मजबूत करने की दिशा में काम कर रहा है, लेकिन इस यात्रा का अंतिम पड़ाव अभी तय नहीं हुआ है। उन्होंने साथ ही कहा कि भारत किसी भी देश के साथ संयुक्त उद्यम के लिए तैयार है, बशर्ते उसे उचित शर्तों पर समझौता मिले।

गोयल ने यहां 'ब्लूमबर्ग न्यू इकॉनमी फोरम' में कहा, ''हम दुनिया के सभी देशों के साथ काम करने के लिए तैयार हैं, बशर्ते हमें उचित शर्तों पर समझौता मिले, आपसी संपर्क एवं सहयोग में निरंतरता बनी रहे और भू-राजनीतिक स्थिति खराब न हो। मुझे लगता है कि अतीत में हमारी कुछ चिंताएं थीं। हम चीन के साथ एक बार फिर संबंध बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं लेकिन इस यात्रा का अंतिम पड़ाव अभी तय नहीं हुआ है। गोयल की ये टिप्पणियां महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि चीन, भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार वित्त वर्ष 2025-26 में 7.9 प्रतिशत बढ़कर 127.7 अरब डॉलर हो गया, जो 2024-25 में 118.39 अरब डॉलर था।



- संबंध मजबूत करने की दिशा में काम कर रहा भारत
- भारत किसी भी देश के साथ संयुक्त उद्यम के लिए तैयार है

भारत का व्यापार घाटा बढ़कर 99.19 अरब डॉलर

दूसरी ओर, इस अवधि में आयात 16 प्रतिशत बढ़कर 131.62 अरब डॉलर हो गया। गत वित्त वर्ष में भारत का व्यापार घाटा बढ़कर 99.19 अरब डॉलर हो गया, जो वित्त वर्ष 2024-25 में 85 अरब डॉलर था। यह देश के लिए चिंता का विषय है। चीन से निवेश को लेकर भी मुद्दे हैं।

सोना 1,800 रुपए टूटा और चांदी 5,000 रुपए कमजोर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमतों में लगातार तीसरे दिन गिरावट आई और यह बुधवार को 1,800 रुपये टूटकर 1,50,800 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। रुपये में मजबूती आने से कीमती धातु की कीमतों पर दबाव अधिक बढ़ गया। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव मंगलवार के बंद भाव 1,52,600 रुपये प्रति 10 ग्राम से 1,800 रुपये टूटकर 1,50,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) रह गया। चांदी की कीमतों में भी गिरावट जारी रही। इसका भाव पिछले बंद स्तर 2.26 लाख रुपये प्रति किलोग्राम से 5,000 रुपये टूटकर 2.21 लाख रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) रह गया। नौ अक्टूबर के बाद से सोने की कीमतों में 3,600 रुपये और चांदी में 7,500 रुपये की गिरावट आई है। इससे घरेलू सर्राफा बाजार में कीमतों में आई गिरावट का अंदाजा लगाया जा सकता है। रुपया बुधवार को डॉलर के मुकाबले 19 पैसे मजबूत होकर 95.17 प्रति डॉलर पर बंद हुआ।



- सोना टूटकर 1,50,800 रुपए प्रति 10 ग्राम
- चांदी लुढ़कर 2.21 लाख रुपए प्रति किलोग्राम

ग्रो की मूल कंपनी का लाभ 54 फीसदी बढ़ा

नई दिल्ली। कंपनी बिलियनब्रेन गैरेज वेंचर्स का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 54 प्रतिशत बढ़कर 725 करोड़ कंपनी का वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी (सितंबर) तिमाही में शुद्ध लाभ 471.34 करोड़ रुपये रहा था। 2026-27 की सितंबर तिमाही में उसकी कुल आय 44 प्रतिशत बढ़कर 1,540.54 करोड़ रुपये हो गई जो पिछले साल की समान अवधि में 1,071 करोड़ रुपये थी। जुलाई-सितंबर के अंत में कंपनी की संपत्ति कारोबार की प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियां (एयूएम) 10,000 करोड़ रुपये के पार पहुंच गईं।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अमन आहूजा, पुत्रः किशोर कुमार आहूजा, पताः रोचलानी चौराहा, जय प्रकाश वार्ड, कटनी, जिला मुरवाड़ा, मध्य प्रदेश** ने **FIR No. 25/2023, U/s 33/38 Excise Act, पुलिस थाना हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अमन आहूजा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अमन आहूजा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 25/2023, U/s 33/38 Excise Act, पुलिस थाना हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन, दिल्ली** के अभियुक्त **अमन आहूजा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.11.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।
आदेशानुसार – श्री अंकित सोलंकी
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, केन्द्रीय कमरा नं. 37, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/14377/Rly/2026

कार्यालय कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग जिला नरसिंहपुर म.प्र.
प्रारूप V
(नियम 10 देखें)
धारा 19(1) के तहत् पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन घोषणा का प्रकाशन सचिव, राजस्व विभाग
क्रमांक 2066 /भू-अर्जन / 2026 नरसिंहपुर, दिनांक - 21/09/2026
रा.मा.क्रं. 0003/अ-82/2023-24 मौजा ग्राम- अनघौरी प.ह.नं. 14 नं.ब. 03 तहसील साईखेड़ा
जहां सरकार को ऐसा प्रतीत होता है कि लोक प्रयोजन चिनकी बोरास बराज संयुक्त बहुउद्देशीय परियोजना के डूब क्षेत्र हेतु ग्राम झ अनघौरी प.ह.नं. 14 नं.ब. 03 तहसील साईखेड़ा जिला नरसिंहपुर के कुल 4.890 हे. भूमि अपेक्षित है। इसलिये घोषणा की जाती है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू-खंड है, जो 4.890 हे. है ग्राम - अनघौरी तहसील साईखेड़ा जिला नरसिंहपुर में है, जिसका विस्तृत ब्यौरा निम्नलिखित है :-

क्रं.	हितबद्ध व्यक्ति का नाम एवं पता	स्वामित्व का प्रकार	खसरा नंबर	अर्जित रकबा हे. में
1	2	3	4	5
1	कुवरलाल पिता छोटेलाल जाति राजपूत, सरदारसिंह पिता गुलाबसिह जाति राजपूत पता अनघौरी गाडरवारा नरसिंहपुर मध्य प्रदेश,	भूमिस्वामी	1/2(S)	0.186
2	गभगवानसिह पिता परमलाल जाति राजपूत, नरबदी बाई बेवा परमलाल जाति राजपूत' पता अनघौरी सांईखेड़ा नरसिंहपुर मध्य प्रदेश, रूद्रपालसिह पिता दिमानसिह जाति राजपूत गजराजसिह पिता' दिमानसिंह जाति राजपूत, शिवराज सिंह पिता' दिमानसिह जाति राजपूत पता अनुघौरी सांईखेड़ा नरसिंहपुर मध्य प्रदेश	भूमिस्वामी	1/3(S) 1/4	0.101 0.068
3	चंद्रभान पिता भगतसिंह जाति राजपूत पता पीपरपानी सांईखेड़ा नरसिंहपुर मध्य प्रदेश	भूमिस्वामी	7(S) 9(S) 4(S)	0.150 0.120 0.210
4	बजेश पिता भगतसिंह जाति राजपूत पता पीपरपानीं सांईखेड़ा नरसिंहपुर मध्य प्रदेश	भूमिस्वामी	3(S)	0.064
5	कमल सिंह पिता भगवान सिंह जाति राजपूत, नेत्रपाल सिंह पिता भगवान सिंह जाति राजपूत, तीरथबाई बेवा' भगवान सिंह जाति राजपूत, छत्रपाल सिंह पिता भगवान सिंह जाति राजपूत, पता अनघौरी सांईखेड़ा नरसिंहपुर मध्य प्रदेश	भूमिस्वामी	2/4(S) 2/1/2(S) 2/5(S)	0.100 0.065 0.065
6	फुलियाबाई बेवा फुल्ला, मुन्ना पिता फुल्ला, छोटू पिता फुल्ला, हल्के पिता फुल्ला, शकुनबाई पुत्री फुल्ला, बैजंतीबाई पुत्री फुल्ला, मथुराबाई पुत्री फुल्ला, छोटी पुत्री हिम्मत, गुड्डू पिता फुल्ला, गोविन्द पिता काशीराम, बाबूलाल पिता परसू हल्कीबाई पुत्री फुल्ला, हल्ली पुत्री हिम्मत बटो पुत्री हिम्मत, दौलत पिता हिम्मत, शब्बी पुत्री हिम्मत, गुलीबाई पुत्री काशीराम बसंती पुत्री हिम्मत ; कोमल पिता काशीराम, अजमेर पिता काशीराम जाति ढीमर पता सांईखेड़ा नरसिंहपुर मध्य प्रदेश, रामसेवक पिता दुली, मुल्लीबाई पत्नी दुली, विश्वनाथ पिता दुली, गुड्डन पिता दुली, कलाबाई पुत्री दुली जाति ढीमर पता अनघौरीसांईखेड़ा नरसिंहपुर म.प्र	भूमिस्वामी	2/1/1(S)	0.199
7	छोटीबाई बेवा मोहन जाति ढीमर गिरधारी पिता धनसिंह जाति नौरिया, पूरन पिता बैनी जाति ढीमर, सिब्बू पिता धनसिंह जाति नौरिया, हक्कैयाबाई पुत्री धनसिंह, मुल्लो पुत्री बैनी जाति ढीमर, हलकोरी पिता बैनी जाति ढीमर, बडडा पिता बैनी, हलके वीर पिता बैनी जाति ढीमर पता सांईखेड़ा नरसिंहपुर मध्य प्रदेश , जमनाबाई पिता अज्जो जाति ढीमर, भूरीबाई पिता धनसिह जाति ढीमर भूरीबाई पिता अज्जो जाति ढीमर, हरिशंकर पिता देवीसींग जाति ढीमर, गब्दू पिता बैनी जाति ढीमर, मुकेश पिता अज्जो जाति ढीमर, सुमन पिता देवीसींग जाति ढीमर, संतोष पिता अज्जो जाति ढीमर कल्लोबाई पिता अज्जो जाति हक्कीबाई पिता धनसिंह जाति ढीमर पता अनघौरी सांईखेड़ा नरसिंहपुर मध्य प्रदेश नरसिंहपुर मध्य प्रदेश	भूमिस्वामी भूमिस्वामी	2/2/1(S) 17/2/1(S)	0.262 0.200
8	सिब्बू पिता धनसिंह जाति ढीमर पता अनघौरी सांईखेड़ा नरसिंहपुर मध्य प्रदेश	भूमिस्वामी	2/2/2(S) 17/2/2(S)	0.086 0.075
9	कोमलसिह पिता काशीराम गोविन्दसिह पिता काशीराम अजमेरसिह पिता काशीराम पता अनघौरी सांईखेड़ा नरसिंहपुर मध्य प्रदेश	भूमिस्वामी	2/3(S) 16/3 17/3	0.150
10	कमल सिंह पिता भगवान सिंह, नेत्रपाल सिंह पिता भगवान सिंह, तीरथबाई बेवा भगवान सिंह, छत्रपाल सिंह पिता भगवान सिंह जाति राजपूत पता अनघौरी सांईखेड़ा नरसिंहपुर मध्य प्रदेश	भूमिस्वामी	17/1(S) 17/4(S)	0.048 0.034
11	प्रेम शंकर पिता कोमल सिह जाति राजपूत पता अनघौरी सांईखेड़ा नरसिंहपुर मध्य प्रदेश	भूमिस्वामी	53/2(S)	0.365
12	वंदनाबाई पत्नी पुष्पक सिंह जाति राजपूत गुडडी पत्नी अतर सिंह जाति राजपूत पता अनघौरी सांईखेड़ा नरसिंहपुर मध्य प्रदेश	भूमिस्वामी	53/1(S)	0.360
13	राहुल पिता भानुप्रताप सिह जाति राजपूत पता अनघौरी सांईखेड़ा नरसिंहपुर मध्य प्रदेश	भूमिस्वामी	54/1(S) 55/1(S)	0.234 0.202
14	कोदूसिह पिता डोमलसिह जाति राजपूत पता अनघौरी सांईखेड़ा नरसिंहपुर मध्य प्रदेश	भूमिस्वामी	54/2(S)	0.234
15	भानुप्रतापसिह पिता मनोहरसिह जाति राजपूत पता अनघौरी सांईखेड़ा नरसिंहपुर म.प्र.	भूमिस्वामी	48(S) 55/2(S)	0.058 0.120
16	यशवन्त सिंह पिता कोमल सिंह जाति राजपूत पता अनघौरी सांईखेड़ा नरसिंहपुर म.प्र	भूमिस्वामी	47/2(S)	0.020
17	ममतावाई पत्नी देवेन्द्र सिंह जाति सजपूत पता अनघौरी सांईखेड़ा नरसिंहपुर मध्य प्रदेश	भूमिस्वामी	56(S) 58(S)	0.445 0.559
18	धनसिंह पिता सादराम जाति नाई. पता अनघौरी सांईखेड़ा नरसिंहपुर मध्य प्रदेश	भूमिस्वामी	61/2(S) 63/2	0.064
19	गबडू पिता बैनी पता अनघौरी सांईखेड़ा नरसिंहपुर मध्य प्रदेश	भूमिस्वामी	64/2/1(S)	0.028
20	बजेश कुमार पिता कमल बड्डा पता अनघौरी सांईखेड़ा नरसिंहपुर मध्य प्रदेश	भूमिस्वामी	64/2/2(S)	0.010
21	भगवतसिंह पिता आशाराम, मुन्नालाल पिता धनसिंह पूना पत्नी धनसिह, शिव पिता आशाराम, सुम्मा पिता धनसिह, फूलसिंह पिता धनसिह, लक्ष्मीबाई पुत्री धनसिह, मंशाराम पिता धनसिंह, यशपाल सिंह पिता कंछेदी, विशाल बाई पिता कंछेदी, अनीताबाई पिता कंछेदी, निशाबाई पिता कंछेदी, रूपालीबाई पिता कंछेदी पता अनघौरी सांईखेड़ा नरसिंहपुर मध्य प्रदेश	भूमिस्वामी	105(S)	0.008
	कुलयोग			4.890

1. यह घोषणा हितबद्ध व्यक्तियों के आक्षेपों को सुनने और भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (2013 का 30) की धारा 15 में यथा उपबंधित सम्यक जांच करने के पश्चात की गयी है। 2. कार्यपालन यंत्री, रा. अ. बा. लो. सा. नहर संभाग नरसिंहपुर के द्वारा प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है कि भू-अर्जन अधिनियम के अनुसार निराकरण में भौतिक सत्यापन किये जाने पर यह पाया गया है कि उक्त भू-अर्जन में किसी प्रकार का कोई विस्थापन व पुर्नवास नही किया जाना है। 3. चिनकी बोरास बराज संयुक्त बहुउद्देशीय परियोजना के डूब क्षेत्र हेतु हितबद्ध व्यक्तियों में से किसी भी व्यक्ति का विस्थापन नहीं होने से धारा 19 की उपधारा (2) के तहत पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन स्कीम का सार प्रकाशित करने की आवश्यकता नही है। 4. उक्त भूमि के या उक्त भूमि किसी भाग में पड़े कोयला, लौह पत्थर, स्लेट या अन्य खनिजों की खानें है, खान और खनिज के ऐसे भागों, में जिन्हें उस प्रयोजन, जिसके लिए भूमि अर्जित की जा रही है, की परियोजना के निर्माण चरण के दौरान खोदे जाने या हटाये या उपयोग किए जाने की अपेक्षा है, को छोड़कर आवश्यक नही है। 5. अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गाडरवारा के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस को भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

(श्रीमति रजनी सिंह)
कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव,
मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग
जिला नरसिंहपुर (म.प्र)
(श्रीमति प्रगति वर्मा)
अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
गाडरवारा, नरसिंहपुर (म. प्र.)
G-20000/26

थोक महंगाई उछलकर 11.39 प्रतिशत पर

नई दिल्ली। खाद्य पदार्थों, विनिर्मित वस्तुओं और ईंधन एवं बिजली की कीमतें बढ़ने से सितंबर में थोक मुद्रास्फीति बढ़कर 11.39 प्रतिशत हो गई, जो अगस्त में 9.92 प्रतिशत थी। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। खाद्य पदार्थों की महंगाई दर अगस्त के 7.05 प्रतिशत से बढ़कर सितंबर में 8.66 प्रतिशत हो गई। विनिर्मित वस्तुओं में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति बढ़कर 9.76 प्रतिशत के श्रृंखला के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। अगस्त में यह 8.37 प्रतिशत थी। ईंधन एवं बिजली की महंगाई दर सितंबर में 25.85 प्रतिशत रही, जबकि पिछले महीने यह 22.93 प्रतिशत थी।

पश्चिम मध्य रेल
मध्य प्रदेश राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग, 76 अरेरा हिल्स, भोपाल
(दूरभाष एवं फैक्स 0755-2553722)
सूचना-पत्र क्रमांक 2540
दिनांक-14/07/2026
अपील क्रमांक-एफए/17/1143
डिवीजन रेल प्रबंधक अपीलार्थी
विरुद्ध
श्रीमति रितु शर्मा ठाकुर प्रतिअपीलार्थी
प्रति,
श्रीमती रितु शर्मा ठाकुर पत्नी श्री विनोद ठाकुर निवासी-109/B वालेश लाईन मोतीबाड़ा, जबलपुर (म.प्र.)
उपरोक्त अपीलार्थी डिवीजन रेल प्रबंधक ने जिला उपभोक्ता आयोग जबलपुर क्र.02 के प्रकरण क्रमांक 500/2014 में पारित आदेश दिनांक 23/05/2017 के विरुद्ध इस आयोग के समक्ष एक अपील धारा 41 उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के अंतर्गत प्रस्तुत की है।
अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप स्वयं अथवा अधिकृत प्रतिनिधि अथवा अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 23/10/2026 को 10.30 बजे इस आयोग के समक्ष उपस्थित रहे।
आपको यह भी सूचित किया जाता है कि आप नियत दिनांक को उपस्थित नहीं रहते है तो प्रकरण मे सुनवाई / एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। यह प्रकरण ग्राहयता पर सुनवाई / स्थगन पर/आवेदन/ स्थगन की पुष्टीकरण/अंतिम तर्क / सुनवाई के लिये नियत है। (हस्ता.)
रजिस्ट्रार
मुहर मप्र राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग, भोपाल
स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

कार्यालय नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा (म.प्र.)
शुक्ला ग्राउंड के पास वार्ड नं. 39 छिंदवाड़ा 480001 दूरभाष एवं फैक्स नंबर:- 07162-222346
ई-मेल:- commchhindwara@mpurban.gov.in Commissioner.chhindwara.mpurban@gmail.com
बेबसाईट:- Chhindwaranagarnigam.com
क्रमांक/4207/लोनिवि/नपानि/2026-27- **- द्वितीय निविदा सूचना -** छिन्दवाड़ा दिनांक 12/10/2026
एतद् द्वारा शासकीय विभागों के उपयुक्त तथा सक्षम श्रेणी में पंजीकृ

पीएम मोदी ने भेजे गए अपने लिखित संदेश में कहा

दुनिया भर में बढ़ रही भारतीय संस्कृति की पहचान, प्राचीन धरोहरों की वापसी के प्रयास तेज किए, अब दुनिया के देशों को भारत जोड़ने का काम कर रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत की सांस्कृतिक विरासत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार पहचान मिल रही है। भारत का संगीत, नृत्य, सिनेमा और खानपान दुनिया के अलग-अलग देशों के लोगों को भारत से जोड़ने का काम कर रहे हैं। उन्होंने यह बात 'बृहत्तर भारतः दुनिया भर में भारत के सांस्कृतिक संबंध' विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भेजे गए अपने लिखित संदेश में कही। भारत सरकार केवल ऐतिहासिक स्मारकों को सुरक्षित रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि देश की प्राचीन पांडुलिपियों को भी सहेजने के प्रयास कर रही है। इसके लिए ज्ञान भारतम पहल के तहत काम किया जा रहा है।

- केंद्रीय संस्कृति सचिव विवेक ने सुनाया लेख

खास बातें

- ऐतिहासिक स्मारकों को सुरक्षित रखने के साथ भारत की प्राचीन पांडुलिपियों को सहेजने पर भी ध्यान दिया जा रहा है
- ज्ञान भारतम पहल के जरिए पांडुलिपियों से जुड़ी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करेंगे



16 तक चलेगा सम्मेलन

यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 16 अक्टूबर तक चलेगा। आयोजन इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र कर रहा है। सम्मेलन में भारत की सांस्कृतिक विरासत और समाजों,सभ्यताओं के साथ उसके संबंधों पर चर्चा हो रही है।

लद्दाख को मिलेगी 3,350 करोड़ की सौगात

प्रधानमंत्री आज करेंगे 5 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन

प्रधानमंत्री मोदी 15 अक्टूबर को दोपहर करीब 12:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लद्दाख में लगभग 3,350 करोड़ की 4 प्रमुख विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और उन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इस अवसर पर वह कार्यक्रम को संबोधित भी करेंगे।

इन परियोजनाओं को सौंपेंगे प्रधानमंत्री

- 298 किलोमीटर लंबी निमू-पदुम-दरचा सड़क राष्ट्र को समर्पित करेंगे
- 66 केवी की डबल-सर्किट दाह-हानू-खलत्सी विद्युत पारेषण लाइन का उद्घाटन
- लेह के सिंधु घाट पर भारत के पहले शैलचित्र संरक्षण पार्क का लोकार्पण करेंगे
- प्रधानमंत्री लेह स्थित कुशोक बकुला रिनपोछे हवाई अड्डे के नए यात्री टर्मिनल भवन का उद्घाटन करेंगे। इसके निर्माण पर 640 करोड़ खर्च किए गए हैं।

एशियन गेम्स 2026 में हिस्सा लेने वाले भारतीय दल से मिलेंगे

पीएम मोदी गुरुवार को एशियन गेम्स 2026 में हिस्सा लेने वाले भारतीय खिलाड़ियों के दल से मुलाकात करेंगे। पीएम मोदी सभी एथलीटों से नई दिल्ली स्थित मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में मिलेंगे। भारतीय समयानुसार यह मुलाकात लगभग 4 बजकर 30 मिनट पर होगी।

खबर संक्षेप

आसाराम के पैरोल पर सुनवाई नहीं होगी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को खुद को भगवान बताने वाले आसाराम की याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। इस याचिका में गांधीनगर शोषण केस में बीमार पत्नी से मिलने जमानत न देने के हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती दी है।जस्टिस जेबी पारदीवाला और के विनोद चंद्रन की बेंच ने याचिका वापस लेने की इजाजत दे दी।



नाव में छेद था, पलटने से पहले हम कूद गए

वैशाली। बिहार के वैशाली में राघोपुर दियारा इलाके में नाव पलटने की घटना में बचाए गए 4 बच्चों ने घटना के बारे में आपबीती सुनाई। उनका कहना था कि नाव में एक छोटा सा छेद था, जिससे पानी अंदर आने लगा। जब नाव डूबने लगी, तो और ज्यादा पानी अंदर आने लगा। नाव पलट गई। इस हादसे में 13 बच्चों की मौत हो गई।



हाईकोर्ट ने कहा- 3 माह में कराएं पंचायत चुनाव

इलाहाबाद। हाईकोर्ट ने बुधवार को ग्राम पंचायत चुनाव मामले में अहम फैसला सुनाते हुए राज्य सरकार को 3 महीने के भीतर चुनाव कराने का निर्देश दिया है। कोर्ट के आदेश के अनुसार, जब तक नए चुनाव संपन्न नहीं हो जाते, तब तक सभी निवर्तमान ग्राम प्रधान प्रशासक के रूप में अपने पदों पर कार्य करते रहेंगे। खंडपीठ भी सुनवाई कर रही।



ईडी ने रिलायंस पावर की संपत्ति जब्त की

नई दिल्ली। ईडी ने बताया कि उसने अनिल अंबानी समूह की कंपनी रिलायंस पावर लिमिटेड की भारत में स्थित 2000 करोड़ से अधिक की परिसंपत्तियां जब्त की हैं। यह कार्रवाई विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम के तहत एक जांच का हिस्सा है। सासन पावर लिमिटेड में उसकी शेयरधारिता भी शामिल है।

नेता प्रतिपक्ष राहुल ने एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं का समर्थन किया

बोले- यहां सिर्फ एक आवाज, एक विरोध है, वह भारत की आवाज है

उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी तथा गृह मंत्री शाह पर निशाना साधा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली में चल रहे विरोध-प्रदर्शनों के दौरान पुलिस कार्रवाई का सामना करने वाले नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) के कार्यकर्ताओं का समर्थन किया है। राहुल ने एनएसयूआई से जुड़े कार्यकर्ताओं की पिटाई का आरोप लगाते हुए बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधा। राहुल ने आरोप लगाया कि मोदी और शाह भारत की आवाज के खिलाफ खड़े हैं। राहुल एनएसयूआई के कुछ कार्यकर्ताओं और प्रदर्शनकारियों के साथ मीडिया के सामने आए। इन सभी को सीईसी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस द्वारा पीटे जाने का आरोप है। राहुल ने कहा कि जैसा कि मैंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था, अपने चारों ओर देखिए। यह भारत है। शाह जी, इसे ध्यान से देखिए, यहां कोई हिंदू, कोई मुसलमान, कोई जाति, कोई महिला या कुछ और नहीं है। यहां सिर्फ एक आवाज, एक विरोध है और वह भारत की आवाज है। हम इस आवाज के खिलाफ खड़े हैं।

यहां कोई हिंदू, कोई मुसलमान, कोई जाति, कोई महिला या कुछ और नहीं

मोदी और शाह भारत की आवाज के खिलाफ खड़े



एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने पुलिस पिटाई की दास्तान सुनाई

आशुतोष-सौरव को 5 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

कोर्ट ने आशुतोष रांका, और सौरव दास को 5 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। सरकार ने जंतर-मंतर को प्रदर्शन स्थल की सूची से हटाया, तो उसके अगले ही दिन मंगलवार को सीजेपी के लगभग 20 कार्यकर्ता तिरंगा लेकर वहां पहुंच गए। कार्यकर्ताओं ने जदयू कार्यालय का गेट पार किया और भारी बैरिकेडिंग के बीच प्रदर्शन स्थल पर तिरंगा फहराया था।

वीडियो रिकॉर्डिंग रखें और सबूत हमें भेजें

राहुल ने कहा कि मेरी सलाह है, इस आवाज के खिलाफ खड़े ना हों। कोई भी इस आवाज के खिलाफ नहीं टिक सकता। मैंने सभी छात्रों से कहा है कि वे वीडियो रिकॉर्डिंग रखें और वह सबूत हमें भेजें। जब यह पूरा मामला खत्म हो जाएगा, तो हम उन सभी सबूतों का इस्तेमाल करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि जिन लोगों को सजा मिलनी चाहिए, उन्हें सजा मिले- चाहे वह प्रदानमंत्री हों, ज्ञानेश कुमार हों, शाह हों या फिर वे कॉन्स्टेबल ही क्यों न हो जो हमारे बच्चों पर हाथ उठा रहा है।

राहुल गांधी पर भाजपा का पलटवार

कानून से ऊपर कोई नहीं, विरोध प्रदर्शन करें पर कानून न तोड़ें

सीजेपी के नेताओं के खिलाफ पुलिस कार्रवाई की आलोचना करने पर भाजपा ने बुधवार को राहुल पर पलटवार किया। पार्टी ने कांग्रेस नेता पर देश को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा कि संविधान विरोध प्रदर्शन का अधिकार देता है, कानून तोड़ने का नहीं। राष्ट्रीय मीडिया संयोजक आशीष उषा अग्रवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि सार्वजनिक स्थानों को सत्ता हासिल करने के लिए राजनीतिक अखाड़े में नहीं बदला जा सकता। इससे पहले दिन में राहुल ने दास और रांका को पांच दिन की न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के बाद केंद्र सरकार की आलोचना की थी। उन्होंने कहा था कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान जंतर-मंतर पर तिरंगा लहराना कोई अपराध नहीं है। इसके लिए युवाओं को जेल भेजना कायरता है।



दीपके को देखते ही चीखने लगा शख्स क्यों देश खराब कर रहा ? चोर-चोर



अभिजीत दीपके को एक बार फिर विरोध का सामना करना पड़ा है। बुधवार को दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से निकलते वक्त एक शख्स उन्हें देखकर जोर-जोर से चिल्लाने लगा।जोर-जोर से चीखते हुए कहा- क्यों देश खराब कर रहा है? उसने चोर- चोर के नारे भी लगाए।

अब सुप्रीम कोर्ट पहुंचे ओवैसी एसआईआर प्रक्रिया को चुनौती दी



एआईएमआईएम के अध्यक्ष और हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर किया। इस याचिका में चुनाव आयोग की ओर से वोटर लिस्ट में सुधार की 'स्पेशल इंटेंसिव रिविजन' (एसआईआर) प्रक्रिया के तरीके को चुनौती दी।

चुनाव आयोग पर भड़का सुप्रीम कोर्ट

वीडियो रिकॉर्डिंग तो देनी ही पड़ेगी, बहाने बर्दाश्त नहीं करेंगे



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को इस बात के लिए कड़ी फटकार लगाई कि वह 2023 के कर्नाटक विधानसभा चुनावों में श्रृंगेरी विधानसभा क्षेत्र में वोटों की गिनती की वीडियो रिकॉर्डिंग नहीं ढूंढ पा रहा है। कोर्ट कांग्रेस नेता टीडी राजेगौड़ा और भाजपा उम्मीदवार डीएन जीवराज के बीच चुनावी विवाद से जुड़े मामले की सुनवाई कर रहा था। राजेगौड़ा ने 2023 में श्रृंगेरी विधानसभा क्षेत्र से 201 वोटों के मामूली अंतर से विधानसभा चुनाव जीता था लेकिन वोटों की दोबारा गिनती में जीवराज को ज्यादा वोट मिलने के बाद कांग्रेस उम्मीदवार को हटा दिया गया था।

अपना रिकॉर्ड अगली तारीख तक पेश करें

मई में शीर्ष अदालत ने राजेगौड़ा को राहत देते हुए निर्देश दिया था कि जब तक उनकी याचिका पर सुनवाई पूरी नहीं हो जाती तब तक वह विधानसभा सदस्य बने रहेंगे। इसी याचिका पर आज, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस संजीव सचदेवा की बेंच ने उस बात पर हैरानी जताई जब ईसीआई ने कहा कि वह 2023 में हुई वोटों की गिनती की वीडियो रिकॉर्डिंग नहीं ढूंढ पा रहा है। इस पर आयोग को फटकार लगाते हुए कोर्ट ने कहा कि ईसीआई) यह कैसे कह सकता है कि उसने अपना रिकॉर्ड खो दिया है? आपका मुख्य काम चुनाव कराना है। आपके पास दस्तावेज होने ही चाहिए। यह कहने का सवाल ही कहां उठता है कि हां, हम इसे ढूंढने की कोशिश कर रहे हैं? आपने इसे चुने हुए उम्मीदवार को दे दिया। रिकॉर्ड की कोई कस्टडी नहीं है। आपके पास जो भी है, उसे अगली तारीख पर पेश करें। वरना, प्रतिकूल निष्कर्ष निकालना होगा।

एसआईआर की सुनवाई की तारीख बदली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को दिल्ली एसआईआर मामले में सुनवाई की तारीख पहले कर दी। यह कदम तब उठाया गया जब आरोप लगाया गया कि जिन वोटरों के नाम एसआईआर प्रक्रिया के तहत हटा दिए गए थे। उनसे वोटर लिस्ट में नाम दोबारा शामिल करने के लिए 'फॉर्म 6' भरने को कहा जा रहा है। वकील प्रशांत भूषण की दलीलें सुनने के बाद सीजेआई ने सूर्य कांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच ने सुनवाई की तारीख 30 से बदलकर 28 अक्टूबर कर दी। जब भूषण ने कहा कि 28 अक्टूबर को सुनवाई से शायद ही कोई फर्क पड़े, क्योंकि नाम हटाने या सुधारने की आखिरी तारीख 30 अक्टूबर है, तो सीजेआई ने कहा कि हम एक ऐसा आदेश जारी करने के बारे में सोच रहे हैं जो इन सभी बातों का ध्यान रखेगा।

अमेठी में बदले सियासी समीकरण

राकेश, अभय और विनोद भाजपा में हो गए शामिल

एजेंसी ▶▶ अमेठी



गौरीगंज से लगातार तीन बार समाजवादी पार्टी के विधायक रहे राकेश प्रताप सिंह बुधवार को भाजपा में शामिल हो गए। उनके साथ अयोध्या की गोसाईंगंज सीट से विधायक अभय सिंह और जालौन की कालपी सीट से विधायक विनोद चतुर्वेदी ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। गौरीगंज में जामो रोड स्थित राकेश के आवास मंगलम पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और पार्टी की राष्ट्रीय महामंत्री स्मृति ईरानी ने तीनों विधायकों को पार्टी की सदस्यता दिलाई। प्रदेश अध्यक्ष ने भगवा पटका पहनाया सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के कई मंत्री, विधायक और पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे। तीनों ने भाजपा के टोल फ्री नंबर पर फोन कर पार्टी की औपचारिक सदस्यता भी ग्रहण की।

सांसद अकोइजम की बढ़ीं मुश्किलें

अब भाजपा महिला मोर्चा ने एनसीडब्ल्यू को सौंपा ज्ञापन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा महिला मोर्चा के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष विजया के. राहटकर से जेएनयू की 11 छात्राओं के साथ यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे कांग्रेस सांसद अंगोमचा बिमोल अकोइजम के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। इस प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई सांसद रूप कुमारी चौधरी ने की।



मामले की जांच का दिया आश्वासन

प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए चौधरी ने कहा कि 5 सांसदों और भाजपा की महिला विंग के पदाधिकारियों सहित एक प्रतिनिधिमंडल ने इस मामले में कार्रवाई की मांग, छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आयोग से संपर्क किया था। आश्वासन दिया गया है कि वह मामले की जांच करेंगी।

बंगाल में 100 किलो सोने के गहने से सजीं मां दुर्गा



कोलकाता। पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में सेंट्रल कॉलोनी की दुर्गा पूजा इन दिनों चर्चा में है। इस बार यहां मां दुर्गा की मूर्ति को 100 किलो से ज्यादा सोने के गहनों से सजाया गया है। पूजा के 64वें साल में पूजा समिति ने पंडाल की थीम ' अ फेयरी टेल ऑफ स्कल्पचर ' रखी है। पंडाल को मूर्तियों की खूबसूरती और कला को ध्यान में रखकर सजाया गया है।

केंद्रीय कैबिनेट के अन्य अहम फैसले

सोशल सिक्योरिटी नेट को बढ़ाया व दिव्यांगों को पेंशन की सुविधा जन्म के साथ ही मिलेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में विभिन्न राज्यों के दिव्यांगों को भी बड़ी राहत दी है। पहले दिव्यांगों का 80 फीसदी थ्रेशोल्ड था अब उसको आधा करके 40 फीसदी पर ही दिया जाएगा। इसके अलावा फैसला लिया कि अब दिव्यांगों को पेंशन की सुविधा जन्म के साथ ही दी जाएगी, पहले सरकार ने 18 साल के बाद पेंशन की शुरुआत की जाती थी। सोशल सिक्योरिटी नेट को बढ़ाकर 53428 करोड़ रुपए कर दिया गया है।इस मंजूरी से देश के सभी 36 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में लगभग 3.20 करोड़ लाभार्थियों को फायदा होगा। इसके अंतर्गत वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांगजन पेंशन और राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के नाम भी बदले जाएंगे।

आईडीबीआई बैंक और एलआईसी हिस्सेदारी बेचेगा

इसके अलावा, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को आईडीबीआई बैंक में 60.72% हिस्सेदारी फेयरफैक्स फाइनेंशियल होल्डिंग्स की सहायक कंपनी, मेसर्स 10955230 कनाडा इंक. को 52,878.08 करोड़ रुपए में बेचने की मंजूरी दे दी। जिससे बैंक के बड़े पुनर्गठन का मार्ग प्रशस्त हो गया है।इस सौदे का कुल मूल्य 52,877.07 करोड़ रुपए है। इसके तहत भारत सरकार अपनी 30.48 प्रतिशत हिस्सेदारी और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) अपनी 30.24 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेगा।



एंटी ड्रग एक्टिविस्ट परविंदर की हत्या के आरोपी पर कार्रवाई

घर पर चला बुलडोजर, भीड़ ने फूंक दिया मेडिकल स्टोर

हत्या से गुस्साए सिख संगठनों ने मानसा में बाजार बंद करा दिए

एजेंसी ▶▶ मानसा

पंजाब के मानसा जिले में एंटी ड्रग एक्टिविस्ट परविंदर सिंह झोटा की हत्या के आरोपी अश्विनी कुमार के खिलाफ प्रशासन ने कठोर कार्रवाई की है। बुधवार को मानसा प्रशासन ने भारी सुरक्षाबलों की मौजूदगी में अश्विनी कुमार के घर पर बुलडोजर चला दिया। इसके अलावा आरोपी के मेडिकल स्टोर को भी तोड़ दिया है।परविंदर की हत्या के बाद गुस्साए लोगों ने आरोपी अश्विनी के मेडिकल स्टोर में तोड़फोड़ की और उसके बाद उसमें आग लगा दी। झोटा की हत्या से गुस्साए सिख संगठनों ने बुधवार को मानसा में बाजार बंद करा दिए।



सीएम और डीजीपी का इस्तीफा दें

परविंदर के परिजन लगातार इस मांग पर अड़े हुए हैं कि जब तक इस मामले की जांच सीबीआई को नहीं सौंप दी जाती और सीएम भगवंत और डीजीपी गौरव यादव इस्तीफा नहीं दे देते तब तक वह परविंदर का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने भी इस मामले का संज्ञान लेते हुए चीफ सेक्रेटरी और डीजीपी से रिपोर्ट मांगी है।

सीबीआई से जांच पर अड़ा परिवार

परविंदर के परिजन लगातार इस मांग पर अड़े हुए हैं कि जब तक इस मामले की जांच सीबीआई को नहीं सौंप दी जाती और सीएम भगवंत और डीजीपी गौरव यादव इस्तीफा नहीं दे देते तब तक वह परविंदर का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने भी इस मामले का संज्ञान लिया है।

राजस्थान से गिरफ्तार हुआ था अश्विनी

बुधवार को पंजाब पुलिस ने राजस्थान पुलिस के साथ मिलकर अश्विनी कुमार को राजस्थान के ही सालासर से गिरफ्तार किया था। अश्विनी वहां एक होटल में छिपा हुआ था। आरोपी के घर पर हुई इस कार्रवाई के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। प्रशासन की कार्रवाई के बीच भीड़ ने आरोपी की दुकान में तोड़फोड़ की और दुकान को आग के हवाले कर दिया।

गढ़ा रामलीला में भावुक हुए दर्शक, चित्रकूट प्रसंग ने जीता दिल

'राम... राम... हा राम!' पुकारते दशरथ ने त्यागे प्राण, भरत ने ठुकराया राजपाट



जबलपुर। श्री रामलीला समिति गढ़ा जबालीपुरम के सिद्ध मंच पर भगवान श्रीराम की मानव लीला के अंतर्गत महाराज दशरथ मरण, भरत आगमन एवं चित्रकूट प्रसंग का भावपूर्ण मंचन किया गया। पिता-पुत्र के असीम प्रेम, त्याग और भ्रातृभक्ति से ओतप्रोत दृश्यों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। वहीं, रामलीला परिवार में छह दशक से सेवाएं दे रहे वरिष्ठ सदस्य सीताराम दुबे का सम्मान भी किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीराम की आरती एवं पूजन-अर्चन के साथ हुआ। समिति संचालक पंडित अशोक मनोध्याय, अध्यक्ष एवं निर्देशक राजेश मिश्रा, महामंत्री एडवोकेट अरुण दीक्षित सहित समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भगवान का माल्यार्पण कर भोग अर्पित किया और आरती की।

पुत्र वियोग में व्याकुल दशरथ ने त्यागे प्राण

मंचन के दौरान सुमंत्र ने महाराज दशरथ को बताया कि तमाम प्रयासों के बावजूद श्रीराम, लक्ष्मण और माता सीता वन से वापस नहीं लौटे हैं। यह समाचार सुनते ही पुत्र वियोग में व्याकुल महाराज दशरथ ने 'राम राम हा राम!' पुकारते हुए प्राण त्याग दिए। इस मार्मिक दृश्य ने दर्शकों की आंखें नम कर दीं और रामलीला मैदान में शोक का वातावरण छा गया।

भरत ने ठुकराया राजसिंहासन

उधर, भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण महर्षि वाल्मीकि के बताए मार्ग के अनुसार चित्रकूट में निवास करने लगे। ननिहाल से लौटे भरत को जब श्रीराम के वनगमन और महाराज दशरथ के निधन का समाचार मिला, तो वे शोकाकुल हो उठे। गुरु वशिष्ठ द्वारा अयोध्या का राजसिंहासन स्वीकार करने का आग्रह किए जाने पर भी भरत ने राज्य लेने से इनकार कर दिया।भरत की भावना 'देखे बिन रघुनाथ पद, जिय की जरन न जाए' ने उनके अनन्य भ्रातृप्रेम और त्याग को जीवंत कर दिया। इसके बाद भरत अपनी माताओं, गुरुजनों और अयोध्या की प्रजा के साथ श्रीराम को वापस लाने चित्रकूट पहुंचे। इस प्रसंग ने संदेश दिया कि सत्ता और राजसुख से बढ़कर प्रेम, मर्यादा और कर्तव्य हैं। इसके बाद जयंत तथा महर्षि अत्रि-अनसूया के प्रसंगों का भी रोचक मंचन किया गया।

छह दशक की सेवा के लिए सीताराम दुबे सम्मानित

रामलीला परिवार में विगत 60 वर्षों से निरंतर सेवाएं दे रहे समिति के स्थायी सदस्य सीताराम दुबे को उनके विशेष योगदान के लिए सम्मानित किया गया। समिति संचालक पंडित अशोक मनोध्याय एवं पदाधिकारियों ने उन्हें शाल, श्रीफल और प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।इस अवसर पर राजेंद्र प्यासी, हरीश मनोध्याय, संजय तिवारी, रमाशंकर कटारे, राजेश नेमा, विनायक तिवारी, डॉ. नीना उपाध्याय, विद्या केवट, हनुमंत सिंह रघुवंशी, भूपेंद्र उपाध्याय, गणपत कोष्टा, सुजीत साहू, अरुण दीक्षित एवं व्यास माधव दुबे सहित अनेक रामभक्त उपस्थित रहे।

सीता हरण प्रसंग का मंचन आज

श्री रामलीला समिति के अनुसार, 15 अक्टूबर 2026 को शूर्पणखा चरित्र, खर-दूषण वध एवं सीता हरण की लीला का मंचन किया जाएगा। समिति ने सभी धर्मप्रेमी नागरिकों एवं रामभक्तों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर रामलीला का आनंद लेने की अपील की है।



राज्य स्तरीय शालेय तैराकी में जबलपुर के खिलाड़ियों ने जीते 38 पदक

22 स्वर्ण सहित शानदार प्रदर्शन, संस्कारधानी का बढ़ाया गौरव

जबलपुर। लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देशन में ग्वालियर में आयोजित 70वीं मप्र राज्य स्तरीय शालेय तैराकी प्रतियोगिता 2026 में जबलपुर के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 22 स्वर्ण सहित कुल 38 पदक जीते।

बालक 19 वर्ष वर्ग में सरकार शेर सिंह ने 3 स्वर्ण, 2 रजत, रोहन अम्बूरे ने 3 स्वर्ण तथा आदित्य मिश्रा ने 2 स्वर्ण, 1 रजत और 2 कांस्य पदक जीते। बालक 17 वर्ष वर्ग में ऋत्विक बाफना और कबीर बल्हारा ने 3-3 स्वर्ण, जबकि वैभव उपाध्याय ने 2 स्वर्ण, 1 रजत और 1 कांस्य पदक हासिल किया। बालक 14 वर्ष वर्ग में तनिष्क झरिया ने 2 स्वर्ण और 1 रजत पदक जीता। बालिका वर्ग में तृषा दुबे ने 1 स्वर्ण, 2 रजत, सेरा दुबे, दर्शिनी श्रीवास्तव, गौरिका जैन और लक्ष्यिता मालवीय ने 1-1 कांस्य पदक प्राप्त किया। खिलाड़ियों ने बटरफ्लाई, बैकस्ट्रोक, ब्रेस्टस्ट्रोक और फ्रीस्टाइल स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा दिखाई।

टीम मैनेजर प्रमोद कुमार देहारिया तथा कोच नंदन बर्मन और जगदीश सिंह प्लाहा के मार्गदर्शन में मिली इस सफलता पर जिला तैराकी संघ अध्यक्ष संजय पटेल, सचिव सुनील कुमार पटेल सहित उमेश पटेल, नवराज सिंह, नीतेश कछवाहा, शिवम पटेल, अमन लोधी, आशीष पटेल, शिवम श्रीवास्तव, सार्थक पटेल, सिद्धान्त पटेल, सत्यम तिवारी और शिवा सेन ने खिलाड़ियों को बधाई दी।



डॉ. आलोक चंसोरिया बने मप्र फुटबॉल संघ के अध्यक्ष

जबलपुर। मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ के चुनाव में संस्कारधानी जबलपुर के प्रतिष्ठित शिक्षाविद एवं समाजसेवी डॉ. आलोक चंसोरिया को सर्वसम्मति से अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया है। उनके निर्वाचन से महाकोशल सहित प्रदेश के खेल जगत में हर्ष का माहौल है। नव निर्वाचित अध्यक्ष डॉ. चंसोरिया ने पूज्य गुरुदेव श्री देवरहा बाबा जी के आशीर्वाद एवं शुभचिंतकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए खेल प्रतिनिधियों और संघ के पूर्व सचिव श्री अमित रंजन देव को विशेष धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग और मार्गदर्शन से मध्य प्रदेश में फुटबॉल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण से कार्य करेंगे। डॉ. चंसोरिया ने प्रदेश को भारतीय फुटबॉल में अग्रणी स्थान दिलाने तथा प्रतिभावान युवा खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अवसर उपलब्ध कराने को अपनी प्रमुख प्राथमिकता बताया। उनके अध्यक्ष बनने पर जबलपुर सहित प्रदेश के खेलप्रेमियों, युवा खिलाड़ियों और विभिन्न जिला फुटबॉल संघों के पदाधिकारियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।



रेलवे सुरक्षा बल के राजीव कुमार यादव मेरिटोरियस सर्विस मेडल से सम्मानित

जबलपुर। पश्चिम मध्य रेलवे के रेलवे सुरक्षा बल के महानिरीक्षक-सह-प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त श्री राजीव कुमार यादव को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए रेलवे सुरक्षा बल स्थापना दिवस 2026 पर प्रतिष्ठित 'मेडल फॉर मेरिटोरियस सर्विस' (MSM) से सम्मानित किया गया। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल में आयोजित समारोह में रेलवे सुरक्षा बल की महानिदेशक सुश्री सोनाली मिश्रा ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। यह पदक भारत के राष्ट्रपति द्वारा प्रदत्त है।श्री यादव ने वर्ष 1998 में रेलवे सुरक्षा बल में सेवाएं प्रारंभ की थीं। उन्होंने रेल सुरक्षा, यात्री संरक्षा, रेलवे संपत्ति की सुरक्षा एवं अपराध नियंत्रण में उल्लेखनीय योगदान दिया। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा एजेंसियों के साथ समन्वय तथा कुंभ मेले जैसे बड़े आयोजनों में भीड़ प्रबंधन में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनकी इस उपलब्धि को पश्चिम मध्य रेलवे के लिए गौरवपूर्ण बताया गया है।

सांसद निधि से मिली डिजिटल सुविधा, विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक से मिलेगी शिक्षा

मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय में स्मार्ट क्लासरूम का लोकार्पण



हरिभूमि, जबलपुर। नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के अंतर्गत मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय में बुधवार को सांसद निधि से निर्मित स्मार्ट क्लासरूम का लोकार्पण सांसद आशीष दुबे के मुख्य आतिथ्य एवं कुलगुरु प्रो. मनदीप शर्मा की अध्यक्षता में हुआ।

सांसद आशीष दुबे ने कहा कि डिजिटल सुविधाओं का विस्तार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल इंडिया अभियान और विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण है। स्मार्ट क्लासरूम से विद्यार्थियों को आधुनिक शैक्षणिक संसाधन मिलेंगे तथा नवाचार, उद्यमिता और वैज्ञानिक अनुसंधान को बढ़ावा मिलेगा। कुलगुरु प्रो. मनदीप शर्मा ने कहा कि डिजिटल तकनीक एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग से विद्यार्थियों को जटिल वैज्ञानिक विषयों को सरलता से समझने में मदद मिलेगी। इससे मत्स्य शिक्षा एवं अनुसंधान की गुणवत्ता बेहतर होगी। उन्होंने विद्यार्थियों को तकनीक का विवेकपूर्ण उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। अधिष्ठाता डॉ. एस.के. महाजन ने स्वागत भाषण दिया। इस अवसर पर डॉ. सुभाष तिवारी, लखन देवानी, डॉ. राम किंकर मिश्रा, डॉ. सोना दुबे, डॉ. माधुरी शर्मा, शिवमोहन सिंह सहित विश्वविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। संचालन एवं आभार प्रदर्शन प्रतीक कुमार तिवारी ने किया। समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

अश्विनी त्रिवेदी बने भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के सह-संयोजक

जबलपुर। भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश चिकित्सा प्रकोष्ठ में डॉ. अश्विनी कुमार त्रिवेदी को पुनः प्रदेश सह-संयोजक नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत खंडेलवाल एवं प्रदेश संयोजक डॉ. विशाल सिंह बघेल द्वारा की गई। डॉ. त्रिवेदी ने प्रदेश के प्रथम गौ चिकित्सा शिविर, कैंसर जांच एवं टेस्ट ट्यूब बेबी शिविर, कोरोना काल में परामर्श और दवा वितरण सहित जबलपुर एवं महाकौशल क्षेत्र में विभिन्न स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया। राम जन्मभूमि मंदिर के शुभारंभ पर भी उनके द्वारा राम किट का वितरण किया गया। उनकी पुनर्नियुक्ति पर कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह, सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, अखिलेश जैन, विधायक सुशील तिवारी 'इंदु', अशोक रोहाणी, अभिलाष पांडेय, नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर तथा डॉ. विवेक जैन, डॉ. शुभम अवस्थी, डॉ. वीरेंद्र साहू और डॉ. श्रीकांत साहू सहित अनेक चिकित्सकों एवं शुभचिंतकों ने बधाई दी।



सदर की धनुष यज्ञ रामलीला में केवट संवाद ने किया भावविभोर



जबलपुर। सदर में आयोजित धनुष यज्ञ रामलीला में केवट संवाद और राजा दशरथ के देहावसान के प्रसंग का भावपूर्ण मंचन किया गया। भगवान श्रीराम के चरण पखारने के बाद केवट द्वारा उन्हें गंगा पार कराने के दृश्य ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इसके बाद सुमंत के अयोध्या लौटने और श्रीराम, सीता व लक्ष्मण के वियोग में राजा दशरथ के प्राण त्यागने का मार्मिक प्रसंग प्रस्तुत किया गया। लीला का समापन अयोध्या में शोक के वातावरण के साथ हुआ।

15 अक्टूबर को भरत के अयोध्या आगमन, चित्रकूट गमन और चित्रकूट सभा के प्रसंगों का मंचन किया जाएगा। केवट की भूमिका मधुर तिवारी, सुमंत की भूमिका सतीश पाठक तथा केवट परिवार की भूमिका आकाश नायडू, रामस्वरूप श्रीवास और नितलेश बावरिया ने निभाई। पूजन शिव शंकर मिश्रा ने किया। आरती संतोष सोनी, कन्हैया तिवारी, अमित सोनकर, संदीप चौकसे और शारदा तिवारी द्वारा संपन्न कराई गई। आयोजन से जुड़े अभिषेक चौकसे, सीताराम कुरचनिया, जयंत मिश्रा, पवन कनौजिया, धर्मेंद्र बावरिया, अमरचंद बावरिया, शरद शर्मा, निशांत शर्मा, लक्ष्मी नारायण महावर, सुनील महावर, मनोज पिल्ले, हर्ष गुप्ता एवं प्रचार मंत्री धनंजय बाजपेई ने श्रद्धालुओं से रामलीला में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की।

लिटिल जेम्स स्कूल में जिला स्तरीय रोप स्किपिंग चैंपियनशिप आयोजित



जबलपुर। लिटिल जेम्स स्कूल, सगड़ा में 5वीं RSFI जिला स्तरीय रोप स्किपिंग चैंपियनशिप 2026 आयोजित हुई। इसमें 16 विद्यालयों के लगभग 150 खिलाड़ियों ने अंडर-11, अंडर-14, अंडर-17 बालक-बालिका एवं ओपन वर्ग में भाग लिया। अभिभावकों ने भी ओपन वर्ग में हिस्सा लेकर खेल भावना का परिचय दिया। कार्यक्रम में रोप स्किपिंग अध्यक्ष डॉ. मनीषा कोल, एएसपी श्री सूर्यकांत शर्मा, स्कूल निदेशक श्री सुनील चौधरी एवं प्राचार्य श्रीमती दीपिका चौधरी उपस्थित रहे। सचिव श्रीमती रवीना पटेल ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रतियोगिता में 225 स्वर्ण, 175 रजत और 95 कांस्य सहित कुल 495 पदक प्रदान किए गए। आयोजन की सफलता में संतोष पटेल, अनुराग, शिवानी, रितु, अन्नपूर्णा, अदिति, अरुणा, वैष्णवी, कृष्णा एवं कुबेर का सराहनीय योगदान रहा।

यूपीआई पर प्रस्तावित एमडीआर शुल्क स्थगित करने के निर्णय का कैट ने किया स्वागत

जबलपुर। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने UPI लेनदेन पर प्रस्तावित मर्चेंट डिस्काउंट रेट (MDR) शुल्क स्थगित करने के निर्णय का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण के प्रति आभार व्यक्त किया है। कैट ने इसे व्यापारियों, छोटे कारोबारियों और एमएसएमई के हित में महत्वपूर्ण कदम बताया।

कैट प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र जैन, महामंत्री जितेंद्र पचौरी, राजा सराफ, संभागीय अध्यक्ष दीपक सेठी, जिला अध्यक्ष राजीव बड़ेरिया एवं कोऑर्डिनेटर सीमा सिंह चौहान ने कहा कि इस निर्णय से डिजिटल भुगतान के प्रति व्यापारियों का विश्वास मजबूत होगा। उल्लेखनीय है कि 30 सितंबर 2026 को कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं सांसद प्रवीन खंडेलवाल के नेतृत्व में करीब 20 प्रमुख व्यापारिक नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने नई दिल्ली स्थित कर्तव्य भवन में वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण से मुलाकात कर प्रस्तावित शुल्क के संभावित प्रभावों से अवगत कराया था और इसे वापस लेने का आग्रह किया था।



रेलवे स्टाफ की तत्परता से 13 वर्षीय बालक को मिली सहायता

जबलपुर। ट्रेन संख्या 15018 में अकेले मुंबई जा रहे 13 वर्षीय बालक नोमान हुसैन को टिकट चेकिंग स्टाफ एवं रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की तत्परता से आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई गई।जानकारी के अनुसार, बालक बी-1 कोच के दरवाजे के पास मिला। टिकट चेकिंग स्टाफ श्री सेवाराम झरिया ने उससे पूछताछ की, जिसमें बालक ने बताया कि उसके माता-पिता नहीं हैं और वह अपनी दादी के साथ रहता है। वह काम के सिलसिले में मुंबई जा रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए वाणिज्य नियंत्रक श्री अमित चंसौरिया ने नरसिंहपुर आरपीएफ को सूचना दी। इसके बाद बालक को आरपीएफ स्टाफ श्री मोहनलाल मिश्रा के सुपुर्द किया गया। रेलवे कर्मचारियों की सजगता, संवेदनशीलता एवं आपसी समन्वय से बालक को समय पर सहायता मिल सकी। पश्चिम मध्य रेलवे ने यात्रियों, विशेषकर बच्चों की सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।



कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं. /स. क्रं.11/168/2026-27
दिनांक:- 09/10/2026
भवन नामांतरण सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अक्षय पवार पिता श्री डी.आर. पवार ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चंद बनर्जी के भवन क्रमांक 8/4 अंकुर अपार्टमेंट ब्लाक नं. 19 फ्लेट नं. 102 समपत्ति के पिन क्रमांक 1000400071 भूतल 800 वर्गफुट विक्रय पत्र, निगम में दर्ज श्री मोहन लाल खरे पिता दरबारी लाल खरे का नाम का नाम हटाये जाने एवे आवेदक का नाम परिवर्तन किये जाने जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11,
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं. /स. क्रं.11/2026-27
दिनांक:- 14/10/2026
भवन नामांतरण सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति शीतल गुजराल पति री सुमित गुजराल ने वार्ड क्रमांक 67 रानी अबंती बाई के प्लाट नं. 30 राजुल टाउनशिप तिलहरी समपत्ति के पिन क्रमांक 1004501599 पर भूमि का क्षेत्रफल 1354 वर्गफुट जिस पर निर्मित भूतल 1030 वर्गफुट प्रथम तल 1030 वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमति शीतल गुजराल पति श्री सुमित गुजराल का नाम हटाये जाने एवे आवेदक का नाम परिवर्तन किये जाने जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11,
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं. /स. क्रं.11/2026-27
दिनांक:- 14/10/2026
भवन नामांतरण सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राजकुमार जसूजा पिता श्री प्रीतमदास जसूजा ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चंद्र बनर्जी के मकान क्रमांक 1779/एस एफ 306 कृष्णा आपर्टमेंट समपत्ति के पिन क्रमांक 100400565 पर द्वितीय तल 635 वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री/ श्रीमति सुनील देव पिता/ पति विश्वनाथ देव का नाम हटाये जाने एवं आवेदक का नाम परिवर्तन किये जाने जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11,
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं. /स. क्रं.11/169/2026-27
दिनांक:- 09/10/2026
भवन नामांतरण सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री विपिन बाबू पिता वदक्केडत मैथुनी लाल ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चंद्र बनर्जी के मकान 554 एस एफ सविता इनक्लेव अम्बा अपार्टमेंट समपत्ति के पिन क्रमांक 100400565 पर द्वितीय तल 1000 वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री/ निशिकान्त कुशवाहा पिता के.पी. कुशवाहा 2. सीमा पटेल पति निशिकांत नाम हटाये जाने एवं आवेदक का नाम परिवर्तन किये जाने जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11,
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 05 नगर निगम, जबलपुर
पत्र.क्रं./स.अधि./सं.क्र.5/2025-26/74
दिनांक:- 14/10/2026
भवन नामांतरण सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सौरभ शर्मा पिता राजेश कुमार शर्मा ने भवन क्रं. 650 वार्ड जवाहरगंज क्षेत्रफल 417 Res रहवासी भूतल 142 व्या. कमर्शियल प्रथमतल 559 रहवासी द्वितीय तल 559 रहवासी विक्रय पत्र/ खसरा न्यायालय डिग्री के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 650 पर नामांतरण हेतु 1. श्री आकाश कुमार 2. अक्षय कुमार 3. अंचल शर्मा पिन क्रमांक 40801352 1000393643 पर जिस किसी को भी उक्त में प्रमाण सहित आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-05 में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.05
नगर निगम, जबलपुर